e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 213
शनिवार
05.08.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
मैं ठीक हूँ ये आप किसी से भी कह सकते हैं मैं परेशान हूँ ये आप हर किसी से नहीं कह सकते..

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

नयनश्री नेत्रालय
आंखों का संपूर्ण इलाज
O.P.D सोमवार से शनिवार सुबह 9 से शाम 4 तक
Dr. Gurcharan Singh
MBBS ,MS(Senior, Eye Consultant )
Fellow LV Prasad Eye Institute , Hyderabad
(Neuro Opthalmology & Pediatric Ophthalmology )
Call: 7707013096
असर्फी हॉस्पिटल, बारामुडी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## रांची का तापमान
अधिकतम 28°
न्युनतम 23°

## क्विक न्यूज

### आदिवासी महोत्सव : झारखण्ड की स्वर कोकिला करेंगी अपने मधुर स्वर से कार्यक्रम की शुरुआत

**रांची :** झारखण्ड रत्न से सम्मानित 14 भाषाओं में अपनी पकड़ रखने वाली 1000 से अधिक म्यूजिक एल्बम्स जिनके नाम। झारखण्ड की स्वर कोकिला कही जाने वालीं मोनिका मुंडू झारखण्ड आदिवासी महोत्सव में अपनी जादुई स्वर से मंत्रमुग्ध करेंगी।1993 के दशक में शुरू हुआ मोनिका मुंडू का नागपुरी संगीत की दुनिया में स्वर्णिम दौर आज भी बदस्तूर जारी है।मोनिका मुंडू ने फोलोरा, नदिया किनारे, न्यारी, हंसा जोड़ी जैसी कई बेहतरीन हिट नागपुरी म्यूजिक एल्बम में अपना स्वर बिखेर चुकीं हैं। इनकी प्रतिभा सिर्फ संगीत तक ही नहीं अपितु अभिनय की दुनिया में भी इन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। झारखण्ड के महेंद्र सिंह धोनी पर बनी फिल्म एम एस धोनी में इन्होंने किरदार निभाया है। इसके अतरिक्त वहीं नागपुरी, बांग्ला, खोरठा, भोजपुरी फ़िल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवाया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका खारिज की

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयुक्त अरुण गोयल की नियुक्ति को चुनौती वाली याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इस आदेश में दखल की ज़रूरत नहीं। नियुक्ति रद्द करनी होती तो संविधान बेंच भी आदेश दे सकती थी।याचिका एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने दायर की थी। उल्लेखनीय है कि दो मार्च को जस्टिस केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय बेंच ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और चीफ जस्टिस की कमेटी के जरिए कराने का आदेश दिया। संविधान बेंच ने नियुक्ति में सरकार की ओर से दिखाई गई तेजी पर सवाल उठाया था। कोर्ट ने कहा था कि एक ही दिन में फाइल को क्लीयरेंस मिलने से लेकर नियुक्ति तक कैसे हो गई। पद तो 15 मई, 2022 से खाली था।



### सुप्रीम कोर्ट में मोदी सरनेम मामले में राहुल गांधी की याचिका पर हुई सुनवाई

# राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरनेम मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मिली सजा के निलंबन की याचिका पर सुनवाई की. इस दौरान कोर्ट ने राहुल गांधी के विरोध में दलीलें दे रहे शिकायतकर्ता पूर्णेश मोदी के वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी से पूछा कि अदालत ने अधिकतम सजा देने के क्या ग्राउंड दिए हैं. कम सजा भी तो दी जा सकती थी. उससे संसदीय क्षेत्र की जनता का अधिकार भी बरकरार रहता.

इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को सुनाई सजा के फैसले पर रोक लगा दी. जब तक अपील लंबित रहेगी, तब तक सजा पर रोक बरकरार रहेगी. कोर्ट के इस आदेश के साथ ही राहुल गांधी की संसद सदस्यता भी बहाल हो गई है. अब वे संसद सत्र में भी हिस्सा ले सकेंगे. कांग्रेस ने ट्वीट कर लिखा- यह नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत है. सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा कि राहुल गांधी की टिप्पणी गुड टेस्ट में नहीं थी. उनका बयान ठीक नहीं था. पब्लिक लाइफ में इस पर सतर्क रहना चहिए. वहीं कोर्ट ने कहा कि निचली अदालत ने अपने आदेश में यह साफ नहीं किया कि अधिकतम सजा की जरूरत क्यों थी ? जज को अधिकतम सजा की वजह साफ करनी चाहिए थी. ये मामला असंज्ञेय कैटेगरी में आता है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दोनों अदालतों ने बड़े पैमाने पर पन्ने लिखे गए, लेकिन राहुल गांधी को अधिकतम सजा क्यों दी, इस पहलू पर विचार नहीं किया गया.

### कोर्ट के आदेश के साथ ही बहाल हुई राहुल गांधी की संसद सदस्यता

#### हाई कोर्ट का आदेश उपदेश जैसा सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गुजरात हाई कोर्ट के न्यायाधीश का आदेश पढ़ने में बहुत दिलचस्प है. उन्होंने इसमें बहुत उपदेश दिया है. वहीं सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि मैं बता दूं कि कई बार कारण न बताने पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा आलोचना की जाती है, इसीलिए हाई कोर्ट ने विस्तृत कारण बताता है. ऐसी टिप्पणियां थोड़ी हतोत्साहित करने वाली हो सकती हैं. वहीं जस्टिस गवई ने कहा- हम जानते हैं कि टिप्पणियां मनोबल गिराने वाली हो सकती हैं, इसीलिए हम उन्हें लिखने में वक्त लेते हैं, जब तक कि यह बहुत स्पष्ट न हो.

#### सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर वायनाड में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

वायनाड (केरल) : केरल के वायनाड लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोदी उपनाम वाली टिप्पणी के संबंध में 2019 के मानहानि मामले में राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का शुक्रवार को स्वागत करते हुए जश्न मनाया. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि लोकसभा सचिवालय जल्द ही राहुल गांधी की संसद सदस्यता को बहाल करेगा. पार्टी कार्यकर्ताओं ने वायनाड के कई इलाकों में मिठाइयां बांटी और शीर्ष अदालत के फैसले का जश्न मनाया.

#### सत्यमेव जयते की जीत : कांग्रेस

सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने प्रेस वार्ता की. इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश भी मौजूद रहे. इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष ने कुछ तल्ख टिप्पणियां की भी, लेकिन राहुल गांधी ने बहुत ही सपाट अंदाज में अपनी बात रखी. उन्होंने इस फैसले को सच की जीत बताया और सभी को धन्यवाद किया, जो इस परिस्थिति में उनके साथ खड़े रहे.बता दें कि, कांग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंस में अभिषेक मनु सिंघवी, अधीर रंजन चौधरी, केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, मलिकार्जुन खड़गे शामिल हुए. खड़गे ने कहा कि आज बड़ा खुशी का दिन है. सत्यमेव जयते,सत्य की जीत हो गई. डेमोक्रेसी की जीत हो गई.उन्होंने कहा कि केवल राहुल गांधी की जीत नहीं है, सारे भारत की जनता की जीत है. सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत. अभी संविधान जिंदा है, न्याय मिल सकता है. यह आम लोगों का जीत है. लोक तंत्र और जनता की जीत है.





### मणिपुर में गोली लगने से दो की मौत

**इंफाल :** मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार को भी कई स्थानों पर गोलीबारी हुई है। इस गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी सहित दो लोगों की मौत हुई है, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। शुक्रवार को एक अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि गुरुवार को इंफाल पश्चिम इलाके में गोलीबारी हुई है। इस घटना में सिर में गोली लगने से एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई, जबकि काउट्रुक, हारोथेल और सेंजाम चिरांग इलाकों में भी अराजकतत्वों और सुरक्षाकर्मियों के बीच गोलीबारी हुई। गोलीबारी में एक सुरक्षा गार्ड सहित दो लोग घायल हुए। इसी बीच, पास की पहाड़ी इलाकों में भी गोलीबारी में एक नागरिक की भी मौत हुई है। मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के कांगवाई और फोगाकचाओ इलाकों में गुरुवार को झड़पें हुईं। इन झड़पों में कम से कम 19 लोग घायल हो गए।उल्लेखनीय है कि 3 मई से राज्य में लगातार हिंसा हो रही है। शासन प्रशासन शांति बहाली के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। राज्य में इंटरनेट सेवाएं अभी निलंबित हैं। आए दिन अलग-अलग इलाकों में झड़पें हो रही हैं। सुरक्षा बल दिन-रात परिस्थिति को नियंत्रित करने के लिए जूझ रहे हैं।

## सीएम से मिला रसोईया-संयोजिका व स्वास्थ्य सेवा संघ का प्रतिनिधिमंडल

*** अपनी मांगों से संबंधित सीएम को सौंपा ज्ञापन**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया,संयोजिका अध्यक्ष संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि राज्य सरकार झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया,संयोजिकाओं को पारा शिक्षक की तर्ज पर स्थायी सेवा शर्त नियम बना कर स्थायी करे, आँगनबाड़ी सेविका,सहायिका के तर्ज पर मानदेय, 5 लाख का निःशुल्क बीमा, साल में 2 साड़ी दिया जाना, सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन लागू किए जाने सहित अन्य मांगों पर विचार करे।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी उचित मांगों पर राज्य सरकार यथोचित कार्यवाही करेगी। इस अवसर पर विधायक विनोद सिंह, सुदिव्य कुमार सोनू, अम्बा प्रसाद, संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजीत प्रजापति, कोषाध्यक्ष अनीता देवी, प्रदेश महासचिव प्रेमनाथ विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

इधर झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सेवा संघ (बड़कागांव प्रखंड, जिला हजारीबाग) के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी सीएम से मुलाकात की। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा।

मुख्यमंत्री के समस्त प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण एवं शहरी सहिया दीदियों को मासिक प्रोत्साहन राशि के बदले वेतनमान, पेंशन का लाभ, सहियाओं के आकस्मिक मृत्यु होने पर 50 लाख रुपए आर्थिक सहयोग दिए जाने सहित अन्य मांगों पर विचार करे। मुख्यमंत्री ने झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सहिया संघ की दीदियों को उनके उचित मांगों पर यथोचित विचार करने का भरोसा दिया। इस अवसर पर विधायक श्री दशरथ गगराई, विधायक सुश्री अम्बा प्रसाद, झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सेवा संघ की सहिया दीदी श्रीमती विमला कुमारी, श्रीमती सीमा देवी, श्रीमती सरस्वती देवी, श्रीमती सुषमा देवी, श्रीमती गीता देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## चला बुलडोजर, 200 झुग्गियां जमींदोज

**एजेंसी**

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मेवात-नूंह में हुए दंगों के बाद अब पुलिस की नींद खुल गई है. पुलिस ने दंगों की शुरुआती जांच के बाद नूंह में रोहिंग्याओं और अवैध घुसपैठियों पर बड़ा एक्शन लिया है. पुलिस ने तावडू रोहिंग्याओं और अवैध घुसपैठियों के अवैध कब्जे पर बुलडोजर चलाया. जांच में सामने आया है कि ये लोग हिंसा में शामिल थे.बताया जा रहा है कि इन रोहिंग्याओं ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की जमीन पर अवैध कब्जा किया हुआ था. इतना ही नहीं शुरुआती जांच में ये लोग हिंसा में शामिल पाए गए. ऐसे में पुलिस ने बुलडोजर से 200 से अधिक झुग्गियां को गिरा दिया.




## हंगामे की भेंट चढ़ गया झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मॉनसून सत्र के आखिरी दिन सदन की शुरूआत फिर भाजपा के हंगामे के साथ हुई. झारखंड राज्य प्रतियोगी परीक्षा विधेयक 2023 और नियोजन नीति पर भाजपा विधायक वेल में धरने पर बैठ गये.इससे पहले वित्तमंत्री रामेश्वर उरांव ने सदन के पटल पर सीएजी की रिपोर्ट रखी. इससे पहले विधायक प्रदीप यादव के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि सरकार राज्य में है. विधानसभा से पारित करके इसे केंद्र को भेजा जाएगा.प्रश्नकाल के दौरान एक सवाल के जवाब में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि अक्सर कहा जाता है कि केंद्र अगर बकाया नहीं देगा तो कोयले की ढुलाई भी बंद की जा सकती है.वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि ऐसा होने से झारखंड को भी हानि होगी.दिल्ली-पंजाब कोयला नहीं जाने से बिजली उत्पादन बंद हो जाएगा, उसका असर हमारे कारखानों पर भी पड़ेगा. प्रदीप यादव द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि 35000 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि केंद्र सरकार और केंद्र सरकार के उपक्रमों के पास बकाया है. इसके अलावा केंद्र प्रायोजित योजनाओं में करीब 22 सौ करोड़ से अधिक की राशि बकाया है.

राज्य सरकार के प्रयास से भूमि अधिग्रहण मद में 2532.55 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं.वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्य सरकार के पास बकाया राशि की वसूली के लिए वैधानिक तरीका मौजूद है.यह भी समझना चाहिए कि केंद्र की कंपनियों पर केस करना चाहिए या नहीं. इसलिए हम नीति आयोग के पास गये. उन्होंने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार और उसके अन्य उपक्रम बकाया राशि को धीरे धीरे लौटाएंगे.

*** जातिगत जनगणना को लेकर सरकार गंभीर आलमगीर आलम**



*** केंद्र से बकाये के लिए कोयला ढुलाई बंद करने की बात गलत वित्त मंत्री**

### सदन में पास हुआ दो विधेयक

रांची : सदन में झारखंड स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय विधेयक 2023 प्रभारी मंत्री बन्ना गुप्ता ने सदन में रखा. जो सदन से पास हो गया. वहीं प्रभारी वित्त मंत्री रामेश्वर झारखंड माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2023 पेश किया. ये विधेयक भी सदन से पास हो गया.

# स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर जिला प्रशासन ने किया समीक्षात्मक बैठक

## स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम में संपन्न होगा मुख्य राजकीय समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को 77 वें स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गयी। उप विकास आयुक्त के सभागार में आयोजित इस बैठक में तय किया गया कि मुख्य राजकीय समारोह का आयोजन पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय के स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम में प्रातः 9:05 बजे किया जायेगा यहां मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा जिसमें विभिन्न अर्धसैनिक बलों की अलग-अलग टूकड़ियां शामिल रहेंगे। इस दौरान उपायुक्त ने पुलिस लाइन स्टेडियम में पूरे कार्यक्रम को लेकर बेहतर व्यवस्था करने, सड़कों पर पर्याप्त बैरिकेडिंग करने एवं मेडिकल टीम की तैनाती करने सहित विभिन्न बिंदुओं पर संबंधितों को निर्देशित किया।बैठक में जिला मुख्यालय में अलग-अलग स्थानों में राष्ट्रीय झंडोत्तोलन करने को लेकर समय निर्धारित किया गया। वहीं बेहतर परेड हेतु संबंधित टूकड़ियों को सम्मानित भी किया जायेगा। **स्वतंत्रता दिवस को लेकर विशेष साफ-सफाई कराने के निर्देश :** उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर पुलिस लाइन स्टेडियम एवं शहर के सभी चौक-चौराहों एवं सभी प्रतिमा मूर्तियों की विशेष साफ-सफाई कराने हेतु नगर निगम के कर्मियों को निर्देशित किया।उन्होंने समारोह के मद्देनजर मुख्य कार्यक्रम स्थल व संपर्क पथों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। मौके पर पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, जनसंपर्क के डिप्टी डायरेक्टर आनंद समेत विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित थे।

# धर्म-जात की नही सिर्फ विकास की बात होनी चाहिए : मुन्ना चंद्रवंशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** बिश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती घासीदाग पंचायत के झाटीनाथ गांव में शुक्रवार को धूमकेड़िया भवन का शिलान्यास हुआ। भवन की आधारशिला भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने रखी.मुन्ना चंद्रवंशी ने कहा कि जात-पात और धर्म-संप्रदाय के राजनीत से क्षेत्र व राष्ट्र का विकाश संभव नहीं है.इसलिए अब सिर्फ विकास की बात होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्ण विकास हेतु पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी जी जान से लगे हुए हैं। जनता के सहयोग और आशीर्वाद से बिश्रामपुर जल्द ही झारखंड का सबसे विकसित विधानसभा होगा। विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को विकाश पुरुष बताते हुए कहा कि विकासशील विश्रामपुर उनके दूरगामी सोच और संकल्प का प्रतिफल है। मौके पर मनोरंजन गुप्ता, विनोद प्रजापति, महेंद्र साहू, सत्यनारायण सिंह, असलम बहादुर सहित कई लोग मौजूद थे।

# विधायक के पहल पर आंगनबाड़ी केंद्रों को उपलब्ध कराया गया नौनिहालों का चावल



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालविकास परियोजना हरिहरगंज अंतर्गत 136 आगनबाड़ी केंद्रों को उपलब्ध हुआ प्रथम तिमाही का चावल जिसे अधिकारियों ने मिलकर गायब कर दिया था। क्षेत्र के विधायक कमलेश कुमार सिंह के पहल पर हरिहरगंज प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों का वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रथम तिमाही का चावल 136 आंगनबाड़ी केंद्रों तक आनन फानन में दिया गया।यह चावल आंगनबाड़ी केंद्रों में तीन से छह वर्ष तक के नामांकित बच्चों को खिचड़ी देने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों को उपलब्ध कराना था। इसके लिए 341.30 क्विंटल चावल आवंटित किया गया था। परंतु चावल किसी भी आंगनबाड़ी केंद्र को नहीं दिया गया था। इस मामले को विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विभागीय मंत्री रामेश्वर उरांव के समक्ष उठाया था। जिसपर उपायुक्त ने जांच दल का गठन कर जांच कराया था। जांच रिपोर्ट में आवंटन के बावजूद आंगनबाड़ी केंद्र को चावल नहीं देने का खुलासा हुआ। विधानसभा में विधायक ने खाद्यान्न गबन करने संबंधी आवाज जोरदार ढंग से उठाने का काम किया था।विधायक के सवाल उठने के बाद विभाग सक्रिय हुआ तथा सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया। इस मामले में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ राज्य सरकार को प्रतिवेदन भेजा गया है। आनन फानन में खाद्यान्न उपलब्ध कराने के समय बीडीओ जयप्रकाश नारायण, सीओ वासुदेव राय, एडीएसओ निर्मल कुमार सिंह, एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता सहित आंगनबाड़ी सेविकाऐं मौजूद थे।

## करोड़ों की लागत से बदलेगी नगर उंटारी रेलवे स्टेशन की सूरत

# प्रधानमंत्रीं नरेंद मोदी ऑन लाइन करेंगे सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** जल्द ही 27 करोड़ की लसगत से नगर उंटारी रेलवे स्टेशन की सूरत और काया कल्प किया जाएगा। 6 अगस्त को पीएम नरेंद्र मोदी नगर उंटारी रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ ऑनलाइन करेंगे।इसे लेकर नगर उंटारी रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त रेलवे के कई बड़े पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। पीएम मोदी द्वारा किये जाने वाले शुभारंभ कार्यक्रम का बड़े स्क्रीन पर नगर उंटारी के प्लेटफार्म नंबर-1 पर प्रसारण करने की योजना है।नगर उंटारी रेलवे स्टेशन की सूरत बदलने को लेकर रेलवे द्वारा पहले फेज का टेंडर भी जारी कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने अमृत भारत स्टेशन स्किम के तहत देश के प्रमुख रेलवे स्टेशनों की सूरत बदलने, सुंदरीकरण और यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए बजट में प्रावधान किया है। इसी स्किम के तहत नगर उंटारी रेलवे स्टेशन की सूरत बदलने वाली है। रेलवे द्वारा स्टेशन के नवनिर्माण करने के लिए डिजाइन भी तैयार कर लिया गया है। रेलवे स्टेशन का बनने वाला भवन पूरी तरह आधुनिक होगा। इसके अलावे पार्क, प्लेटफॉर्म, फुटओवर ब्रिज, पार्किंग, पेयजल, फूडकोर्ट, प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ाने, यात्री शेड सहित कई कार्य किया जाना है। रेलवे के इस निर्णय से स्थानीय लोगो मे हर्ष व्याप्त है।

# भाजपा मंडल के पदाधिकारियों ने वज्रपात से मृत लोगों के परिजनों से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** भाजपा मंडल के पदाधिकारियों ने नवाटोली कॉलोनी में बिते शनिवार वज्रपात से मृत लोगों के परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और पीड़ित परिवार के प्रति शोक व्यक्त किया मौके पर उपस्थित सांसद प्रतिनिधि नीरज शर्मा ने बताया कि इस दुःख की घड़ी में पूरा भाजपा परिवार पीड़ित परिवार के साथ है वज्रपात से हुए मृत्यु पर मिलने वाले मुआवजे की जो भी प्रत्रिया है उसे जल्द से जल्द पूरा कर पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिलाया जाएगा। वही सांसद सुदर्शन भगत ने पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि घटना बहुत ही दुखद है, मेरी पूरी सहानूभूति पीड़ित परिवार के साथ है,स्थानीय प्रशासन से मेरी बात हुई है मेरा प्रयास रहेगा की जल्द से जल्द प्रावधान के अनुरूप पीड़ित परिवार को सरकार से मिलने वाली सभी सुविधाओं को दिलाने का प्रयास करूंगा। सांसद सुदर्शन भगत ने पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि घटना बहुत ही दुखद है मेरी पूरी सहानूभूति पीड़ित परिवार के साथ है, स्थानीय प्रशासन से मेरी बात हुई है मेरा प्रयास रहेगा की जल्द से जल्द प्रावधान के अनुरूप पीड़ित परिवार को सरकार से मिलने वाली सभी सुविधाओं को दिलाने का प्रयास करूंगा। सरकार के द्वारा इस गांव में बने कॉलोनी की हालत अत्यंत दयनीय है पूरा कॉलोनी जर्जर हो चुका हैं जिसको लेकर सांसद महोदय को इस मामले से अवगत कराया जाएगा और कॉलोनी को मरम्मत कराने का कार्य किया जाएगा वहीं भाजपा के पदाधिकारियों के द्वारा नवाटोली कॉलोनी में विभिन्न प्रकार की समस्याओ की जानकारी ली गई और हरसंभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया गया इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोहर बड़ाईक भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष भूषण बैगा, प्रदेश किसान मोर्चा के सदस्य अवधेश प्रताप शाहदेव, अमित किशोर पांडेय, युवा मोर्चा के रवि रंजन गुप्ता,निखिल सिंह, सुदर्शन रोतिया, शिवम् केशरी, रोहित कुमार सहित गांव के लोग मौजूद थे।

# प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापक सह सचिव के साथ बीइइओ ने की मासिक बैठक



**नौड़ीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापक सह सचिव के साथ शुक्रवार के 10+2 हाई स्कूल नामुदाग मे प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी श्री जितवाहन सिंह के अध्यक्षता मे मासिक बैठक आहूत की गई। बैठक के सफल संचालन बीपीओ कृष्णा कांत द्विवेदी ने किया। इस बैठक मे मुख्य रूप से शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति, यू -डायस, अध्यनरत सभी छात्र छात्राओं की आधार सत्यापित, ऑनलाइन छुट्टी, मेनू के अनुसार मध्यान भोजन नियमित संचालित करना, शिक्षण कार्य सुधार करने के लिए सुझाव देते हुए कहा कि शिक्षण कार्य मे लफरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर सीधेतौर निश्चित करवाई किया जायेगा ।साथ ही साथी उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक ससमय विधालय जाये और शिक्षण कार्य करें। इस बैठक मे बीपीओ कृष्णा कांत द्विवेदी, प्रखंड संसाधन सेवी, सभी संकुल संसाधन सेवी, प्रधानाध्यापक सह सचिव रामगोविंद राम, हरे कृष्णा, शिवपूजन कुमार सिंह, बिजय कुमार रवि, जगदीप कुमार राम, सुनील कुमार, अवधेश कुमार राम सहित सभी प्रधनाध्यापक सह सचिव मौजूद थे।

# बीडीओ ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने शुक्रवार को प्रखंड के आधा दर्जन से अधिक मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान केन्द्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मतदान केन्द्र संख्या 211, 212, 213, 214, 215, 216, 217 और220 का निरीक्षण कर मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुबिधा यथा पेयजल, शौचालय, रैंप, विधुत की व्यवस्था आदि का जायजा लिया.मौके पर सम्बंधित मतदान केंद्र के बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

# विद्या विकास समिति ने सरस्वती शिशु मंदिर का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** विद्या विकास समिति झारखंड प्रांतीय समिति की योजना अनुसार अंतर विद्यालय निरीक्षण पूरे प्रांत में चल रहा है इसी क्रम में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला के प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार विश्वकर्मा के द्वारा हरिहरगंज सरस्वती शिशु मंदिर का निरीक्षण किया गया । इस दौरान उन्होंने प्रत्येक कक्षा में जाकर गहन निरीक्षण किया एवं आचार्यों के बीच बैठकर उन्हें और बेहतर करने के लिए दिशा निर्देश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती सरस्वती एवं भारत माता के दीप प्रज्वलन से हुआ। बंदना के पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र प्रसाद द्वारा अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। उन्होंने भैया बहनों के बीच संबोधन में कहा इस विद्यालय का रिजल्ट बेहतर होता है। वहीं शांति पाठ के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई। मौके पर सुनीता कुमारी, अमृता कुमारी, खुशबू कुमारी, मुसर्रत प्रवीण, निखत प्रवीण, प्रिया कुमारी, मोनिका कुमारी, अभय कुमार मिश्र, अंजू कुमारी, प्रियंका कुमारी, मोहन ठाकुर, नीलिमा मेहता, संजय कुमार सिंह, हंसराज गुप्ता उपस्थित थे।

# थाना प्रभारी और मुखिया ने किया मृतक के परिजनों का सहयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत मधुबाना के ग्राम जीतपुर के टोला कोदवरिया निवासी योगेंद्र भुइया की पत्नी रीना देवी का दिन शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे टोले में मायूसी एवं उदासी छा गयी। अभी कुछ दिन पहले ही योगेंद्र भुईया के माता जी का निधन हुआ था जिनका श्राद्ध कर्म अभी पूरा भी नहीं हुआ था की उनके एवं उनके परिवार के ऊपर दुखों का एक और पहाड़ टूट गिरा। इस बात की सूचना जैसे ही पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह को मिला तो उन्होंने मृतक के घर पहुंच मृतक के परिजनों को 5 हजार नगद राशि का सहयोग दिया। साथ ही कहा कि जब तक मैं इस थाने में पदस्थापित हूं यहां के लोग मेरे परिवार की तरह है। हमारी लड़ाई गलत करने वालों एवं अपराधियों के खिलाफ होती है। पिपरा थाना हर पल आपके सहयोग में खड़ा है। वही मधुबाना पंचायत के मुखिया राजेश राजवंशी ने मृतक के परिजनों को 3 हजार का नगद सहयोग दिया एवं कहां की आगे भी हर संभव मदद करने का प्रयास करेंगे किसी भी तरह की कोई आवश्यकता लगे तो निसंकोच संपर्क करें। वह हमेशा पंचायत के लोगों के साथ खड़े हैं। मृतक के एक लड़का एवं चार लड़की है। मौके पर विवेक कुमार बच्चन यादव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# पूर्व विधायक ने क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को लेकर विधानसभा के बाहर दिया धरना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** पूर्व विधायक सह आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता के द्वारा हरिहरगंज-हुसैनाबाद क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों के समाधान को लेकर मानसून सत्र के दौरान रांची में विधानसभा के बाहर गुरुवार को बैनर पोस्टर के साथ धरना दिया। धरना के माध्यम से ज्वलंत मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों ने सराहनीय प्रयास बताया। पूर्व विधायक श्री मेहता ने बताया कि विधान सभा के बाहर धरना के माध्यम से बटाने डैम को दुरुस्त कर जल संचय व्यवस्था सुनिश्चित करने, पलामू में अनियमित बिजली आपूर्ति में सुधार करने और अनावृष्टि को देखते हुए पलामू को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग की है। इस दौरान धरना पर बैठे पूर्व विधायक द्वारा उठाए गए मांगों को आजसू पार्टी के सुप्रीमो सह पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सह विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने उनकी मांगों को जायज ठहराया। इस दौरान उन्होंने पूर्व विधायक को जनहित के मुद्दे विधानसभा में उठाकर आवाज बुलंद करने का भरोसा दिलाया। वहीं उनके इस भरोसे से उत्साहित पूर्व विधायक ने उनका आभार जताया।

# मानवाधिकार के केतार प्रखंड अध्यक्ष ने प्रतिनियुक्त थाना प्रभारी से की शिष्टाचार मुलाकात



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मानवाधिकार न्याय सुरक्षा परिषद के प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने नव प्रतिनियुक्त थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो से शिष्टाचार मुलाकात की मुलाकात के बाद उक्त प्रखंड अध्यक्ष ने थाना प्रभारी को केतार प्रखंड में आने की बधाई दी और उनके द्वारा जनता को निष्पक्ष न्याय की उम्मीद जताई उधर थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने कहा कि मानवाधिकार की रक्षा करना हमारा कर्तव्य संविधानिक अधिकार भी है मानव अधिकार के कार्यकर्ताओं से मिलकर बहुत खुशी होती है समाज में अभी भी लोग मानव के अधिकारो के लडाई लड़ने के लिए तैयार हैं। और जरूरतमंदो की हर संभव मदद कर रहे हैं यह बड़ी बात है। उन्होंने उक्त कार्यकर्ताओं से अधिकार के लिए साथ मिलकर काम करने का भरोसा दिया।

# मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने सभी बीडीओ के साथ किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आगामी 77 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देशभर में मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है इसी निमित कार्यक्रम को जिले में सफलतापूर्वक आयोजन कराने के उद्देश्य से उपायुक्त शशि रंजन ने वर्चुअल रूप से जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ बैठक की।उपायुक्त ने कहा कि यह अभियान 9 से 15 अगस्त तक चलाया जायेगा। इस दौरान सभी बीडीओ अपने सभी पंचायत से मिट्टी एकत्रित कर उस मिट्टी के लोटे को जिला भेजना सुनिश्चित करें। वहीं 15 अगस्त के दिन जिले के सभी अमृत सरोवरों के पास ध्वजारोहण हो, सभी बीडीओ यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिलाफलकम स्थापित किया जाना है। इसपर आजादी के अमृत वर्ष के विजन प्रदर्शित होगा। वसुंधा वंदना कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत वृक्षारोपण से संबंधित कार्य भी किया जाना है सहित अन्य कई तरह के कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाना है। उपायुक्त ने कहा कि यह कार्यक्रम की सफलता के लिए जनसहभागिता की आवश्यकता है अतः सभी पदाधिकारी अपने क्षेत्र में इसका व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें। वर्चुअल मीटिंग में ऑनलाइन मोड के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बिश्रामपुर जिला पार्षद विजय रविदास अपने दर्जनों समर्थकों के साथ भाजपा में हुए शामिल

**➲प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभी का पार्टी में किया स्वागत, अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** बिश्रामपुर के जिला पार्षद विजय रविदास शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख रम्भा कुमारी सहित अपने दर्जनों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए.इसके लिए भाजपा के प्रदेश कार्यालय में मिलन समारोह का आयोजन किया गया था.समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभी का पार्टी में स्वागत किया.श्री मरांडी ने जिला पार्षद विजय रविदास व प्रखंड प्रमुख रम्भा कुमारी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया। मौके पर वरीय भाजपा नेता प्रवीन सिंह भी मौजूद रहे.बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विजय रविदास के पार्टी में आने से भाजपा बिश्रामपुर में ही नही बल्कि पूरे पलामू जिला में और मजबूत हो गई.इसका सीधा फायदा पार्टी को आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मिलेगा.उन्होंने पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों को संगठन को और मजबूत करने में जुट जाने को कहा.विजय रविदास ने कहा कि मैं पहले भी वर्षों से भाजपा में था और यह मेरी घर वापसी है.भाजपा का नीति सिद्धांत मेरे रग रग में बसा हुआ है और बाबूलाल मरांडी में मेरी पूरी आस्था है.भाजपा में शामिल होने वालों में धर्मेंद्र सिंह धीरू, प्रदीप चौधरी, गोपाल सिंह खरवार, राजकुमार सिंह खरवार, राजेश्वर सिंह खरवार, सुदेश सिंह खरवार, अमन राज, अशोक सिंह, किशोर राम, हरेंद्र राम, सूर्यदेव चौधरी, केदार चौधरी, जितेंद्र चौधरी, अवधेश सिंह, संजय सिंह, बीरेंद्र सिंह, सोनू राम,संतोष राम, रवि रंजन, मूलालाल पासवान, श्रीकांत कुमार,अशोक राम, बौद्ध भुइंया, मनोज चंद्रवंशी, रामनाथ विश्वकर्मा, अनिरुद्ध सिंह, दिलीप सिंह, धीरेंद्र सिंह, विनय राम, संतोष प्रजापति, रामदेव यादव, उमेश राम, रविकांत साहू, रोहित गुप्ता, खुर्शीद अंसारी, छोटन यादव, बबिता देवी, विपिन गुप्ता, बच्चू सिंह खरवार, सुरेश सिंह, मनोज कुमार रवि, मनोज पासवान, र माशीष चौधरी, जिकेश पाल, सुरेंद्र चौधरी, दिलीप चौधरी, अखिलेश चौधरी आदि का नाम प्रमुख है।

# स्वास्थ्य विभाग ने किया स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत क्षेत्र के पुरना नगर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित अनुमंडलीय अस्पताल के डॉ कैसर आलम ने बच्चों को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी विस्तार से दिया। शिविर में विद्यालय के 78 छात्र छात्राओं का गहन स्वास्थ्य जांच किया गया.शिविर में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अविनाश कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरिता देवी, शिक्षक उमाकांत सिंह, चंचला कुमारी, शोभा कुमारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व अभिभावक उपस्थित थे।

# ब्रह्मभोज कार्यक्रम के लिए किया गया आर्थिक सहयोग

**विशुनपुरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के ग्राम हुरही निवासी सत्यम विश्वकर्मा ( उम्र 09 वर्ष ) को ब्रह्मभोज कार्यक्रम के लिए सहयोग किया गया। विदित हो कि सत्यम के पिता का देहांत बहुत पहले हो चुका है तभी से सत्यम का लालन-पालन से लेकर पढ़ाई लिखाई तक का खर्च बाबा हरकेश्वर विश्वकर्मा जी उठाते आ रहे थे। लेकिन हरकेश्वर विश्वकर्मा जी का निधन हो जाने से अब सत्यम के सर से बाबा का छाया छीन गया। अब सत्यम का पढ़ाई-लिखाई का खर्चा कौन उठाएगा? इस खबर को विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र दीक्षित ने विधायक भानु प्रताप शाही को सूचित किया। तभी विधायक ने दरियादिली दिखाते हुए सत्यम विश्वकर्मा को ब्राह्मभोज के लिए आर्थिक सहयोग किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सह मण्डल महामंत्री कृष्णा विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि सह अनुसूचित जाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक पासवान, विधायक प्रतिनिधि सह जिला सोशल मिडिया प्रभारी जितेंद्र दीक्षित, मण्डल मंत्री दिनेश चंद्रवंशी, पतिहारी पंचायत संयोजक संजय यादव, भाजपा नेता शिवकुमार यादव, सतीश चंद्रवंशी, अनिल राम चंद्रवंशी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कुएं में मिला शव



**रांची :** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास स्थित कुएं से पुलिस ने शुक्रवार को एक युवक का शव बरामद किया है। युवक की शिनाख्त मोहम्मद तौसीफ अंसारी उर्फ बाबू के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद कुएं से युवक का शव निकाला। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। बताया जा रहा है कि युवक नशे का आदी था। गुरुवार रात कुएं में कूद गया था। थाना प्रभारी बृज कुमार ने बताया कि पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### प्रभाकर पांडेय को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत



**रांची :** एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शुक्रवार को हथियार आपूर्तिकर्ता लालू उर्फ प्रभाकर पांडेय को पेश किया गया। अदालत ने उन्हें 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया। प्रभाकर पांडेय पर नक्सली संगठन और आपराधिक गिरोहों को हथियार और गोली आपूर्ति का आरोप है। झारखंड एटीएस ने छापेमारी कर बिहार के नवादा जिले से लालू पांडे उर्फ प्रभाकर पांडेय को गुरुवार को गिरफ्तार किया था। इससे पूर्व एटीएस ने लालू उर्फ प्रभाकर का मेडिकल जांच कराया और कोर्ट में पेश किया। आरोपित पक्ष से अधिवक्ता बीरेंद्र प्रताप अदालत में मौजूद रहे।

# अपराधिक घटना को अंजाम देकर बच नहीं सकते, गिरफ्तारी सुनिश्चित है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** यदि कोई यह सोच रहा है कि मेरे नाम कोई अपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। पुलिस प्रशासन व समाज की नजरों में भी साफ सुथरा छवि है । और आप अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे देते हैं, तो भूल जाइए कि आप बच जाएंगे । आप की गिरफ्तारी सुनिश्चित है । कुछ इसी तरह की घटना को अंजाम देने वाले कई अपराधियों की गिरफ्तारी पहले भी हो चुकी है और फिर सुभाष मुंडा हत्याकांड में शामिल तीन आरोपियों को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें बीते 26 जुलाई 2023 को नगडी थाना क्षेत्र के दलादली चौक के नजदीक माकपा नेता सुभाष मुंडा को उनके कार्यालय में घुसकर अपराधियों ने गोली मार दी थी। इस घटना में सुभाष मुंडा की मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने घटना को सप्ताह भर के अंदर ही सुलझाने में सफल हो गई है। तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है ।

### पकड़े गए तीनों पर नहीं मामला दर्ज

सबसे बड़ी बात है कि गिरफ्तार तीनों अपराधियों के ऊपर इस घटना के पूर्व में किसी भी अपराधिक घटनाओं में संलिप्तता नहीं बतायी जा रही है। इतना ही नहीं मृतक सुभाष मुंडा के बहुत करीबी में से एक था विनोद कुमार कन्हैया जो बाद में सुभाष मुंडा के प्रतिद्वंदी छोटू खलखो जो पूरे घटना का मास्टरमाइंड है, उसी बहकावे पर छोटू खलखो के साथ आ गया और इसका एक और साथी अभिजीत कुमार पाडी तीनों ने इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने तीनों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि सबसे बड़ी बात है कि घटना वाले दिन में सड़क जाम, तोड़फोड़ करने के दौरान भीड़ में अभिजीत कुमार पाडी,छोटू खलखो, विनोद कुमार भी शामिल था, ये लोग सोचा कि पुलिस को दिग्भ्रमित कर देंगे, लेकिन पुलिस ने तकनीकी शाखा की मदद से गिरफ्तार करने में सफल रही वहीं शूटर फरार है , लेकिन पुलिस ने यह पता लग लिया है कि वो कौन और कहां है, लोकल शूटर है।

### क्यों दिया घटना को अंजाम

पूरा घटना के पीछे जमीन विवाद सामने आया है । दलादली मौजा



स्थित 119 डिसमिल के भूखंड के स्वामित्व को लेकर लालगुटवा के रहने वाले जमीन कारोबारी छोटू खलखो उर्फ छोटू उरांव के साथ था । इससे पहले भी 90 डिसमिल जमीन जो छोटू खलखो के द्वारा एग्रीमेंट किया गया था, उस पर भी मृतक सुभाष मुंडा का विवाद चल रहा था । इसके अलावा एक और जमीन थी उसमें रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। किसी भी जमीन में काम करने पर कोई रोक-टोक करता तो वह था सुभाष मुंडा, इसलिए छोटू ने सुभाष मुंडा को अपने रास्ते से हटाने के लिए सुभाष मुंडा का बहुत ही करीबी सहयोगी विनोद कुमार उर्फ कन्हैया को 119 डिसमिल जमीन पर कब्जा करने के लिए विनोद कुमार उर्फ कन्हैया को आधा हिस्सा देने का प्रलोभन देकर उसे अपने पक्ष में किया और फिर सुभाष मुंडा के हत्या की साजिश रचने लगे। इसके बाद छोटू खलखो ने अपने सहयोगी मित्र कुख्यात अपराध कर्मियों से संपर्क किया 15 लाख रुपए और 10 डिसमिल जमीन देने का लालच दिया। जिसमें बबलू पासवान का नाम आया है या सिमडेगा का रहने वाला है और पहले भी कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है। घटना को अंजाम देने से पहले ही विनोद कुमार कन्हैया द्वारा अपराधी को 6 डिसमिल जमीन और 3 लाख और छोटू खलखो के द्वारा एक लाख अग्रिम राशि के रूप में ,इसके अलावा 7.65 एमएम देसी पिस्टल भी उपलब्ध कराया और फिर 2 शूटर । छोटू खलखो और विनोद कुमार के सहयोग से घटनास्थल की रेकी भी की गई। वहीं बसंत की गतिविधियों पर भी पुलिस छानबीन कर रही है।

### जमीन एक मालिक कई

नगडी थाना क्षेत्र के दलादली, लालगुटवा के आसपास वर्तमान में कम से कम 5 लाख रुपए प्रति डिसमिल जमीन की कीमत आंकी जा रही है । अब इसी से अंदाजा लगा सकते कि 119 डिसमिल की कीमत क्या होगी ? दस करोड़ से अधिक रुपए की खातिर सुभाष मुंडा की हत्या हुई है। इतना ही नहीं कुछ ऐसे भी जमीन थी जिस पर सनिचरा उरांव, एतवा उरांव अपना बताता , वहीं दूसरी ओर बिगवा उरांव भी दावा करता था इन सबको छोटू मदद करता तो तीसरा व्यक्ति विष्णु मुंडा भी कहता था कि जमीन उसके नाम से है, और विष्णु मुंडा का सहयोग सुभाष मुंडा करता था। इस तरह से जमीन को विवादित कर दिया जाता था और फिर वर्चस्व की लड़ाई शुरू होती थी। इस जमीन से जुड़े कई और लोग भी इस मामले में शामिल हो सकते हैं, पुलिस पूरी तरह से छानबीन कर रही है।

### पुलिस ने बरामद किया हथियार

इस पूरे मामले का उद्भेदन पुलिस द्वारा कर लिया गया और उनके पास से कई हथियार भी बरामद किए गए हैं । एक काला रंग का .22 लोडेड रिवाल्वर, एक काला रंग का पंप एक्शन शॉटगन, एक काला रंग का टेलीस्कोप लोडेड 30.06 स्पोर्टिंग राइफल, हत्या के वक्त उपयोग किए गए 7.65 लोडेड एक देसी पिस्टल,जेएच 05बीवाई 7 986 टोयोटा फॉरचूनर गाड़ी और चार मोबाइल फोन बरामद किया गया।

### इस पूरे छापेमारी दल में

यातायात पुलिस अधीक्षक सह ग्रामीण एसपी प्रभार हारिस बिन जमॉ, सिटी एसपी सुभांशु जैन, मुख्यालय द्वितीय डीएसपी प्रवीण कुमार, रातू थाना प्रभारी सपन कुमार महथा, सदर पश्चिमी अंचल राजकुमार यादव , नगरी थाना प्रभारी रोहित कुमार , पुनदाग ओपी प्रभारी विवेक कुमार , सुखदेव नगर थाना पुलिस अवर निरीक्षक रजनी कुमार, शाह फैसल सअनि प्रभारी तकनीकी शाखा,बालेंद्र कुमार सहायक अवर निरीक्षक तकनीकी शाखा ,अजमत अंसारी , प्रवेश कुमार पासवान एवं पुलिस अधीक्षक क्यूआरटी की टीम शामिल थी।

# पति-पत्नी और वो के चक्कर में अधिवक्ता पति की हुई पिटाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के सिविल कोर्ट में अधिवक्ता नईमुद्दीन के साथ उनकी दोनों पत्नियों ने मारपीट कर दी। बताया जा रहा है कि नईमुद्दीन ने दो शादियां की थी और दोनों का मामला महिला थाना में चल रहा है। एक महिला पत्नी अधिवक्ता है और दूसरी पत्नी हाउसवाइफ है। इस मामले को लेकर दोनों का सिविल कोर्ट में बहस चल रही थी ।इसी बीच पति पत्नी के बीच मारपीट हो गयी। पति नइमुद्दीन ने अपनी अधिवक्ता पत्नी को ही मारपीट करने लगा, या देख बाकी अधिवक्ताओं को खराब लगा के पति द्वारा महिला को मारा पीटा जा रहा है। तब वे लोग भी ने नइमुद्दीन के मारपीट शुरू कर दी। हालांकि इस मामले को लेकर पूरे सिविल कोर्ट में हाय तौबा मचा हुआ था । काफी देर तक हंगामा भी हुआ। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है । बताया जा रहा है कि पति पत्नी और वो के चक्कर में अधिवक्ता पति की पिटाई हो गई।

# अंबा प्रसाद ने जलसहिया संघ की समस्याओं के साथ मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यों को ग्राम स्तर पर सम्पादित करने वाली हजारीबाग जिले के जलसहिया ने बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मुलाकात की । प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से अपनी बात रखते हुए कही की विगत 10-12 वर्षो से लगातार प्रत्येक कार्यो को करते आ रहे है, जिसमें कई प्रकार की समस्याओं एवं चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं एवं चुनौतियों को मद्देनजर जल सहिया संघ द्वारा दस



सूत्री मांगो को लेकर मुख्यमंत्री झारखण्ड सरकार से अपनी बात को रखी । अंबा प्रसाद ने कहा कि जलसहिया लोगो की मांग को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मुलाकात की है। इस मामले में सरकार के द्वारा सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया गया है।मौके पर मुख्य रूप से रेखा देवी, शुभम् सिंह,बिमला देवी, निलम देवी, सरीता देवी मौजूद थे।

# राहुल गांधी की सजा पर रोक सत्य और न्याय की जीत : मंत्री बन्ना गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मोदी उपनाम से संबंधित टिप्पणी के मामले में कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने के आदेश का स्वागत करते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि यह सत्य और न्याय की जीत हुई है, हमारे नेता राहुल गाँधी जी देश की जनता की आवाज है जिसे केंद्र सरकार चाहे जितनी भी षड्यंत्र कर ले दबा नहीं सकती है। गौरतलब है कि अपने ऐतिहासिक फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने मोदी उपनाम से जुड़ी टिप्पणी को लेकर 2019 में दायर आपराधिक मानहानि मामले में राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगा दी है।

मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि आज का दिन लोकतंत्र को समर्पित है, राहुल गांधी जी की दोषसिद्धि पर रोक लगाने वाले सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का देश की जनता स्वागत करती हैं।

यह सत्य की जीत है, विश्वास की जीत है, दृढ़ निश्चय और आत्म सम्मान की जीत है, लोकतंत्र की जीत है, न्याय की जीत है, अब स्पष्ट है कि कोई भी तानाशाही ताकत जनता की आवाज को दबा नहीं सकती। नफरत, डर और अन्याय के विरुद्ध अब आइएनडीए की आवाज बुलंद हो रही है।

# प्रदेश कांग्रेस ने निकाला विजय जुलूस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राहुल गांधी के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को अलबर्ट एक्का चौक तक विजय जुलूस निकाला। विजय जुलूस में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता हाथों में झंडे लिए थे। इस दौरान आम लोगों को लड्डू खिलाकर खुशी मनाई गई। विजय जुलूस के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने




कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का फैसला सत्य और न्याय का पुष्टि करने वाला है। भाजपा की पूरी मशीनरी के निरंतर प्रयासों के बावजूद हम न हार मानने, न झुकने, न दबने वाले हैं। हमें न्याय प्रक्रिया में पूर्ण विश्वास है। उन्होंने कहा कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने वाले राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी की जीत है। सुप्रीम कोर्ट ने जो आदेश दिया है उससे यह साफ प्रतीत होता है सत्य परेशान हो सकता लेकिन पराजित नहीं। आज का दिन खुशी का दिन है। राहुल गांधी के खिलाफ साजिश नाकामयाब रही। विजय जुलूस में शामिल होने वालों में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, अनादि ब्रह्म, ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह, केशव महतो कमलेश, राकेश सिन्हा सहित अन्य शामिल थे।

# एटीएस ने कुख्यात अपराधी प्रिंस खान गिरोह के दो अपराधी को किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आंतकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने कुख्यात अपराधी प्रिंस खान गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में डिम्पी उर्फ दानिश मल्लिक और तनवीर तस्लीम उर्फ किशन खान शामिल है। दोनों को धनबाद पुलिस के सहयोग से एटीएस ने गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से पांच मोबाईल फोन बरामद किया गया है। शुक्रवार को झारखंड पुलिस प्रवक्ता सह आईजी अभियान एवी होमकर ने बताया कि



पुलिस मुख्यालय की ओर से दिये गये आदेश पर एटीएस लगातार कार्रवाई कर अपराधियों को गिरफ्तार कर रही है। इसी क्रम में एटीएस ने प्रिंस खान गिरोह के मुख्य सदस्य डिम्पी उर्फ दानिश मल्लिक को गिरफ्तार किया है। डिम्पी धनबाद के जमीन व्यवसायी शहजादा खान तथा नन्हें खान हत्याकांड का मुख्य आरोपित है। इसके जरिये प्रिंस खान गिरोह के वसूले गये रंगदारी के पैसों का निवेश जमीन व्यवसाय और हथियार खरीदने में किया जा रहा था। इसके खिलाफ धनबाद में अलग-अलग थाने में तीन मामले दर्ज है।

# प्रदीप यादव ने झारखंड का केंद्र के पास 35,000 करोड़ से अधिक बकाया धनराशि का मुद्दा उठाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के छठे और अंतिम दिन शुक्रवार को विधायक प्रदीप यादव ने सदन में सवाल उठाया कि राज्य सरकार का केंद्र के पास करीब 35000 करोड रुपये बकाया है।

बार-बार यह राशि केंद्र से मांगी जा रही है लेकिन नहीं मिलने के कारण राज्य में विकास का काम बाधित है। उन्होंने पूछा कि सरकार बकाया राशि वसूली के लिए क्या कोशिश कर रही है, जो कोशिश हो रही है क्या वह काफी है। क्या सरकार ने पता लगाया है कि सिर्फ भाजपा शासित राज्यों का ही पैसा केंद्र रोक कर रखती है।

इसपर वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने सदन को बताया कि राज्य सरकार का 35000 करोड़ रुपये से अधिक राशि केंद्र सरकार और केंद्र सरकार के उपक्रमों के पास बकाया है। इसे प्राप्त करने के लिए विभागीय प्रयास के अलावा राज्य सरकार नीति आयोग और पूर्वी क्षेत्र परिषद की बैठक में यह मामला उठाती रही है। राज्य सरकार के प्रयास से भू अधिग्रहण मद में 2532 करोड रुपये प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा केंद्र प्रायोजित योजनाओं में 2200 से अधिक की बकाया राशि है। इसके लिए संबंधित विभागों द्वारा केंद्र सरकार के संबंधित मंत्रालयों से पत्राचार किया गया है।

रामेश्वर उरांव ने सदन में बताया कि अगर केंद्र पैसे नहीं दे रही है तो राज्य सरकार केंद्र की कंपनियों पर सर्टिफिकेट केस कर सकती है लेकिन केस करना उचित नहीं होगा। 2019 के बाद से 25 हजार करोड़ अब तक कोल मिनिस्ट्री ने राज्य को दिए हैं।

इससे यह मान लेना चाहिए कि हमें पैसे मिलेंगे।

# आईफा इंटरनेशनल ने किशोर कुमार की जयंती मनाई

**रांची।** आईफा इंटरनेशनल रांची में पार्श्वगायक किशोर कुमार का जयंती मनाया गया। रांची म्यूजिकल ग्रुप के सदस्यों ने पुष्पांजलि दी। आईफा इंटरनेशनल के निदेशक मोहम्मद साबिर हुसैन ने किशोर कुमार की तस्वीर बनाई तथा माल्यार्पण किया। इस कार्यक्रम में भावना प्रिया ,गणेश तिर्की, और और रांची म्यूजिकल ग्रुप के तबरेज अंसारी, ऐनुल हक, इरफान, इम्तियाज, तथा शाहनवाज शामिल थे। इस कार्यक्रम में किशोर कुमार द्वारा गाए हुए गीत सभी सदस्यों के द्वारा गाया गया।

# आशा लकड़ा ने सिलाई प्रशिक्षण केंद्र पर महिलाओं से मिलकर हौसला बढ़ाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सन्मार्गम फाऊंडेशन रांची के द्वारा संचालित सेंट्रल कोल्ड फील्ड्स लिमिटेड की सीएसआर योजना स्वरोजगार से महिलाओं की आजीविका सृजन को लेकर सिलाई, रेडीमेड वस्त्र निर्माण संबंधी प्रशिक्षण केंद्र पर प्रशिक्षण ले रही महिलाओं से निवर्तमान महापौर डा आशा लकड़ा ने संवाद कर उन्हे आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सन्मार्गम फाऊंडेशन एवं दिव्यम ड्रीम फाऊंडेशन की यह पहल सराहनीय है। महिलाओं द्वारा बने



कपड़ा को देखकर कहा की आप सभी प्रशिक्षण ले रही महिलाएं एक साथ कपड़ा बनाइए और स्टॉल लगाकर बेचिए । आप एक सक्सेसफुल बिजनेस वूमेन बन सकती हैं। कार्यक्रम में किसान मोर्चा के मंत्री राजेश साहू ने कहा कि फाउंडेशन ने पहले भी समाज के लिए बेहतर कार्य किया है ।सांसद प्रतिनिधि कुमुद झा ने कहा कि सीसीएल और सन्मार्गम फाउंडेशन आप सभी को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रयास कर रही है । सन्मार्गम फाउंडेशन के सचिव सिद्धार्थ त्रिपाठी ने कहा कि योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण की अवधि समाप्त होने वाली है। महिलाएं सिलाई सीखने के बाद एक से बढ़कर एक डिजाइन के कपड़े जैसे पटियाला, सलवार,समीज, गाउन, लहंगा डिजानियर ब्लाउज इत्यादि बनाना सीख गई है। फाउंडेशन के अध्यक्ष रौशन कुमार ने कहा कि महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना रोजगार खोल सकती हैं ओर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती हैं। मौके पर फाउंडेशन के ट्रेनर रेणु पॉल ,रश्मि कुमारी,दिवांशी त्रिपाठी तथा प्रशिक्षण ले रही सभी महिलाएं उपस्थित थी।

# विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी महोत्सव-2023 की तैयारियां पूरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पुराने जेल चौक स्थित भगवान बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान सह संग्रहालय में झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 की तैयारी भव्य तरीके से चल रही है। विश्व आदिवासी दिवस (09 अगस्त) पर आयोजित किए जाने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का राजीव अरुण एक्का, प्रधान सचिव कल्याण विभाग झारखंड सरकार जायजा लेने पहुंचे।

प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का ने झारखंड आदिवासी महोत्सव की तैयारी को लेकर पूरे कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मुख्य कार्यक्रम स्थल, प्रदर्शनी, फूड कोर्ट, सेमिनार, पार्किंग, वीआईपी लाउंज, लाइट एंड साउंड शो तथा फिल्म फेस्टिवल के लिए चयनित स्थल, प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था आदि के लिए की जारी रही तैयारियों का जायजा लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारी एवं इवेंट मैनेजमेंट टीम आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

**कार्यक्रम को लेकर प्रचार वाहनों को भी किया गया रवाना**

इस वर्ष झारखंड आदिवासी महोत्सव और भी भव्य तरीके से



मनाने की तैयारी है, कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान से प्रचार रथ भी रवाना किया गया। इसके माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को कार्यक्रम की जानकारी देने के साथ-साथ महोत्सव में उपस्थित होने का आग्रह भी किया जायेगा।

इस दौरान उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा, अपर सचिव, आदिवासी कल्याण अजय नाथ झा, टीआरआई निदेशक रणेन्द्र कुमार, निदेशक आईटीडीए सुधीर बाड़ा, जिला कल्याण पदाधिकारी, संगीता शरण, खूंटी डीपीआरओ सैयद राशिद अख्तर, डीपीआरओ रांची डॉक्टर प्रभात शंकर, इवेंट मैनेजमेंट टीम के सदस्य एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रिम्स के मॉड्यूलर ओटी खरीदारी में गड़बड़ी की जल्द होगी जांच : स्वास्थ्य मंत्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के छठे और अंतिम दिन शुक्रवार को विधायक सरफराज अहमद ने सदन में सवाल उठाया कि रिम्स के न्यूरो सर्जरी विभाग में 12 मॉड्यूलर ओटी (ऑपरेशन थिएटर) की खरीदारी में गड़बड़ी हुई है। इसके कारण राजस्व को करीब 25 करोड़ का नुकसान हुआ है। इस मामले की विभागीय जांच के लिए तीन सितंबर, 2022 को एक जांच समिति का गठन किया गया था लेकिन जांच समिति की ना कोई रिपोर्ट आयी और ना ही इस पर कोई कार्रवाई हुई। इसपर सरकार की ओर से जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि रिम्स के न्यूरो सर्जरी विभाग के लिए टेंडर के जरिए दो मॉड्यूलर ओटी की खरीदारी की गयी थी। यह सही है कि जांच के लिए तीन सितंबर, 2022 को समिति का गठन किया गया था लेकिन इस समिति के




सदस्य डॉ हिमांशु भूषण बरवार के आकस्मिक निधन हो गया, जिसके बाद 15 जून, 2023 को जांच समिति का पुनर्गठन किया गया है। मंत्री ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द जांच कराकर इस मामले में सदन को अवगत करायेंगे।

## मजदूर नेता ने असंगठित कामगार के स्वजनों को दी सहायता

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने लंबा धौड़ा निवासी असंगठित कामगार मुकेश चौधरी के स्वजनों को मदद दिया है. पिछले दिनों मुकेश की मृत्यु एक सड़क दुर्घटना में हो गई.वह चेन्नई में मशीन आपरेटर का काम करता था. जानकारी मिलने पर अब्दुल्ला अंसारी अपने सहयोगियों के साथ उसके लंबाधौड़ा स्थित आवास पर गए और परिवार वालों को ढाढस बंधाया.उन्हें खाद्य सामग्री दी और आगे भी सहयोग का भरोसा दिया. इस दौरान एनके एरिया के इंटक नेता सुनील सिंह व सोनू पांडेय के अलावा असंगठित कामगार अमजद खान, अफजल अंसारी, मैनुद्दीन अंसारी, कुंदनकुमार साव, संदीप कुमार, अनिल साव, अशोक सिंह, मिथुन राणा, अरविंद कुमार, महमूद अंसारी, विजय सिंह, प्रवीण सिंह आदि उपस्थित थे।

## जड़ी-बुटी दिवस का आयोजन

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतंजलि योग पीठ द्वारा सूरज बीज भंडार टाटीसिल्वे बाजार में जड़ी- बुटी दिवस पतंजलि योग पीठ के बलभ कृष्णन जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गिलोय, लिमोन ट्री, गेंदा, तुलसी, निम,हरजोरा, पत्थरचट्टा, पपीता इत्यादि के सैक्डो पौधे निशुल्क बाटे गए । इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से सिल्वे मुखिया नूतन पाहन, टाटी पूर्वी मुखिया कृष्णा पाहन,योग समिति जिला प्रभारी जन्मजय महतो, पतंजलि प्रखण्ड प्रभारी विजय कुमार महतो, गोविंद महतो, अमित कुमार मिश्रा, सी पी तिवारी इत्यादि गण मान्य के अलावे ग्रामीण उपस्थित थे।

## टाटीसिल्वे थाना ने किया सराहनीय कार्य

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़ाम पंचायत के बड़ाम निवासी राजेश कश्यप पिता बुधराम कश्यप का पुत्र पिछ्ले एक वर्ष से बिना बताये घर से निकल कर चला गया था, इसके बाद उनके परिजन काफी परेसान थे। टाटीसिल्वे थाना के प्रभारी महेंद्र करमाली एवम टीम के प्रयास से पंजाब भटिंडा से वापस लाकर उनके परिजन को सौपा गया। उसके बाद सिल्वे, आरा, बड़ाम, टाटी पूर्वी, पश्चमी, महिलोंग के मुखिया गन शांति समिति के सदस्य, समाजसेवी, बुद्धिजीवी ने इस सराहनीय कार्य के लिए थाना प्रभारी एवम उनके टीम को बधाई दी हैं।

## जंगली हाथी से प्रभावित परिवार को झामुमो प्रखंड व केन्द्रीय समिति के सदस्यों ने खाद्य सामग्री व तिरपाल उपलब्ध कराया

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो प्रखंड व केन्द्रीय समिति के सदस्यों ने शुक्रवार को कर्रा प्रखंड के जंगली हाथी प्रभावित गोविंदपुर एवम जरियागढ़ पंचायत के ग्राम गुस्सा टोली, एवं सिमतिमड़ा गांव का भ्रमण किया गया. जिसमें हाथी से प्रभावित लाभुकों से मिलकर समस्यों से अवगत हुए, एवम तत्काल सहायता पहुंचाते हुऐ भुक्तभोगी परिवार के बीच तिरपाल एवम खाने का सामग्री की व्यवस्था कराया गया. साथ ही साथ सरकारी मदद भी दिलवाने का भरोसा दिलाया गया. जिसे लेकर वन विभाग के अधिकारी से झामुमो केन्द्रीय सदस्य मकसूद अंसारी ने फोन में बात करके भुक्तभोगी परिवार को सरकारी मुवावजा दिलाने बात कही गयी. वही वन विभाग द्वारा जंगली हाथी प्रभावित गांव में बचाव के लिए पटाखा इत्यादि कि व्यवस्था करायी गयी है. इस अवसर पर केंद्रीय सदस्य, मकसूद अंसारी, सुशील पाहन, हेमंत तोपनो, सुदीप गुड़िया , मीडिया प्रभारी तौकीर आलम ,प्रखंड अध्यक्ष शेख फिरोज, बिनोद उराव, नामजन होरो, सुशील भेंगरा, जॉनसन होरो के अलावे अन्य लोग उपस्थित थे।

## पडहा जतरा संचालन समिति के सदस्यों के साथ बीडीओ के साथ बैठक

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाड़हा जतरा समिति बेड़ो और बारीडीह के अध्यक्ष व समिति के वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति में बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक किया गया। बैठक बेड़ो बाजार टांड़ और बारीडीह को संयुक्त रूप से राजकीय मेला घोषित करने के प्रयास के लिए पाड़हा राजा, दीवान, कोटार, महतो, पाहन,ग्राम प्रधान, पइनभरा, पुजार उपस्थित में किया गया।बैठक में इस वर्ष आयोजित पड़हा जतरा हेतु आवंटित राशि दोनों समिति द्वारा सर्वसम्मति से राशि का समायोजन हेतु सर्वसम्मति से दोनों समितियों के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा फैसला लिया गया। मौके पर राकेश भगत, धनंजय कुमार रॉय, नीलमणि भगत, कोमल पाहन, विश्वनाथ गोप,चरवा उरांव ,पीटर तिर्की, विशु उरांव , प्रो सोमरा उरांव,सुकरा उरांव , भौउवा उरांव,मनोज लकड़ा सहित कई लोग उपस्थित थे। बैठक में सभी वरिष्ठ पदाधिकारी की तरफ से डॉ रविंद्र भगत के ऐतिहासिक पहल के लिए सभी ने मिलजुल कर धन्यवाद दिया गया।

## आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ओरमांझी में एक दिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ओरमांझी में शुक्रवार को यांत्रिक अभियांत्रिक विभाग द्वारा पेपर राइटिंग द स्टेट ऑफ आर्ट के ऊपर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता बीआईटी मेसरा के मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ कौशिक कुमार के द्वारा व्याख्यान दिया गया। वर्तमान समय में, शिक्षण संस्थान के समक्ष रिसर्च एण्ड इनोवेशन को प्रोत्साहन देना, संस्थान के विकास में मुख्य भूमिका अदा करता है। पेपर राइटिंग रिसर्च एक्टिविटी का एक मुख्य हिस्सा हैं। इसी विजन को ध्यान में रखते हुए कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला में आरटीसीआईटी के फैकल्टी मेंबर्स एवम फाइनल ईयर स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। इस कार्यशाला से सभी प्रतिभागी पेपर राइटिंग के प्रतिभा कुशलता के मूल्यों में संवर्धन किया।वहीं एक दिवसीय कार्यशाला को सफल बनाने में मुख्य रूप से प्राचार्य, आरटीसीआईटी, विभागाध्यक्ष , यांत्रिक, अमित कुमार, डॉ विनीत कुमार भगत, अमृत और प्रिया रंजन ने मुख्य योगदान दिया।

## आचार्य बालकृष्ण का मनाया गया जन्म दिवस

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को आचार्य बालकृष्ण का जन्म दिवस हतवाल में मनाया गया। एवं ग्रामीणों के बीच औषधीय पौधे का वितरण किया गया। हतवाल गांव में स्थित महादेव मंदिर परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में रांची जिला पतंजलि समिति के अध्यक्ष रणधीर चौधरी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि योग और आयुर्वेद भारतीय जीवन दर्शन है, जो हमें स्वास्थ्य जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। और यही वजह है कि प्रत्येक वर्ष हम आचार्य बालकृष्ण जी का जन्म दिन जड़ी-बुटी दिवस के रूप में मनाते हैं।इस अवसर पर योग शिक्षक डॉ.पारस नाथ महतो ने औषधीय पौधे के गुणों की चर्चा करते हुए विभिन्न असाध्य रोगों से मुक्ति के लिए उसके प्रयोग के साथ-साथ अपने अनुभव साझा किया।मौके पर उपस्थित प्रो.शैलेन्द्र मिश्र ने कहा कि झारखंड के हरेक पेड़-पौधे एवं यहां की मिट्टी में बीमारियों से निजात दिलाने की असीम शक्ति है। इसके लिए लोगों में जानकारी साझा करने की जरूरत है। इस अवसर पर राम लखन महतो,सुरेंद्र महतो,मोतीलाल महतो,प्रदीप महतो,अजीत कुमार महतो,बरतू महतो सहित ग्रामीण उपस्थित हुए। लोगों के बीच औषधीय पौधे बांटे गए एवं मुंडा परिसर में बेल का पौधारोपण किया गया।

## कल्याण योजनाओं को लेकर एक दिवासीय कार्यशाला का आयोजन

**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण की अगुवाई में प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में प्रखंड के कई प्रतिनिधि गण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि कल्याण विभाग द्वारा कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रहे हैं लेकिन इसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंच पा रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण है लोगों को इन योजनाओं के विषय में जानकारी ना होना। प्रतिनिधिगण सीधे तौर पर लोगों से जुड़े होते हैं, इसलिए वे स्वयं विभिन्न योजनाओं की जानकारी लें और अंतिम व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंचाए। मौके पर वीडियो सुलेमान मुंडरी, जिप सदस्य आशुतोष तिवारी, मुखिया महादेव उरांव सहित प्रखंड के कई मुखिया गण उपस्थित थे।

# सुविधा न रफ्तार, फिर भी पैसेंजर ट्रेनों में एक्सप्रेस का किराया वसूल रहा रेलवे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** कोरोना काल खत्म हो गया लेकिन पैसेंजर ट्रेनों में चलने वाले यात्रियों के लिए कोरोना का असर समाप्त नहीं हुआ. कोरोना महामारी के चलते स्पेशल के नाम से शुरू हुई पैसेंजर ट्रेनें करीब दो साल बाद भी सामान्य नहीं हो सकी. यात्रियों को दोगुना किराया देना पड़ रहा है.नाम दिया गया स्पेशल, परंतु न कोई खास सुविधा न रफ्तार में तेजी. फिर भी रेलवे पैसेंजर ट्रेनों का किराया एक्सप्रेस ट्रेनों के बराबर वसूल रहा है. खलारी होकर अभी चार पैसेंजर ट्रेनों का अप और डाउन परिचालन है. इनमें 03341/03342 बरकाकाना-डेहरी आन सोन पैसेंजर स्पेशल, 03343/03344 गोमो-चोपन पैसेंजर स्पेशल, 03359/03360 बरकाकाना-बनारस मेमू पैसेंजर स्पेशल तथा 03361/03362 गोमो-बरवाडीह पैसेंजर स्पेशल शामिल है. इन सभी आठ ट्रेनों का सभी स्टेशनों पर ठहराव है. कोरोना के पहले भी ये सभी पैसेंजर ट्रेनें चला करती थी. कोरोना के बाद जब ये पैसेंजर ट्रेनें खुली तो इनके नाम में स्पेशल जोड़ दिया गया और तब से इनमें एक्सप्रेस ट्रेनों का किराया वसूला जा रहा है. यदि खलारी से डालटेनगंज जाना हो तो इन पैसेंजर ट्रेनों में वर्तमान किराया 60 रूपए है, जबकि कोरोना के पहले मात्र 30 रूपया था. पैसेंजर को दोगुना किराया देकर भी कोई विशेष सुविधा नहीं मिल रहा है. कोरोना महामारी के बाद स्पेशल के रूप में खुली एक्सप्रेस ट्रेनें तो डेढ़ साल बाद सामान्य हो गई परंतु पैसेंजर ट्रेनें अभी भी अनारक्षित स्पेशल के रूप में चल रही है और यात्रियों को दोगुना किराया देना पड़ रहा है.

**लगभग प्रतिदिन लेट होती है पैसेंजर स्पेशल**

पैसेंजर स्पेशल ट्रेनों के यात्री आर्थिक के साथ मानसिक परेशानी से भी गुजर रहे हैं. वजह है इन ट्रेनों की लेटलतीफी.आज 03341 बरकाकाना-डेहरी आन सोन पैसेंजर स्पेशल 2.26 घंटे देर से डेहरी आन सोन पहुंची. 2 अगस्त को 1.51 घंटे देर से डेहरी पहुंची.इन पैसेंजर ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्री अपने गंतव्य का इंतजार रेलवे द्वारा दी जाने वाली मानसिक प्रताड़ना के साथ करते रहते हैं.

**पैसेंजर ट्रेनों पर आश्रित होता है दर्जनों गरीब का रोजीरोटी**

जिन गांवों के आसपास पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव होता है वहां के दर्जनों गरीब ग्रामीणों की रोजी रोटी पैसेंजर ट्रेनों के भरोसे होता है।

# राहुल गांधी की सजा पर रोक लगने से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पिपरवार :** मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने पर झारखंड महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह ने खुशी जाहिर की है।इस संबधं मे गुंजन सिंह ने कहा कि राहुल गांधी को फंसाने की कोशिश की जा रही है लेकिन सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं।आज सच्चाई की जीत हुई है।राहुल गांधी द्वारा देश के गरीबों के साथ अन्य मुद्दों को पुरजोर तरीके से उठाने से परेशान भाजपा ने उनकी आवाज को आधारहीन आरोपों के आधार पर झुठे मुकदमे में फंसाकर उनकी आवाज बंद करने की कोशिश की जा रही है। लेकिन भाजपा अपने कुत्सित प्रयासों में सफल नहीं हो पायेगी। उन्होंने राहुल गांधी की सजा पर रोक लगने पर उन्हें बधाई दी है।दुसरी ओर पिपरवार कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी इस अवसर पर खुशी जाहिर की है।कांग्रेस पार्टी के चतरा जिला महासचिव अब्दुल कुदूस अंसारी ने कहां की देश की जनता की आवाज उठाने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सच्चाई का साथ मिला है।यह सत्य की जीत हुई है।

# मुरी पुलिस ने विक्षिप्त को रिनपास पहुंचाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** मुरी ओपी अंतर्गत छोटा मुरी बाजार में बुधवार के दिन एक अज्ञात विक्षिप्त व्यक्ति को घूमते हुए देखा गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना मुरी पुलिस को दी। पुलिस ने विक्षिप्त व्यक्ति को अपने संरक्षण में लेकर पूछताछ किया परंतु विक्षिप्त होने कारण वह कुछ भी नहीं बता पा रहा था। पुलिस अपने स्तर से काफी छानबीन किया तथा विक्षिप्त के परिजनों का पता लगाने का भरपूर प्रयास किया परंतु पता नहीं लग पाया।

# एक पेड़ सौ पुत्र के समान : प्रधानाचार्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** पर्यावरण संरक्षण को लेकर सरस्वती विद्यामंदिर करकट्टा में शुक्रवार को फल-फूल के अतिरिक्त अन्य पौधों को लगाया गया. पौधा रोपण विद्यालय के आचार्य एवं छात्र-छात्राओं ने की. उसके बाद संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया.मौके पर सवि मंदिर के प्रधानाचार्य ने कहा कि एक पेड़ सौ पुत्र के समान है. पर्यावरण की रक्षा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है. पौधे लगाना हीं नहीं अपितु उसे सींचना भी भी हमारा धर्म है. उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे के बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना तक नहीं की जा सकती है. इसलिए प्रत्येक लोगों को इसे गंभीरता से विचार करना चाहिए और पौधा लगाना चाहिए.इस मौके पर आचार्य संजीव सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, गोविंद चौहान एवं आचार्या पूनम पाठक, बसंती कुमारी, प्रीति कुमारी, नूतन सिंह सहित विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।

# कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को एक दुसरे को मिठाई खिलाकर खुशीयां जाहिर की, जानकारी के अनुसार मोदी सरनेम वाले मानहानि केस पर राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई ! जिससे कांग्रेस जनों ने खुशी की लहर दौड़ गई। इस खुशी के मौके पर सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो के नेतृत्व में सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यलय में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई बांट कर खुशी जाहिर की। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के वरीय उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो,मनीराम दास, गुहिराम महतो, बलराम महतो, पिनाकी बनर्जी, प्रकाश मुंडा, निताई महतो ,राबिन प्रामाणिक, तापस पोद्दार, मो. शाकिर उद्दीन, मनोज यादव, सहित कई कांग्रेस जनों ने हर्ष जताया।

# विहिप सह बजरंग दल ने पिपरवार में किया वृक्षारोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल पिपरवार बचरा के कार्यकर्ताओं ने पतंजलि योगपीठ के श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण के जयंती के मौके पर वृक्षारोपण किया गया।इस मौके पर बजरंग दल परिवार बचरा के द्वारा संयुक्त रूप से बचरा सपही नदी किनारे श्मशान घाट पर वृक्षारोपण किया गया,जिसमें बरगद, पीपल, आम, जामुन, पाकड़ इत्यादि पेड़ का पौधा बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा लगाया गया।साथ ही पौधे की सुरक्षा के लिए उसकी घेराबंदी की गई।इस दौरान उपस्थित बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लिया। इस संबंध में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बताया कि पतंजलि योगपीठ के श्रद्धेय आचार्य श्री बालकृष्ण की जयंती पूरे भारत में जड़ी-बूटी दिवस के रुप में मनाया जाता है।

# कल्याणपुर मस्जिद के पास अधूरे पुल निर्माण से लोगों की बढ़ी परेशानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर मस्जिद के समीप अधूरे पुल निर्माण से इन दिनों स्थानीय ग्रामीणों सहित राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।पुल का निर्माण कार्य पूरा नहीं होने से लोगों को आवागमन करने में परेशानी हो रही है।वहीं पुल के बगल से बनाया गया डायवर्सन भी इन दिनों संक्रीण होने से आए दिन दुर्घटना की सूचना मिल रही है।मिली जानकारी के अनुसार बहेरा से लेकर कल्याणपुर तक सड़क का निर्माण कराया जा रहा है।करीब डेढ़ किलोमीटर इस सड़क निर्माण के बीच कल्याणपुर मस्जिद के समीप एक पुल का निर्माण भी कराया जाना है।सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा उक्त पुल को करीब दो साल पहले तोड़ दिया गया है और उसके बगल से डायवर्सन बनाकर रास्ता निकाला गया है,लेकिन तीन साल बीत जाने के बावजूद अभी तक पुल का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है,जबकि संक्रीण डायवर्सन से आने जाने के दौरान कई बार दुर्घटना भी हो चुकी है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य पिछले चार साल से अधिक समय से चल रहा है,लेकिन अभी तक पूरा नहीं किया गया है,जबकि पुल का निर्माण कार्य दो साल पहले शुरू किया किया गया था, लेकिन अभी तक इसका भी काम चालू नहीं हो पाया है। निर्माण कंपनी से इस समस्या को लेकर कई बार बात की गई लेकिन कोई पहल नहीं की गई है।अब ग्रामीणों मे आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि जल्द सड़क और पुल का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया जाता है तो स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# किचटो के ग्रामीणों को प्रोजेक्टर के माध्यम से दी गई ग्रामसभा के अधिकारों की जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के किचटो पंचायत के तरवां गांव मे झारखंड माइंस एरिया कोर्डिनेशन कमेटी (जमैक) के सौजन्य से ग्रामीणों में जन जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से ग्राम सभा के अधिकारों के विषयों को प्रोजेक्टर के माध्यम से बड़े पर्दे पर दिखाया गया।वीडियो के माध्यम से अपने अधिकारों को देखकर ग्रामीण काफी खुश दिखे। वही गांव के ग्रामीणों का कहना है कि पेसा कानून बने 26 साल हो चुके है, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वनवासी कानून बने भी कई साल हो चुके हैं,लेकिन काफी लंबे समय के बाद लोगो को इसकी जानकारी हुई।वनों पर सामुदायिक हक के लिए कानून बने हैं,जिसके जन जागरुकता सरकारी स्तर पर होनी चाहिए।लेकिन सरकारी सिस्टम द्वारा ग्रामीणों के अधिकार सिर्फ फाइलों में दिखती है।ग्रामीणों को दिखाए गए रूपांतरण वीडियो में ग्राम सभा,पेसा कानून,वनों पर ग्राम सभा का सामूहिक अधिकार,जल जंगल जमीन को कैसे बचाना है इसको प्रमुखता से दिखाया गया।इस मौके पर जमैक के फील्ड कोर्डिनेटर एलिस चेरवा दीदी,दीपक किस्कू, किचटो पंचायत प्रतिनिधि अंगद कुमार महतो,आदि थे ।

# रैयत विस्थापित मोर्चा और सीसीएल प्रबंधन की बैठक में कई समस्या पर हुई चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** रैयत विस्थापित मोर्चा और सीसीएल प्रबंधन के बीच विभिन्न मांगों को लेकर सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस में एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक मे सीसीएल के सभी कमांड क्षेत्रों के विस्थापित,प्रभावित,रैयतो की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक मे लम्बित नौकरी, मुआवजा,रोजगार,निजी कम्पनियो मे 75 प्रतिशत बहाली,एक करोड तक का ठेका कार्य विस्थापितो को देने,पीएपी प्रमाण पत्र निर्गत करने,सीएसआर स्कीम को सही तरीके से लागू करने, अधिगृहित भूमि पर एक मुस्त नौकरी देने,पांच साल के अंदर बाहर की निति को समाप्त करने,सभी पुर्नवास केन्द्रो मे बुनियदी सुविधा बहाल करने,वैकल्पिक रोजगार की व्यवस्था करने, कैम्प लगाकर भूमि सत्यापन कराने,आरएंडआर कमेंटी बनाने,आउट सोर्सिंग कम्पनियों मे हाई पावर कमेटी की अनुसंसा को लागू करने सहित कई ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।उपरोक्त समस्याओं के समाधान को लेकर प्रबंधन के द्वारा सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया गया।बैठक मे केंद्रीय अध्यक्ष सह दर्जा प्राप्त मंत्री फ़ागु बेसरा,पिपरवार क्षेत्रीय अध्यक्ष इक़बाल हुसेन,राजकुमार महतो, सैनाथ गंझु,इस्लाम अंसारी, सोनाराम मांझी,पप्पु सिंह, मनोज कुमार,बहादुर मांझी, गुरूदयाल साव सहित कई लोग मौजूद थे।

**कार्यालय :- जिला शिक्षा अधीक्षक, सिमडेगा**
**समाहरणालय भवन, 'सी' ब्लॉक, ग्राउण्ड फ्लोर, खुँटीटोली, सिमडेगा**
Email Id- simdegamdm@gmail.com Fax & Phone : 06525-226448

अति अल्पकालिन निविदा संख्या– एम0डी0एम0–02/2023 जिला स्तरीय भोजन योजना कोषांग, सिमडेगा।

**आवश्यक सूचना**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (सत्र 2023–2024 (तीन त्रैमास) वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं वित्तीय वर्ष 2025–26 सिमडेगा के जिले दस प्रखण्ड (कोलेबिरा, बानो, जलडेगा, बांसजोर, ठेठईटांगर, कुरडेग, केरसई, बोलबा, सिमडेगा, पाकरटांड़) में संचालित जिले के विद्यालय में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अन्तर्गत प्रखण्ड गोदाम से विद्यालय तक चावल स्कूल स्टेप डिलीवरी की विधि से पहुंचाने के लिए वित्तीय वर्ष 2023–2024 (तीन त्रैमास) वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु पुनः इच्छुक निविदादाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता जिला कार्यालय जिला शिक्षा अधीक्षक, सिमडेगा से दिनांक 04.08.2023 से दिनांक 20.08.2023 के अपराह्न 03.00 बजे तक कार्यालय अवधि में निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है। तकनीकी बिड़ एवं वित्तीय बिड़ अलग–अलग लिफाफे को एक बड़े लिफाफा में दिनांक 20.08.2023 के अपराह्न 03.00 बजे तक सीलबंद निविदा प्रपत्र जिला शिक्षा अधीक्षक सिमडेगा के कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। जिला स्तर पर समिति द्वारा दिनांक 21.08.2023 के अपराह्न 03.00 बजे स्थान उप विकास आयुक्त सिमडेगा के कार्यालय प्रकोष्ठ में निविदा खोली जायगी। निविदा की विस्तृत जानकारी सिमडेगा के आधिकारिक वेबसाईट www.simdega.nic.in पर उपलब्ध है।

ह0/–
जिला शिक्षा अधीक्षक, सिमडेगा।

PR.NO.304010 Primary Education(23-24):D

**झारखण्ड राज्य अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम, लि0**
**कल्याण कॉम्पलेक्स, तीसरी मंजिल, बलिहार रोड, मोराबादी, राँची–834008**
दूरभाष संख्या–0651–2550505, ई–मेल– jssccdc.ranchi@gmail.com

**"इच्छा की अभिव्यक्ति"**
**आयवृद्धि योजना अन्तर्गत (स्प्रेयर 0.5 to 1.5 HP engine)**

**प्रस्तावित योजना का उद्देश्य :–** डॉ भीमराव अम्बेडकर उन्नत ग्राम योजना अन्तर्गत अनुसूचित जाति के सदस्यों के आयवृद्धि हेतु स्प्रेयर 0.5 to 1.5 HP engine अधिष्ठापन कराना है, जिसे ग्राम स्तर पर जहाँ सिंचाई हेतु जल प्रबंधन की सुविधा उपलब्ध हो स्वयं सहायता समूह / ग्राम स्तरीय सहकारी समिति में उपलब्ध कराया जाना है। जिससे अनुसूचित जाति वर्ग के सदस्यों को अपने आय की वृद्धि करने का उद्देश्य है।

इच्छुक संस्थाओं से सूचीबद्ध करने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। प्रस्ताव प्रपत्र प्राप्त करने हेतु Managing Director, Jharkhand State Scheduled Castes Co-operative Dev.Corp.Ltd. Ranchi, से 5,000/–(पाँच हजार रूपये मात्र) का बैंक ड्राफ्ट अप्रत्यापर्णीय (Draft Non Refundable) 12.08.2023 को 05.00 बजे अपराह्न तक प्राप्त किया जा सकता है। जिसे **प्रबंध निदेशक झारखण्ड राज्य अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम लि०**, राँची, 834008 दिनांक 22.08.2023 को 5.00 बजे अपराह्न तक भेजे तथा विस्तृत जानकारी हेतु prdjharkhand.in तथा कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह०/–
प्रबंध निदेशक

PR304003 (Jharkhand State Scheduled Caste Co-operative Dev. Corp.)23-24*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,कोडरमा**
**Email ID -eerdsdkoderma@gmail.com**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
ई– निविदा सूचना संख्या – RDSD/KODERMA/04/EE/2022-23

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | construction of remaining boundary wall UHS ,at -Behradih G.P -Behradih Domchanch Block under Koderma district. | 2185000.00 | 43700.00 | 5000.00 | 03 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 10.08.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 10.08.2023 से 21.08.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. कार्यपालक अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि 24.08.2023 एवं समय 10:00 बजे से 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 25.08.2023 अपराह्न 2:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9798127285 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,कोडरमा

PR303993 (Rural Development)23-24*D

## नव पदस्थापित थाना प्रभारी का जैन इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक जईनुद्दीन ने किया स्वागत

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के कूकड़ु प्रखंड क्षेत्र के तिरूलडीह थाना का नव पदस्थापित थाना प्रभारी चित्तरंजन कुमार का जैन इंटरनेशनल इंग्लिश स्कूल के डायरेक्टर जईनुद्दीन अंसारी ने बुके देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि नये थाना प्रभारी का बुके देकर स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी ने क्षेत्र की अमन चैन के लिए तत्पर रहते हुए क्षेत्र के स्कूल, कालेजों में छात्र छात्राओं को स्कूल आने जाने के लिए भी सुरक्षा आदि को लेकर जागरूक करने की बात कही। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि समय समय पर स्कूलों में जाकर बच्चों के साथ दोस्ती किया जाएगा एवं बच्चों को पुलिस हेल्पलाइन नंबर व चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर साझा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चे निडर होकर स्कूल जाएं, किसी से डरने की जरूरत नहीं है।



## फ्लोरेंस नाइटिंगेल विद्यालय में आगामी 7 अगस्त को कवि सम्मेलन

**जमशेदपुर/रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हवाई नगर रोड नंबर 14 स्थित फ्लोरेंस नाइटिंगेल विद्यालय परिसर में आगामी 7 अगस्त को प्रातः 10:00 कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कवि सम्मेलन की आयोजिका एवं विधायल की शिक्षिका निकिता प्रसाद ने बताया कि साहित्यिक आयोजनों से बच्चों में नयी चेतना आऐगी एवं मानसिक विकास होगा, विधालय के निर्देशक सचिदानंद कुमार ने इस आयोजन को स्वीकृति देते हुए हर्ष जताया। किरण सिंह एव दीपिका ओझा ने इस आयोजन को सार्थकता की शब्दावली से खुशियां जताई। आंमत्रित कविगणों में सुप्रसिद्ध डॉ. सुरेंद्र कौर नीलम, शालिनी सहवा, निवेदिता श्रीवास्तव गार्गी, संजय कुमार, मीणा बंधन, अंकिता सिन्हा, चंदन प्रजापति अपनी रचनाओं की दमदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चाँद लगा देंगे।




## सौरभ बने युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सह रामगढ़ प्रभारी, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव एवं रामगढ़ प्रभारी सौरभ अग्रवाल को बनाए जाने पर नौजवान सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें माला पहना कर और मिठाई से मुंह मीठा करा कर स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। इस दौरान एक दूसरे को नौजवान सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर हश्र जाहिर किया। वहीं सौरभ अग्रवाल ने कहा की जो जिम्मेदारी मुझे मिली है उसे मैं दिलो जान से निभाऊंगा और पार्टी की मजबूती के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। इस दौरान मौके पर हाजी ताजुद्दीन उर्फ लड्डू नेता, चुन्नू रहमान, परवेज उर्फ पांडा, सनी खान, शहाबुद्दीन, मोहम्मद नबीद, टीपू आदि मौजूद थे।



## चक्रधरपुर प्रखंड कांग्रेस ने बीडीओ को पीसीसी सड़क निर्माण के लिए सौंपा मांग पत्र

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चक्रधरपुर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य विजय सिंह सामाड के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी को पदमपुर एवं इटिहासा गांव का पीसीसी सड़क निर्माण कराने को लेकर एक मांग पत्र सौंपा। जिसमें पदमपुर ऊपर टोला में देव लाल महतो के घर सुखराम बोदरा के घर तक एवं इटिहासा गांव में शंभू नायक का घर से स्कूल तक पीसीसी सड़क निर्माण का मांग किया गया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जल्द ही संज्ञान लेकर दोनों योजना को स्वीकृत करने का आश्वासन दिया। मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष आर्यन हासदा, कोषाध्यक्ष पूर्ण चंद्र मुखी, महासचिव भोलेनाथ बोदरा, आदि कांग्रेसी उपस्थित थे।



## दोषियों पर कार्रवाई नही की गई तो कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे : रमेश हांसदा

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जन वितरण प्रणाली कोटे के हजारों क्विंटल चावल घोटाले की जांच राज्य खाद्य आयोग द्वारा किए जाने के बाद आयोग ने इस मामले को सही पाया था। इसके बावजूद अबतक दोषियों को कार्रवाई नही की गई है। दो माह के भीतर यदि इस पर कार्रवाई नही की गई तो कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा। उपरोक्त बातें भाजपा अजजा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश हांसदा ने एक प्रेसवार्ता आयोजित कर कही. उन्होंने बताया कि जिले में विगत दिसंबर 2022 माह का चावल वितरण नहीं हुआ था। इसे लेकर उन्होंने खाद्य आयोग को एक पत्र लिखकर शिकायत की थी। उक्त शिकायत पर काफी दिनों तक सुनवाई चली। राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी ने लगभग छह महीने सुनवाई के बाद विगत 19 जुलाई 2023 को इसकी सुनवाई पूरी की।

# सभी तरह के यात्री सुविधाओं से लैस होगा राजखरसावां रेलवे स्टेशन : एडीआरएम

### अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 31 करोड़ के योजनाओं का पीएण करेंगे ऑन लाइन शिलान्यास

**राजखरसावां में शिलान्यास कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** चक्रधरपुर रेल मंडल के एडीआरएम विनाय कुजूर ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत राजखरसावां रेलवे स्टेशन को उच्च स्तरीय रेलवे स्टेशन के तौर पर विकसित किया जायेगा. खरसावां के आमदा खादी पार्क में आयोजित प्रेस कॉफ्रेस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए एडीआरएम विनय कुजूर ने कहा कि राजखरसावां रेलवे स्टेशन के विकास पर करीब 31 करोड़ रुपये खर्च होंगे.

**रेलवे स्टेशन में 1.8 मीटर चौडी फूट ऑवर ब्रिज बनेगा:** एडीआरएम विनय कुजूर ने बताया कि राजखरसावां रेलवे स्टेशन में 1.8 मीटर चौडी फूट ऑवर ब्रिज बनेगा. स्टेशन के दोनों छोर पर टिकट काउंटर, सभी प्लेटफॉर्म का रिनोवेशन, स्टेशन के बाहर कार पार्किंग की सुविधा होगी.स्टेशन परिसर के पास के क्षेत्र को व्यावसायिक उपयोग के लिए उपयुक्त रूप से विकसित किया जाएगा.

**सभी प्लेटफॉर्मो में दो-दो लिफ्ट व एस्कलेटर लगेंगे:** सभी प्लेटफॉर्मों में दो-दो लिफ्ट व एस्कलेटर लगाये जायेंगे. नया स्टेशन स्टेशन बिल्डिंग,सर्कुलेटिंग क्षेत्र का विकास के साथ साथ स्मारकीय ध्वज, हरित पथ और प्रतिमा स्थल को विकसित किया जायेगा.साथ ही स्टेशन पर बुजुर्गो और दिव्यांगों के अनुकूल साइनेज सहित मानक साइनेज लगाए जायेंगे,जो यात्रियों के सुखद अनुभव को बढ़ाएंगे. अगले चरण में कई अन्य योजनायें भी ली जायेगी.

**6 अगस्त को पीएम नरेंद्र मोदी दिल्ली से ऑन लाइन शिलान्यास करेंगे:** एडीआरएम विनय कुजूर ने बताया कि 6 अगस्त को पीएम नरेंद्र मोदी दिल्ली से ऑन लाइन 31 करोड़ के योजनाओं का शिलान्यास करेंगे. इसके पश्चात वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए लोगों को संबोधित करेंगे. कार्यक्रम में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव व रेल राज्य मंत्री राव साहेब दानवे व दर्शना जोरदोश भी ऑन लाइन जुडेंगे. उन्होंने बताया कि राजखरसावां के हाई स्कूल मैदान में सुबह नौ बजे से शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. राजखरसावां में स्थानीय सांसद सह जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा समेत अन्य जन प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे. एडीआरएम विनय कुजूर ने बताया कि इस दिन पीएम मोदी देश के 508 रेलवे स्टेशनों को विकसित करने की योजना का शिलान्यास करेंगे. प्रेस कांफ्रेस में मुख्य रुप से टाटानगर के स्टेशन डायरेक्टर रघुवंश कुमार, रेलवे वाणिज्य विभाग के सीआई मानीक दत्ता, राजखरसावां के स्टेशन मेनेजर राकेश पाडेया, प्रमुख मनेंदर जामुदा, सांसद प्रतिनिधि विजय महतो, अमित केशरी आदि उपस्थित थे.

**राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक**

## कांग्रेस ने लड्डू बांट मनाया जश्न

**सत्य, संविधान, लोकतंत्र और भारत के लोगों की जीत : धर्मेंद्र**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर के निर्देशानुसार जिला सचिव रईस रिजवी छब्बन के नेतृत्व में बिष्टुपुर में लड्डू का वितरण किया गया। कांग्रेस नेता राहुल गाँधी के सजा पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रोक लगाने पर भव्य रूप से ढोल नगाड़े, लड्डू वितरण कर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। धर्मेंद्र सोनकर ने कहा सुप्रीम कोर्ट के फैसले का तहे दिल से स्वागत। ये संविधान,लोकतंत्र और भारत के आम लोगों की जीत हुई। भारत के नागरिकों की जीत हुई। राहुल गाँधी के ख़िलाफ़ भाजपा की साज़िश बेनकाब हुई। बबलू झा जिला उपाध्यक्ष ने कहा सत्यमेव जयते, लोकतंत्र के मंदिर में फिर गूंजेगी आम जन की बुलंद आवाज़। मौके पर अशोक चौधरी, रामेश्वर प्रसाद, एलबी सिंह, जेबा खान, उषा यादव, राकेश साहू, चंदन यादव, अफसर इमाम चिंटू, अखिलेश यादव, शिल्पी चक्रवर्ती, राजा सिंह राजपूत, सुलतान अहमद, ईश्वर चंद्र गुप्ता,समीम गुलाटि, कृष्णा लोहार, मनीष मार्डी, गोविंद बगधल, गुलाब गद्दी, अनिता कुमारी, मीनू कुमारी, पूजा डे, विकाश मुखी, कुमार,गौतम रविदास, प्रिंस मोहसीन, पवन सिंह अख्तर हुसैन सिकंदर खान गुलाम अली शाजादा सलीम आसान, जावेद जमाल इरफान अहमद एवं अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौके पर मौजूद थे।

## भुइयांसिनान में झामुमो ने दी शहीद डोरेन सिंह मुंडा को श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** झामुमो के कद्दावर नेता रहे शहीद डोरेन सिंह मुंडा की 14वीं पुण्यतिथि के मौके पर शुक्रवार को झामुमो के बोड़ाम प्रखंड कमेटी की ओर से भुइयांसिनान स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी। मौके पर झामुमो के वरिष्ठ नेता सह जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, पूर्व पार्षद पिन्टू दत्ता, चंद्रावती महतो व स्वपन कुमार महतो, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष श्यामापद महतो व अश्विनी महतो, सुभाष कर्मकार, सुनील महतो, सुदर्शन स्वांसी, सागेन पूर्ति, शम्भू दास, सुकुमार बेसरा, चैतन बेसरा व पूर्ण सिंह मुंडा आदि शामिल थे। इस दौरान स्व डोरेन सिंह मुंडा की धर्मपत्नी कल्पना मुंडा को पार्टी की ओर से सम्मानित किया गया।

## कांड्रा व आसपास पंचायतों में नियमित विद्युत आपूर्ति सुविधा बहाल करें विद्युत विभाग : मधु

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** कांड्रा और आसपास के पंचायतों में अनियमित विद्युत आपूर्ति व्यवस्था से परेशान लोगों की समस्याओं की सुधि लेने पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा शुक्रवार को कांड्रा पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ बैठकर क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति की समस्या से अवगत होकर जमशेदपुर के विद्युत महाप्रबंधक से दूरभाष पर बात कर इसमें सुधार हेतु दिशा-निर्देश दिया। बताया गया कि विगत कई माह से कांड्रा, डुमरा, बुरुडीह, रापचा, हुदू एवं वीरबांस पंचायत के कई ग्रामीण क्षेत्रों में अनियमित विद्युत आपूर्ति से लोग परेशान हैं। इन पंचायतों में विगत कई दिनों से मात्र 2 से 3 घंटा ही विद्युत आपूर्ति की जा रही है। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है और वे एकजुट होकर आंदोलन करने के लिए गोलबंद होने लगे हैं। विदित है कि कुछ दिनों पूर्व स्थानीय कांग्रेसी नेता सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि प्रकाश कुमार राजू द्वारा भी विद्युत महाप्रबंधक, जमशेदपुर को एक ज्ञापन सौंपा था जिसमें इन क्षेत्रों में 12 जगहों पर एबी स्विच लगाने की मांग की गई थी। उसके बाद तत्कालिन महाप्रबंधक द्वारा एबी स्विच उपलब्ध भी कराया गया। किन्तु मिस्त्री की कमी एवं अन्य कारणों से अबतक मात्र छह स्विच ही लगाया जा सका है। इस मौके पर प्रकाश राजू, पूर्व पंसस होनी सिंह मुंडा, समाजसेवी राम महतो, दिलीप सिंह, चन्दन मिश्रा, शंकर महतो, पूर्व उप मुखिया अनिल सिंह, महेश कालिंदी, रंजीत मोदक, मुन्ना मंडल आदि भी मौजूद थे।



## हॉर्टिकल्चरल सोसायटी का पौधा प्रसार व पोषक तत्व प्रबंधन पर कार्यशाला आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** शहर में हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी 5 अगस्त को बिस्टुपुर के एसएनटीआई ऑडिटोरियम में पौधा प्रसार और पोषक तत्व प्रबंधन पर एक कार्यशाला का आयोजन कर रही है। कार्यशाला का नेतृत्व कोलकाता और जमशेदपुर के प्रतिष्ठित संकायों द्वारा किया जाएगा, जो प्रतिभागियों को पौधों के प्रसार और पोषक तत्व प्रबंधन से संबंधित कई विषयों पर मार्गदर्शन करेंगे। कार्यक्रम का विवरण व्यापक है, जिसमें प्रतिभागियों के लिए आकर्षक गतिविधियों की एक श्रृंखला शामिल है। पंजीकरण सुबह 8:30 बजे खुलेगा, सदस्य मात्र रु100 में भाग ले सकते हैं, जबकि गैर-सदस्य रु200 में भाग ले सकते हैं। छात्रों और बागवानों को रु50 के शुल्क पर भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

## ईचागढ़ विधायक ने विधानसभा में उठाई चांडिल डैम से प्रभावित 116 गावों के विस्थापितों की मांग




प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरलडीह :** विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान शून्य काल में ईचागढ़ के विधायक सविता महतो ने सदन में कहा चांडिल बांध अंतर्गत भू अर्जन से प्रभावित 116 मौजा के सभी विस्थापितों को संपूर्ण मुआवजा पुनर्वास अनुदान का भुगतान जब तक संपूर्ण रुप से पूनरवासित लाभ मुहैया नहीं हो जाती, तब तक डैम की जल भंडारण की क्षमता आरएल 180 मीटर से नीचे रखने का आदेश स्थाई रूप से दिया जाए। परंतु जल संसाधन विभाग द्वारा आरएल 183 मीटर तक के प्रभावित गांवों को पूर्णात पुनर्वास सुविधा मुहैया नहीं कराई गई है। मात्र 43 गांव के विस्थापितो का पुनर्वास कि दिशा में पहल की जा रही है जबकि कुल 116 गांवो को पूर्ण पुनर्वास की दिशा में पहल होनी चाहिए। प्रभावित विस्थापित बेरोजगार युवक युवतियों का सरकारी नियोजन की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। विधायक सविता महतो ने आसन के माध्यम से कुल 116 गांव के प्रभावित विस्थापित परिवारो को संपूर्ण पुनर्वास सुविधा मुहैया कराने तथा वर्तमान मानसून को देखते हुए जल भंडारण की क्षमता को आरएल 180 मीटर से नीचे रखने का मांग किया।

## रेडियो सिटी ने जुस्को स्कूल साउथ पार्क के 57 छात्रों को ज्ञान ज्योति सम्मान से किया पुरस्कृत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** छात्रों के प्रयासों को प्रेरित करने और उनकी सराहना करने के लिए, रेडियो सिटी ने कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए ज्ञान ज्योति सम्मान का आयोजन किया। इस दौरान छात्रों को तीन श्रेणियों के पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुकुंद गुप्ता, कुमार अक्षत, तेगवीर सिंह और गौरवी गोराई को पिछले शैक्षणिक सत्र में ऑल राउंडर प्रदर्शन के लिए स्टूडेंट ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि जीजू थॉमस, वरिष्ठ प्रबंधक जेईएम फाउंडेशन ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें अपनी स्ट्रीम सावधानी से चुनने का सुझाव दिया। स्कूल की प्रिंसिपल मिली सिन्हा ने छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला इंटक बनने पर देविका सिंह को जिला कांग्रेस ने किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में स्वागत सह सम्मान कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में आयोजित की गई। जिसमें नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला इंटक देविका सिंह के बनने पर जिला कमिटी के द्वारा बुके प्रदान कर तथा शॉल प्रदान कर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने स्वागत सह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दुबे ने कहा कि जमशेदपुर के वासी तथा कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं के लिए गर्व की बात है कि प्रथम बार जमशेदपुर का एक नेत्री मजदूर क्षेत्र में सेवा प्रदान कर राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला इंटक बनी है। हम सभी जिला कांग्रेस कमिटी के तरफ से सफला के लिए कामना करते है। आशा है कि राष्ट स्तर पर मजदूर हित में देविका सिंह आवाज बनेगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, एल बी सिंह, प्रदेश सचिव खगेनचन्द्र महतो, राकेश तिवारी, सामंता कुमार, जिला उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र तिवारी, जिला महामंत्री युवा सन्नी सिंह, एनएसयुआई अध्यक्ष सचिन कुमार सिंह आदि शामिल हुए।

## शिक्षकों की मासिक गुरु गोष्टी, शिक्षकों को मिले कई दिशा-निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता




**खरसावां :** कुचाई प्रखंड क्षेत्र में संचालित सभी उत्क्रमित मध्य विद्यालय उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रधान शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का प्रखंड संसाधन केंद्र कुचाई में प्रभारी प्रखंड प्रसार पदाधिकारी संजय कुमार जोशी के अध्यक्षता में एक मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक की शुभारंभ बीईईओ संजय कुमार जोशी, बीपीओ नाथो महतो व लेखापाल कृष्णा महतो ने किया। बीईईओ जोशी ने प्रखंड के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को निर्देश देते हुए कहा कि वर्गवार जातिवार एवं लिंगवार नामांकन प्रतिवेदन, छात्र-छात्राओं का पोशाक हेतु डीबीटी डाटा उपलब्ध कराना, ई कल्याण में सभी नामांकित छात्र-छात्राओं का आवेदन करना। जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2024 हेतु सभी विद्यालय क्रमश 05 एवं 10 पी एस एम एस ऑनलाइन आवेदन करना। जिन छात्र-छात्राओं का खाता संख्या उपलब्ध नहीं है उनका खाता खोलने हेतु 10 अगस्त तक डाकघर में आवेदन जमा करना है। शिक्षकों का बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज प्रतिवेदन ई विधावाहिनी में छात्र उपस्थिति नियमित अपलोड करना। आईएफए का मासिक प्रतिवेदन जमा करते हुए उपलब्ध सामग्री एवं टेबलेट उठाओ करना। इस दौरान मुख्य रूप से सीआरपी सुधीर महतो, राजेश प्रधान, राजेंद्र गुंदुआ, शीतल साहू आदि शिक्षक शिक्षिकाओं उपस्थित थे।

## सावन के राजस्थानी गीतों पर मारवाड़ी समाज की महिलाएं हो गई बाग-बाग

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** शुक्रवार को अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन झारखंड प्रदेश की ओर से आयोजित सावन सिंधारा उत्सव कार्यक्रम में रंगीलो सावन आयो रे सुरंगो सावन आयो..., आयो आयो तीज त्योहार..., आजा सखियां तीज मनआवा..., सावन आया झूम के..., मोर की तरह सखिया नाचो..., रिमझिम बरसे सावन.... आदि राजस्थानी गीतों पर सम्मेलन संस्था से जुड़ी मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने जमकर ठुमके लगाए। शुक्रवार की शाम को सिंधारा कार्यक्रम सीतारामडेरा रोड़ स्थित द प्राइड होटल में महिला सम्मेलन की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मंजू खंडेलवाल एवं उपाध्यक्ष प्रभा पाडिया की देखरेख में संपन्न हुआ। इस मौके पर रंग-बिरंगी परिधानों में शामिल महिलाओं की ओर से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मंजू खंडेलवाल ने बताया कि सावन सिंधारा उत्सव हमारी संस्कृति व धरोहर है। इससे समाज में परस्पर प्रेम की भावना बढ़ती है। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने जमकर मस्ती की। अंत में सभी ने लजीज स्वादिष्ट व्यंजनों का आनन्द भी लिया। इससे पहले बिष्टुपुर तुलसी भवन में विगत 08 से 14 जुलाई तक महिलाओं द्वारा आयोजित सप्ताह व्यापी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन संपन्न होने की खुशी में प्रदेश अध्यक्ष ने समस्त टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। इसे सफल बनाने में लता अग्रवाल, बीना अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, सुशीला खीरवाल, सीमा जवानपुरिया, रानी अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

## मिशन इंद्रधनुष व फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने की वर्चुअल बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** उपायुक्त रविशंकर शुक्ला के अध्यक्षता में मिशन इंद्रधनुष एवं फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 2023 को लेकर गूगल मीट के माध्यम एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को मिशन इंद्रधनुष एवं फाइलेरिया उन्मूलन 2023 कार्यक्रम के तहत संचालित कार्यो का समीक्षा कर प्रखंड स्तर पर को ऑर्डिनेशन बैठक आयोजित कर माइक्रो प्लान तैयार करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए। मिशन के तहत शत प्रतिशत योग्य लोगों को मलेरिया उन्मूलन दवा की खुराक तथा 5 साल से कम उम्र के बच्चों के छूटे हुए सभी टीका लगाना सुनिश्चित करने को कहा गया। वर्चुअल बैठक में सिविल सर्जन डॉक्टर अजय कु. सिन्हा, जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, डीपीएम निर्मल दास, WHO से डॉ अभिषेक कुमार, आदि थे।

## संपादकीय

### ट्रेन में 'हत्यारा रक्षक'

**रेलगाड़ी** में सफर सबसे सुरक्षित, आरामदेह और सुकूनदायक माना जाता रहा है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) का सूत्र-वाक्य 'यात्रियों की सुरक्षा, संरक्षा और रेल-यात्रा के प्रति विश्वास को बढ़ाना' भी आश्वस्त करता है, लेकिन सोमवार, 31 जुलाई को 'जयपुर-मुंबई सुपरफास्ट एक्सप्रेस' ट्रेन में, सुरक्षाकर्मी ने ही, जो कत्लेआम किया, उसने रेलवे की छवि पर दाग ही नहीं, कई सवाल चस्पां कर दिए हैं। क्या रेल-यात्रा वाकई सुरक्षित है? आरपीएफ के एक कांस्टेबल ने न केवल अपने वरिष्ठ कर्मचारी, बल्कि 3 यात्रियों की भी हत्या कर दी। अपनी मनःस्थिति को अंजाम देने से पहले वह 'हत्यारा रक्षक' करीब 40 मिनट तक, बोगी-दर-बोगी घूमते हुए, यात्रियों को आतंकित करता रहा। उसके निशाने पर सिर्फ मुस्लिम यात्री ही थे अथवा उसने सभी को धमकाया था, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। संभवतः जांच के निष्कर्षों में यह तथ्य उजागर हो सकता है! आरपीएफ ने त्वरित सफाई दी है कि वह मानसिक तौर पर बीमार था, लिहाजा यह कांड कर दिया। यह संदर्भ और सरोकार सैकड़ों रेल-यात्रियों से जुड़ा है। रेलगाड़ी में सशस्त्र सुरक्षा कर्मियों को गश्त लगाते देख कर औसत यात्री, बेशक, सुरक्षित महसूस करता है। यात्री आराम और सुकून की नींद सो पाते हैं। सुरक्षा कर्मियों की गश्त के बावजूद रेलगाड़ी में लूट-डकैती की भी घटनाएं हुई हैं, लेकिन इस तरह सरेआम, यात्रियों से भरी ट्रेन में, गोलियां चलाकर किसी की हत्या नहीं की गई। बहुत बड़ा सवाल है कि यदि आरपीएफ कांस्टेबल मानसिक रोगी था, तो सुरक्षा बल ने, हमलावर राइफल के साथ, उसे ड्यूटी पर तैनात क्यों किया था? नियमित ड्यूटी से पहले अस्पताल में उसका उचित इलाज क्यों नहीं कराया गया? उसे स्वस्थ होने तक छुट्टी पर क्यों नहीं भेजा गया? ऐसे तमाम सवाल आरपीएफ के लापरवाह, आंख मूंदे अधिकारियों की ओर भी संकेत करते हैं। उन्हें भी दंडित किया जाना चाहिए। दरअसल यह कोई इकलौती घटना नहीं है। सैनिकों और पुलिस कर्मियों के शिविरों में ऐसा होता रहा है कि एक जवान ने दूसरे को गोली मार दी अथवा खुद को ही गोली मार कर आत्महत्या कर ली। वरिष्ठ अफसरों को भी निशाना बनाया गया है। ओडिशा के तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री नाबा दास की एक पुलिस कर्मी ने, बीती जनवरी में ही, अपनी सर्विस रिवॉल्वर इस्तेमाल करते हुए, गोली दाग कर हत्या कर दी थी। तब भी हत्यारे को 'मानसिक रोगी' करार दिया गया था। सुपरफास्ट ट्रेन में आरपीएफ कांस्टेबल द्वारा यह हत्याकांड, बेशक, अभूतपूर्व और अप्रत्याशित है। यदि हत्याओं की वजह 'सांप्रदायिक नफरत' है, तो यह घटना भयावह और खौफनाक है। यह दौर सांप्रदायिक तौर पर तपा हुआ है। ऐसी हिंसा और हत्याएं की जा रही हैं, लेकिन रेलगाड़ी तो 'राष्ट्रीय और धर्मनिरपेक्ष वाहन' है। बहरहाल आरपीएफ ने जांच के लिए एक समिति का गठन किया है, जो तीन महीने में अपनी रपट देगी। कमेटी जो अनुशंसाएं करे, उसमें एक सरकारी व्यवस्था का सुझाव होना चाहिए, जो तय कर सके कि 'मनोरोगियों' को ड्यूटी पर नहीं भेजा जाएगा। आरपीएफ केंद्रीय कानून के तहत काम करता है, लिहाजा उसे पर्याप्त शक्तियां प्राप्त हैं। वह मजिस्ट्रेट के आदेश या किसी सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के बिना ही, किसी को भी, गिरफ्तार कर सकता है। आरपीएफ कर्मियों को कमांडो ट्रेनिंग भी दी जाती है। उसके बावजूद आरपीएफ यात्रियों और कर्मचारियों में विश्वास पैदा करने में नाकाम रहा है, तो उसकी गहराई में जाना अनिवार्य है, क्योंकि बल के कर्मचारी देश की जनता के, जो रेल में यात्रा कर रही हो, रक्षक हैं। यदि सुरक्षा बल ही रक्षक के बजाय भक्षक साबित होने लगे, तो यह संपूर्ण व्यवस्था की नाकामी है। रेलवे सुधार समिति ने बिबेक देबरॉय की अध्यक्षता में 2015 में अनुशंसा की थी कि वरिष्ठ रेलवे अधिकारी यात्रियों की सुरक्षा के लिए निजी सुरक्षा अथवा आरपीएफ की सुरक्षा का बंदोबस्त करने को स्वतंत्र होने चाहिए। बुनियादी चिंता-सवाल तो यही है कि यदि कोई सुरक्षा कर्मी मानसिक तौर पर अस्वस्थ है, तो उसके साथ क्या व्यवहार किया जाना चाहिए।


रेलगाड़ी में सशस्त्र सुरक्षा कर्मियों को गश्त लगाते देख कर औसत यात्री, बेशक, सुरक्षित महसूस करता है। यात्री आराम और सुकून की नींद सो पाते हैं। सुरक्षा कर्मियों की गश्त के बावजूद रेलगाड़ी में लूट-डकैती की भी घटनाएं हुई हैं, लेकिन इस तरह सरेआम, यात्रियों से भरी ट्रेन में, गोलियां चलाकर किसी की हत्या नहीं की गई। बहुत बड़ा सवाल है कि यदि आरपीएफ कांस्टेबल मानसिक रोगी था, तो सुरक्षा बल ने, हमलावर राइफल के साथ, उसे ड्यूटी पर तैनात क्यों किया था? नियमित ड्यूटी से पहले अस्पताल में उसका उचित इलाज क्यों नहीं कराया गया? उसे स्वस्थ होने तक छुट्टी पर क्यों नहीं भेजा गया? ऐसे तमाम सवाल आरपीएफ के लापरवाह, आंख मूंदे अधिकारियों की ओर भी संकेत करते हैं। उन्हें भी दंडित किया जाना चाहिए। दरअसल यह कोई इकलौती घटना नहीं है। सैनिकों और पुलिस कर्मियों के शिविरों में ऐसा होता रहा है कि एक जवान ने दूसरे को गोली मार दी अथवा खुद को ही गोली मार कर आत्महत्या कर ली। वरिष्ठ अफसरों को भी निशाना बनाया गया है।


## चार जिलों में पिछले ढ़ाई साल में ही हेरोइन तस्करी के कोई दो-चार नहीं अपितु तेईस मामले सामने आ चुके हैं

# नार्को आतंकवाद को प्रश्र्य दे रहा पाकिस्तान

सुनील कुमार महला


आज हमारे देश की युवा पीढ़ी नशे के गिरफ्त में लगातार फंसती चली जा रही है और नशे हमारे समाज, हमारे देश को गर्त की ओर धकेल रहा है। नशे से धन की तो बर्बादी होती ही है, स्वास्थ्य के साथ साथ यह हमारे समाज के ताने–बाने को भी काफी नुकसान पहुंचाता है। पंजाब तो पंजाब, लेकिन अब पंजाब के बाद अब राजस्थान में मादक पदार्थों की तस्करी में वृद्धि से राजस्थान के उड़ता राजस्थान बनने का डर सता रहा है। मीडिया के हवाले से आ रही खबरों से पता चलता है कि सीमावर्ती इलाकों में मादक/नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले दिन–ब–दिन बढ़ते ही चले जा रहे हैं। नशीले पदार्थों की बड़ी खेप तस्करों द्वारा हमारे देश में पहुंचाई जा रही है और इसमें पाकिस्तान का बहुत बड़ा हाथ है। नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा भी खूब लिया जा रहा है और देखा जाए तो पाकिस्तान ने एक तरफ से हम पर एक अघोषित ड्रोन युद्ध छेड़ रखा है।


**काफी** समय पहले निर्देशक अभिषेक चौबे की एक फिल्म आई थी -'उड़ता पंजाब।' यह फ़िल्म पंजाब में युवा आबादी द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और उससे जुड़े विभिन्न षड्यंत्रों की बात करती है। आज हमारे देश की युवा पीढ़ी नशे के गिरफ्त में लगातार फंसती चली जा रही है और नशे हमारे समाज, हमारे देश को गर्त की ओर धकेल रहा है। नशे से धन की तो बर्बादी होती ही है, स्वास्थ्य के साथ साथ यह हमारे समाज के ताने-बाने को भी काफी नुकसान पहुंचाता है। पंजाब तो पंजाब, लेकिन अब पंजाब के बाद अब राजस्थान में मादक पदार्थों की तस्करी में वृद्धि से राजस्थान के उड़ता राजस्थान बनने का डर सता रहा है। मीडिया के हवाले से आ रही खबरों से पता चलता है कि सीमावर्ती इलाकों में मादक/नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते ही चले जा रहे हैं। नशीले पदार्थों की बड़ी खेप तस्करों द्वारा हमारे देश में पहुंचाई जा रही है और इसमें पाकिस्तान का बहुत बड़ा हाथ है। नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा भी खूब लिया जा रहा है और देखा जाए तो पाकिस्तान ने एक तरफ से हम पर एक अघोषित ड्रोन युद्ध छेड़ रखा है। एक नामी-गिरामी न्यूज़ एजेंसी के हवाले से यह खबरें हाल ही में आई हैं कि पाकिस्तान के नजदीक चार जिलों में पिछले ढ़ाई साल में ही हेरोइन तस्करी के कोई दो-चार नहीं अपितु तेईस मामले सामने आ चुके हैं। एजेंसी के हवाले से यह बताया गया है कि इन मौकों पर राज्य में 125 किलोग्राम हेरोइन लाई गई जो नशे की एक बड़ी खेप मानी जा सकती है। यहां पाठकों को यह जानकारी देना चाहूंगा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है और यहां की सबसे अधिक आबादी भी युवाओं की है और भारत में युवा पीढ़ी को पथभ्रष्ट करने और आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिये पाकिस्तान बड़े पैमाने पर ड्रोन के जरिये नशीले पदार्थों की आपूर्ति करता रहा है। तस्कर श्रीगंगानगर, बीकानेर, बाड़मेर, जोधपुर, बीकानेर और जैसलमेर के रास्ते पाकिस्तान से मादक पदार्थों की तस्करी तो कर ही रहे हैं, साथ ही साथ हथियारों की सप्लाई भी चोरी छिपे की जा रही है। पिछले कुछ समय में आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुए पाकिस्तान ने ड्रोन के जरिए इन तस्करी की घटनाओं को अंजाम दिया है। यही कारण है कि पिछले कुछ समय में सीमावर्ती इलाकों में ड्रोन से तस्करी के मामलों में अभूतपूर्व वृद्धि देखने को मिली है। आज आए दिन अखबारों की सुर्खियों में हमें यह बात पढ़ने को मिलती है कि फलां फलां स्थान पर नशीली गोलियां, कैप्सूल और इंजेक्शन पुलिस द्वारा जब्त किए गए। सच तो यह है कि पाकिस्तान के ड्रग तस्करों के तार पंजाब व राजस्थान के बड़े ड्रग तस्करों से जुड़े हुए हैं। वास्तव में ड्रग्स



तस्करी का यह गंदा खेल देश के सीमावर्ती इलाकों में लंबे समय से जारी है। पाक की धरती से उड़ने वाले ये ड्रोन कश्मीर व पंजाब व राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों में आतंकियों को हथियार व पैसा मुहैया कराने के लिये नशे की खेप लगातार गिराते रहे हैं। सच तो यह है कि पाकिस्तान नार्को आतंकवाद का इस्तेमाल भी भारत के खिलाफ कर रहा है।जानकारी देना चाहूंगा कि कुछ समय पहले ही जुलाई माह में ही राजस्थान के सीमावर्ती जिले बाड़मेर में सीमा सुरक्षा बल, एनसीबी और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए भारत-पाक सीमा के पास से 11 पैकेट हेरोइन बरामद की है। बरामद किए गए हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 55 करोड़ रुपए आंकी गई है। इससे कुछ समय पहले ही राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में भारत पाक सीमा पर पाकिस्तान की ओर से भारतीय सीमा में हेरोइन की खेप फेंकी गई थी, हालांकि इस हेरोइन की डिलीवरी लेने आए चार तस्करों को बीएसएफ और राजस्थान पुलिस ने धर दबोचा था और तस्करों के कब्जे से दस करोड़ रुपए मूल्य की दो किलो हेरोइन बरामद की गई। पाठकों को यह भी बता दूं कि कुछ समय पहले राजस्थान के गंगानगर जिले के श्रीकरणपुर में भी बीएसएफ जवानों ने एक ड्रोन को मार गिराया था। सच तो यह है कि पाक द्वारा सीमा पर ड्रोन से तस्करी आम बात है, जबकि पाक ने कभी भी इस सच्चाई को स्वीकार नहीं किया है कि उसकी धरती से लगातार भारत विरोधी गतिविधियां ड्रोन के जरिये जारी हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि अभी पिछले दिनों ही जम्मू-कश्मीर व सीमावर्ती राज्य पंजाब में ड्रोन के जरिये ड्रग्स व हथियार की खेप गिराने की तमाम घटनाएं सामने आई हैं। हमारे देश के सुरक्षा बलों व पुलिस की मुस्तैदी के चलते हालांकि बहुत से ड्रोन अब तक गिराए भी जा चुके हैं लेकिन पाकिस्तान द्वारा नशा व हथियारों की तस्करी का सिलसिला थम नहीं रहा है।इसी बीच ,हाल ही एक प्रतिष्ठित न्यूज़ एजेंसी के हवाले से यह खबरें आईं हैं कि पिछले ढाई साल में राजस्थान में ड्रग तस्करी के 9000 मामले दर्ज किए गए हैं और 11,000 लोगों को हिरासत में लिया गया। सबसे बड़ी हैरानी की बात तो यह है कि आठ पुलिसकर्मी भी ड्रग तस्करों के साथ मिले हुए पाए गए हैं। मतलब यह है कि बाड़ ही खेत को खा रही है तो ऐसे में ड्रग माफिया, ड्रग तस्करों पर भला लगाम कैसे लगाई जा सकेगी, यह प्रश्न यहां यक्ष है। बहरहाल, पाकिस्तान की सरकार हमेशा भारत में ड्रग तस्करी व आतंकवाद की करतूतों से हमेशा इनकार करती रही है लेकिन अब पाकिस्तान के ही एक बड़े अधिकारी ने ड्रग्स तस्करी पर बहुत बड़ा खुलासा किया है। इस संबंध में पाठकों को यह जानकारी देना चाहूंगा कि हाल ही में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के विशेष रक्षा सहायक ने एक टीवी साक्षात्कार के दौरान यह स्वीकार किया है कि सीमा पार से भारत में नशीले पदार्थों की तस्करी के लिये पाकिस्तानी ड्रोनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। दरअसल, पाकिस्तान के इस विशेष रक्षा सहायक( सलाहकार )ने अपने इलाके में बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास के लिये सरकार से विशेष पैकेज की मांग की थी और इसी मांग के लिए दबाव बनाने के लिये उन्होंने सार्वजनिक रूप से यह बात कही है कि अगर समय रहते बाढ़ पीड़ितों को मदद नहीं मिलती तो उस इलाके के युवा भी उन तस्करों में शामिल हो सकते हैं, जो नियंत्रण रेखा के करीब रास्ते विशेष से भारत में हेरोइन भेजने के लिये ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं।जाहिर है पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के रक्षा सहायक की यह स्वीकारोक्ति इस बात की पुष्टि करती है कि शरीफ सरकार की नाक के नीचे ड्रोन के जरिये मादक पदार्थों का धंधा धड़ल्ले से जारी है। सच तो यह है कि पाकिस्तान हथियारों व मादक पदार्थों की भारत में तस्करी कर भारतीय युवाओं को पथभ्रष्ट करने में लगा है और दुखद पहलू यह है कि भारतीय युवा पाकिस्तान के चंगुल में लगातार फंस रहे हैं। पाकिस्तान द्वारा नशा तस्करों को रोकने के लिये कोई ठोस व पुख्ता प्रयास नहीं किये जा रहे हैं। पाकिस्तान आतंकवाद को तो प्रशय देता ही रहा है लेकिन वह आतंकवाद के साथ ही अब नशे को भी लगातार प्रशय देता नजर आ रहा है। यह बात अलग है कि पर्याप्त सबूतों के बावजूद पाकिस्तान लंबे समय से किसी भी रूप में सीमा पार से आतंकवाद को सहायता या बढ़ावा देने में तथा नशा तस्करी के संबंध में अपनी किसी भी तरह की भूमिका से इनकार करता रहा है। बहरहाल, यहां यह उल्लेखनीय है कि हाल ही में मादक द्रव्यों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर हुए एक सम्मेलन के दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गृहमंत्री अमित शाह से ड्रोन पंजीकरण को अनिवार्य बनाने का आग्रह किया था। इतना ही नहीं उन्होंने सीमा पार से हथियारों और हेरोइन की तस्करी के संबंध में भी जानकारी दी थी कि बड़े पैमाने पर पाकिस्तान से ड्रोनों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

## कुछ अलग

### हिमाचल तेरे कितने घाव

**पहाड़** के जख्मों पर कोई पहली बार हाथ रख गया। पहली बार यह समझने की कोशिश हुई कि पर्वत केवल अपने दर्द में पिघलता है। पानी की हर बूंद हिमाचल को चूस के निकल जाती है और शेष रह जाते हैं अनेक घाव। कहना न होगा कि किस हद तक केंद्रीय भूतल एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने हिमाचल में बरसात के कोहराम को सुना और यह समझा कि पहाड़ से निकलते पानी के वेग और मौसम की विसंगतियों को समझे बिना देश का इनसाफ इस भू भाग को नहीं मिलेगा। फोरलेन परियोजना के नुकसान को देखते-देखते गडकरी ने हिमाचल की त्रासदी को न केवल देखा, बल्कि यह आश्वासन भी दिया कि आगे किस तरह ऐसे संकट से निजात पाई जाए। विशेषज्ञों की टीम यह पता लगाएगी कि कुल्लू में आई बाढ़ के लिए दोष कहां-कहां रहा। ब्यास नदी पर फौरी तौर पर अध्ययन की जरूरत को केंद्रीय मंत्री ने अपनी सहमति दी तथा प्राकृतिक जल बहाव की रुकावटों को लेकर भी विकल्प तलाशने की गुंजाइश को समझा। जाहिर है मंत्री का हिमाचल आगमन कुछ अन्य विभागीय प्राथमिकताओं का हवाला दे गया। बिजली महादेव रोप-वे परियोजना की कुल 250 करोड़ की लागत तथा सेतु भारत योजना के तहत चार सौ करोड़ की राशि का इंतजाम गडकरी का विभाग कर रहा है। मंत्री ने एनएचएआई के मार्फत नदी के किनारों को सुदृढ़ करने का वादा करते हुए वर्तमान डिजाइन के प्रारूप में नई शर्तें तथा अतिरिक्त खर्च जोडने का आश्वासन दिया है, जबकि जख्मों को भरने के लिए अस्सी करोड़ की राशि देने का ऐलान भी किया है। इस तरह हिमाचल दौरे में केंद्रीय भूतल एवं परिवहन मंत्री ने सियासत से परे प्रदेश के मर्म को जाना और जरूरी इंतजाम की फेहरिस्त बना डाली। नितिन गडकरी जैसे एक दो अन्य केंद्रीय मंत्री भी हिमाचल आकर हमारा दर्द जान लें, तो बाढ़ त्रासदी के चंगुल में फंसे प्रदेश को काफी हद तक इनसाफ मिल सकता है। हिमाचल को देखने का नजरिया दिल्ली में बैठकर पैदा नहीं हो सकता, बल्कि ऐसे मुआयने पर्वतीय अंचल में आ कर ही कुछ कह सकते हैं। बाढ़ की त्रासदी को यूं तो देश की कई योजनाएं मापती आई हैं, लेकिन पर्वतीय इलाकों में बारिश का चौतरफा हमला ही बाढ़ है। यहां ढलान पर खेत, ढांग पर घर और बादलों को छूते पहाड़ का सिंहासन किसी वक्त भी डोल सकता है। केंद्रीय मंत्री ने एक परियोजना के मार्फत ब्यास का रौद्र रूप देखा, लेकिन यहां तो उत्तर भारत की प्रमुख नदियां व उनके अस्तित्व को भरते सैकड़ों नाले-खड्डें व कूहलें इसी तरह मौसम को कोस कर निकल जाती हैं। ऐसे में देश के लिए विद्युत उत्पादन, पीने के लिए और खेत सींचने को पानी जिस मिकदार में चाहिए, उसके ऐवज में बरसात को ढोते पहाड़ की पीठ पर न जाने कितने जख्म और कितने जन्म लेने पड़ रहे हैं। केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री के साथ-साथ ऊर्जा, जलशक्ति व पर्यावरण मंत्री भी हिमाचल का मुआयना कर जाएं, तो पता चलेगा कि मैदानों को नहरी पानी देने के लिए पर्वत की छाती किस तरह छीली जाती है। देश को बिजली पहुंचाने के लिए कितना दर्द सिर पर उठाना पड़ता है। जाहिर है प्रगति ने पहाड़ को चलना सिखाया, लेकिन इन कदमों की आहट से खुद पहाड़ ही डर रहा है। पहाड़ तब भी डरा जब बड़े बांधों की बुनियाद पर जमीन खोदी गई थी और अब भी घबरा रहा है कि प्रगति का कारवां अपनी टेढ़ी चाल चल रहा है। नितिन गडकरी के आश्वासन अगर पर्वत की मर्यादा से जुड़ते हैं और यहां की बाढ़, अध्ययन, शोध व सर्वेक्षण का विषय बन कर राष्ट्रीय नीतियों के मंच का स्पर्श पा जाते हैं, तो तकनीकी तौर पर बड़े बदलाव की उम्मीद की जा सकती है। अंततः पर्वतीय नालों, खड्डों व नदियों के तटीकरण की जरूरत परिलक्षित होती है।

# दृश्य देख विध्वंश का धरती भय से थर्राती है !


युद्ध के विरूद्ध केशव शरण अपनी एक कविता ' युद्ध महान ' में कुछ यूं लिखते हैं–' अपना रथ भी दौड़ाऊं,बाण भी चलाऊं और जीत भी लूं युद्ध महान ,मेरी सैन्य–सुविधाएं क्या यही भगवान ! मैं वीर गति को प्राप्त हो जाऊं और पाऊं स्वर्ग में स्थान, इस सांत्वना के अलावा और कुछ नहीं भगवान !' रूस–यूक्रेन युद्ध को डेढ़ वर्ष का लंबा समय हो गया है। यह ठीक है कि दोनों देशों में वर्चस्व, सम्मान और स्वाभिमान की लंबे समय से जंग जारी है, लेकिन युद्ध से आखिर होगा क्या ? युद्ध से नुकसान ही नुकसान हैं, कोई फायदा नहीं। आज भी दोनों देशों में से कोई भी देश झुकने को और पीछे हटने को तैयार नहीं है और इसका खामियाजा न केवल रूस और यूक्रेन को बल्कि दुनिया के लगभग लगभग सभी देशों को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से भुगतना पड़ रहा है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि इस युद्ध में न तो कोई जीत रहा है न ही कोई हार रहा है।


**युद्ध** किसी भी समस्या का कभी भी स्थाई समाधान नहीं होता है। युद्ध में केवल और केवल विध्वंस है, आग है, धमाका है, खून है, चीत्कारें हैं। युद्ध मानवहीनता की पराकाष्ठा है, वास्तव में युद्ध करूणा का अंत है। युद्ध के विरूद्ध केशव शरण अपनी एक कविता' युद्ध महान 'में कुछ यूं लिखते हैं-' अपना रथ भी दौड़ाऊं, बाण भी चलाऊं और जीत भी लूं युद्ध महान ,मेरी सैन्य-सुविधाएं क्या यही भगवान ! मैं वीर गति को प्राप्त हो जाऊं और पाऊं स्वर्ग में स्थान, इस सांत्वना के अलावा और कुछ नहीं भगवान !' रूस-यूक्रेन युद्ध को डेढ़ वर्ष का लंबा समय हो गया है। यह ठीक है कि दोनों देशों में वर्चस्व, सम्मान और स्वाभिमान की लंबे समय से जंग जारी है, लेकिन युद्ध से आखिर होगा क्या ? युद्ध से नुकसान ही नुकसान हैं, कोई फायदा नहीं। आज भी दोनों देशों में से कोई भी देश झुकने को और पीछे हटने को तैयार नहीं है और इसका खामियाजा न केवल रूस और यूक्रेन को बल्कि दुनिया के लगभग लगभग सभी देशों को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से भुगतना पड़ रहा है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि इस युद्ध में न तो कोई जीत रहा है न ही कोई हार रहा है। दिसंबर 2022 में ही यूक्रेनी राष्ट्रपति के आर्थिक सलाहकार ओलेग उस्तेंको के मुताबिक यह बात सामने आई थीं कि , यूक्रेन को युद्ध की वजह से एक ट्रिलियन डॉलर ( करीब आठ लाख करोड़ रुपये ) का नुकसान हो चुका है। दिसंबर 22 के ही आंकड़ों के अनुसार रूस भी युद्ध में करीब 8,000 अरब रुपये फूंक चुका है।अमेरिका-यूरोप-यूक्रेन और रूस के लिए युद्ध के अपने-अपने मायने हैं और नफे-नुकसान हैं। लेकिन, कुल मिलाकर बात यह है कि पूरी दुनिया को इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है। करीब 32 लाख करोड़ रुपये (4 ट्रिलियन डॉलर) का खर्च तो दिसंबर 22 तक ही हो चुका और इसके बाद तो सात महीने का और समय बीत चुका है तो हम अंदाजा लगा सकते हैं कि इस युद्ध पर कितना अधिक खर्च हो चुका है।जाहिर है, यूक्रेन को युद्ध का सबसे ज्यादा खामियाजा भुगतना पड़ा है। भोजन और ईंधन की बढ़ी हुई कीमतें, बाधित आपूर्ति शृंखला, महंगाई और बेरोजगारी जैसे कारकों को शामिल कर देखा जाए, तो युद्ध की वजह से पूरी दुनिया पर करीब 24 लाख करोड़ रुपये (तीन ट्रिलियन डॉलर) का बोझ तो दिसंबर 22 तक ही पड़ा है। कीव स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स का अनुमान है कि 24 फरवरी 2022 से दिसंबर 2022 तक रूसी हमलों में यूक्रेन का 138 अरब डॉलर का इन्फ्रास्ट्रक्चर तबाह हो गया है। भारतीय करंसी में ये रकम 11 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा बैठती है। आज स्थिति यह है कि युद्ध के कारण शहर के शहर खंडहर हो चुके हैं। पर्यावरण का कितना अधिक नुकसान हुआ है यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। रूस यूक्रेन युद्ध में अब तक हजारों लाखों लोगों की जानें जा चुकी है और हजारों लाखों लोग युद्ध के कारण विस्थापित हो चुके हैं। यहां तक कि लोगों की भोजन, ईंधन, बिजली और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतें तक पूरी नहीं हो पा रही है और वे युद्ध की वजह से जीवित रहने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि 24 फरवरी 2022 को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ जंग का ऐलान किया था। यूक्रेन की स्थिति तो यह है गई है कि यूक्रेन आने वाले पचास सालों में भी युद्ध से हुए नुकसान की भरपाई नहीं कर पायेगा, हालांकि युद्ध से रूस भी बरसों पीछे चला गया है और उसका भी नुकसान यूक्रेन से कमतर नहीं आंका जा सकता है। इस युद्ध ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित और अस्त-व्यस्त करके रख दिया है। यूक्रेन द्वारा रूस पर ड्रोन हमले किए जा रहे हैं लेकिन इसी बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा सेंट पीटर्सबर्ग में जो बयान दिया है उसे गम्भीरता से लिया जाना चाहिए और युद्ध को समाप्त करने की कोई न कोई पहल जरूर की जानी चाहिए। यह बहुत ही संवेदनशील है कि रूसी सेना यूक्रेन के आत्मसमर्पण करने से पहले हमले रोकने को तैयार नहीं है, वही यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने अंतिम सांस तक मुकाबला करने, लड़ने की कसम खाई है। सच तो यह है कि यूक्रेन को नाटो देशों से मिल रहे हथियारों ने युद्ध को लंबा खींचने में बड़ी भूमिका निभाई है। लेकिन जो भी हो इस युद्ध को रोका जाना बहुत ही जरूरी व आवश्यक है। हालांकि युद्ध के संबंध में पुतिन का यह कहना है कि वे कभी भी शांति पहल के खिलाफ नहीं रहे हैं लेकिन जब यूक्रेन की सेना बड़े पैमाने पर उनके देश पर हमले कर रही हों तो रूस की सेना युद्ध विराम कैसे कर सकती है ? आज विश्व के बहुत से देश जैसे भारत, चीन,अफ्रीका दोनों देशों से शांति बरतने की लगातार अपील कर रहे हैं। पुतिन का बयान भी काफी महत्वपूर्ण व अहम् है। रूस और यूक्रेन दोनों ही देशों को अपना दंभ त्यागना होगा और शांति बहाली के लिए मेज पर आना होगा। अमेरिका और यूरोपीय देशों को भी युद्ध की विभिषिका को समझना होगा और हथियारों और गोला बारूद की सप्लाई को बंद करना होगा। हालांकि युद्ध के संदर्भ में रूस और यूक्रेन दोनों ने अब तक यही बात कही है कि वे बिना शर्तों के शांति वार्ता के लिए बातचीत की मेज पर नहीं आएंगे। यह बहुत ही संवेदनशील और महत्वपूर्ण है।

## देश दुनीया से

### हिमाचल से सीख ले मणिपुर


हिमाचल का हाटी समुदाय भी अब अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में आ जाएगा जिससे इस समुदाय को अब अन्य जनजातियों की तरह रोजगार तथा अन्य क्षेत्रों में मिलने वाले लाभ मिलने शुरू हो जाएंगे। आरक्षण के संदर्भ में यह एक बड़ा निर्णय है जिसका प्रभाव आने वाले समय में प्रदेश के अन्य समुदायों के लोगों पर भी पडना निश्चित है, लेकिन हिमाचल प्रदेश में इस निर्णय का हर तरफ से स्वागत किया गया है और प्रदेश में छिटपुट विरोध को छोड़कर कहीं से किसी भी प्रकार के विरोध के बड़े स्वर सुनने को नहीं मिले हैं।


**व्यक्तिगत** हितों के प्रति संवेदनशील होना एक सामान्य मानवीय सोच है और व्यक्तिगत हितों की पूर्ति के लिए अपने समुदाय को आगे लाकर संख्या बल के प्रदर्शन द्वारा अपनी बात को सरकारों से मनवाना लोकतांत्रिक व्यवस्था की खूबसूरती है। लोकतंत्र में संख्या बल को बहुत महत्व मिलता है और हमारे भारत देश में जहां हर चार-पांच महीनों के बाद राजनीतिक दलों की चुनावी परीक्षा किसी न किसी प्रकार के चुनाव के द्वारा होती है, वहां पर विभिन्न समुदाय दबाव बनाकर अपनी मांगों को मनवाने में काफी हद तक कामयाबी भी हासिल कर लेते हैं। भारत में समुदाय के विभाजन के लिए विभिन्न जातियों, उपजातियों और अल्पसंख्यक जैसे शब्दों का प्रयोग होता आया है और इस आधार पर जब भी कोई समुदाय एकत्रित होता है तो बात आरक्षण की मांग पर आकर ही समाप्त होती है। आजकल आरक्षण की नींव पर ही किसी भी समुदाय के सुनहरी भविष्य की परिकल्पना की जाने लगी है क्योंकि समुदाय विशेष को आरक्षण से मिलने वाले लाभ से ही व्यक्तिगत हितों की पूर्ति भी हो जाती है। वर्तमान में भारत के विभिन्न राज्यों में आरक्षण को लेकर कई तरह की मांगें प्रदेश और केंद्रीय सरकारों के समक्ष रखी जा रही हैं। इनमें मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश में निषाद और उत्तर भारत के बहुत से राज्यों में जाट लोग आरक्षण को लेकर आंदोलनरत हैं। हिमाचल प्रदेश में भी आरक्षण के लिए पिछले लगभग साठ वर्षों से संघर्षरत हाटी समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने संबंधी निर्णय केंद्रीय कैबिनेट के द्वारा नवंबर 2022 में ले लिया गया था तथा अब इस आरक्षण से संबंधित बिल को 26 जुलाई 2023 को राज्यसभा में भी पारित कर दिया गया। इससे हिमाचल प्रदेश की लगभग दो लाख की आबादी को सीधे तौर पर लाभ पहुंचेगा। हिमाचल का हाटी समुदाय भी अब अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में आ जाएगा जिससे इस समुदाय को अब अन्य जनजातियों की तरह रोजगार तथा अन्य क्षेत्रों में मिलने वाले लाभ मिलने शुरू हो जाएंगे। आरक्षण के संदर्भ में यह एक बड़ा निर्णय है जिसका प्रभाव आने वाले समय में प्रदेश के अन्य समुदायों के लोगों पर भी पडना निश्चित है, लेकिन हिमाचल प्रदेश में इस निर्णय का हर तरफ से स्वागत किया गया है और प्रदेश में छिटपुट विरोध को छोड़कर कहीं से किसी भी प्रकार के विरोध के बड़े स्वर सुनने को नहीं मिले हैं। यह बात हमारे प्रदेश के निवासियों की एक विकसित और उदार सोच का जीता जागता उदाहरण है। इसके विपरीत हिमाचल प्रदेश से आधी आबादी वाले मणिपुर में आरक्षण के मुद्दे पर लगी हुई आग में पूरा प्रदेश बुरी तरह से जलता नजर आ रहा है। भारत का पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर आजकल दहशत और भयानक हिंसा के दौर से गुजर रहा है। मणिपुर में इस डर और हिंसा का दौर उस समय शुरू हुआ जब मणिपुर के उच्च न्यायालय द्वारा मई महीने में मेहतई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के संबंध में राज्य सरकार को ये आदेश दिया गया कि इस संबंध में एक प्रस्ताव तैयार करके केंद्रीय सरकार के अनुसूचित जनजाति के मामलों के मंत्रालय को भेजा जाए। अदालत के इस निर्णय से नाराज वहां के पहले से अनुसूचित जनजाति में शामिल नागा तथा कुकी समुदाय के लोगों ने रैलियां निकालकर इस निर्णय का विरोध करना शुरू कर दिया। कुकी और नागा समुदाय मणिपुर के पहाड़ी क्षेत्रों में रहते हैं और प्रदेश के कुल क्षेत्रफल का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा उनके अधिकार क्षेत्र में आता है, जबकि इनकी आबादी प्रदेश की कुल आबादी की लगभग 30 से 35 प्रतिशत ही है। जबकि मेहतई समाज के लोग मणिपुर की राजधानी इम्फाल के आसपास फैली घाटी के निवासी हैं और प्रदेश के कुल क्षेत्रफल का केवल 10 प्रतिशत हिस्सा ही इनके पास है, जबकि इस समुदाय की आबादी प्रदेश की कुल आबादी के लगभग 65 प्रतिशत है। किसी भी एक समुदाय की इतनी बड़ी आबादी सरकार बनाने में एकतरफा निर्णय सुनाने के लिए सक्षम होती है, इसलिए इस मुद्दे पर वोट बैंक की राजनीति का आड़े आना भी लाजिमी है। यह सत्य है कि जमीन पर अधिकार के मामले में मेहतई समाज भले ही कमजोर हो, लेकिन मणिपुर की विधानसभा की कुल 60 सीटों में से चालीस सीटों पर मेहतई समुदाय के प्रतिनिधि ही चुन कर जाते हैं।

## नागरिक बोध

# आजादी के नए रंगों की तलाश

**बहुत** दिन से हमें रंगों की तमीज करनी भूल गई ! काला रंग सदा डराने वाला लगता था, आज कितना अपना सा लगने लगा है। काला रंग जो रात के उतरने का सूचक होता है, यह रंग अंधेरे का सहोदर है। आजादी का अमृत महोत्सव हम मना चुके हैं, उसकी शुरुआत ही कभी एक आधी रात को किसी जननायक ने अपनी क्षीणकभीर वाणी से की थी। 'रात के बारह बज गए। अब देश में आजादी की नयी सुबह होगी। सदियों की गुलामी भरा यह काला अंधेरा छंट जाएगा। फिर क्षितिज पर उषा की लालिमा उभरेगी। नया सवेरा नई आजाद सांसों का ध्वजवाहक होगा।' काला रंग विदा होगा, नये सूरज की सफेदी इस धरा पर उतरेगी। हर हाथ को काम, हर पेट को रोटी और हर बच्चे के हाथ में किताब सी सफेदी। इस सफेदी से सब अंधेरे भगौड़े हो जाएंगे। अतीत की कालिख कचरे के उस डिब्बे में डाल दी जाएगी, कि जिसके पास कभी सुबह की सफेदी फटकना न चाहेगी। वायदे बहुत से वायदे। लेकिन इतना वक्त बीत गया कि अब तो हम इस बीतते वक्त का अमृत महोत्सव भी मनाने चले। लेकिन यह कैसा वक्त बीता कि काला अंधेरा और भी पांव पसार कर देश में जलते चिराग बुझाता चला गया। सफेद रंग का, उसके धवल उजलेपन का अवमूल्यन हो गया। नेताओं के धवल कुर्ते पायजामे और कश्तीनुमा सफेद टोपियां गाहे बगाहे रंग बदलती रहीं, लेकिन उन्होंने एक बार हाथ आई कुर्सियों की सवारी नहीं छोड़ी, बल्कि इन पर आधिपत्य जमाए अपना जन्म सिद्ध अधिकार मान वे इसे अपने नाती-पोतों के लिए सुरक्षित करने लगीं। नाती-पोते भी ऐसे कि जिन्हें इतनी समझ भी नहीं कि इस देश ने दो सौ बरस की गुलामी इंग्लिशस्तान की भुगती थी, या अमरीका की ? अब भला उन्हें कैसे समझायें कि भौगोलिक गुलामी तो तुमने अंग्रेजों की भुगती थी, अब 'एक दुनिया एक मंडी' के नाम पर तुम व्यावसायिक गुलामी अमरीका जैसे धनी मानी देशों की भुगत रहे हो। विदेशी थैलीवानों के निवेश की चाह ने इस आर्थिक गुलामी का भूमण्लीकरण कर दिया, सुना क्या ? जी हां, रंगों की पहचान की गड़बड़ यहीं से होती है। चले थे सफेदी भरी सुबह की तलाश में, और यहां कभी न खत्म होने वाली रात का अंधेरा सुबह हो जाने का भ्रम देने लगा। हर हाथ को काम, हर पेट को रोटी और हर नये जन्मे के हाथ में किताब नई सुबह की रौशनी का आभास नहीं, देश में गहराते अंधेरे में नारों की मशाल बन गई। यह मशाल हर पांच साल के बाद चुनाव के दिनों के करीब क्यों एकाएक भक्क से जल उठती है ? चुनाव परिणामों के बाद कुर्सियां बंट जायें तो यह मशाल क्यों भव्य अट्टालिकाओं का आतिशदान बन जाती है ? हम रंगों के मसीहा से पूछना चाहते हैं, कि न उभरने दो, करोड़ों लोगों के बीच में से ऐसे सवाल कि जिनका जवाब चुनावी भाषणों के पास नहीं है। क्यों न इस प्रश्नावली से निकलने की बजाय हम काले रंग को सुबह के सफेद राजसी दोशाले से समेट कर इसे एक समन्वयवादी गरिमा प्रदान कर दें ? जानते हो जिंदगी का सच काले को सफेद में बदल देना नहीं है, एक नये मटमैले रंग का स्वीकार है, जहां कतार में खड़ा आखिरी आदमी एक दीर्घ उच्छवास भर कर कह सके, यहां यूं ही चलता है भय्या ! क्या हम यह नया सच स्वीकार कर लें कि यहां सूरज के रथ में जुता सातवां घोड़ा उसी अंधेरे का वारिस है, जो दूसरे छह घोड़ों को भी चलने की प्रेरणा देता है। जवाब नहीं मिला। पौन सदी गुजर गई, क्यों न इस बात का अमृत महोत्सव मना लें कि भ्रष्टाचारी देशों के सूचकांक में हमारा दर्जा और भी गिरावट भरा हो गया है। यह बात तो एक अकाट्य सत्य हो गई कि इस देश में उचित सम्पर्क सूत्र के बिना कोई काम अपनी मंजिल की ओर नहीं सरकता। पिछले दिनों एक जानकार चचा ने बताया था कि जब देश की विकास गति चढ़ावे के स्वर्णयान की मदद से ही पकडनी है तो क्यों न इस चढ़ावे को जायज मान लें। कब तक इसे दण्डनीय अपराध कह कर अपने आपको सफेदपोश कहलाते रहोगे।

# हत्या के दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बालुमाथ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। हत्या के दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार भेजा जेल। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने एसपी कार्यालय में प्रेस वार्ता कर जानकारी दी है।उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम शांति के जंगल में एक जला हुआ शव (कंकाल) पड़ा हुआ है। इस संदर्भ में बालूमाथ थाना कांड सं0 88/2023, धारा 302/201 /120बी भा0द0वि0 के अंतर्गत अज्ञात अपराधकर्मियों के विरूद्ध दर्ज किया गया। कांड के गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा इस कांड का उद्भेदन हेतु अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बालूमाथ अजीत कुमार (भा0पु0 से0) के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी एवं अनुसंधान दल (एस0आई0टी0) का गठन किया गया। गठित एस0आई0टी0 (SIT) के द्वारा अनुसंधान के क्रम में घटना में शामिल दो अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त हथियार टांगी,दो हसुआ एवं चाकू तथा चार मोबाइल गिरफ्तार अभियुक्तों के निशानदेही पर कुआं से बरामद किया गया है। घटना में फरार अन्य अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी किया जा रहा है। घटना में गिरफ्तार अपराधकर्मी गौतम यादव उर्फ गोल्डन यादव, उम्र 26 वर्ष, पिता - बिन्देश्वर यादव, ग्राम- शांति, थाना बालूमाथ, जिला- लातेहार, वर्तमान - पता- खलारी बाजार टांड (रामनगर), थाना- मैक्लुस्कीगंज, जिला - लातेहार,2.सुहैल अंसारी उर्फ छोटका, उम्र 20 वर्ष, पिता- मुस्लिम अंसारी, सा0 खलारी स्टेशन बरवाटोला, थाना-खलारी, जिला - राँची?। घटना में गिरफ्तार अपराधकर्मियों का अपराधिक इतिहास भी है।गौतम उर्फ गोल्डन यादव के विरुद्ध विभिन्न थानों में कुल नौ (09) कांड दर्ज हैं।एवं सुहेल अंसारी के विरूद्ध दो (02) कार्ड दर्ज हैं। **छापामारी दल में शामिल सदस्यों का नाम :** शशिरंजन कुमार, पु0नि0 बालूमाथ अंचल, लातेहार। पु0अ0नि0 प्रशांत प्रसाद, थाना प्रभारी बालूमाथ। पु0अ0नि0 कुबेर साव,पु0अ0नि0 नितिश कुमार, पु0अ0नि0 धिरज कुमार, पु0अ0नि0 मनोज मुर्मू, स0अ0नि0 पारसनाथ प्रसाद, बालूमाथ थाना।एवं सशस्त्र बल शामिल थे।



## सरयू में कम्प्यूटर शिक्षण संस्थान का शुभारंभ किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सरयू प्रखण्ड के निलांबर-पितांबर चौक स्थित एसआर कम्प्यूटर शिक्षण संस्थान का शुभारंभ शुक्रवार को जिप सदस्य बुधेश्वर उरांव के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अभी के युग में कम्प्यूटर की शिक्षा अतिआवश्यक है। बहुत की खुशी की बात है कि इस प्रखण्ड में कम्प्यूटर शिक्षण संस्थान का शुभारंभ हुआ है। प्रमुख अमिता देवी ने कहा कि गरीब तबके के छात्र आर्थिक स्थिति के कारण दुसरे जगहों पर जा कर कम्प्यूटर शिक्षा प्रप्त नहीं कर पाते हैं। इस प्रखण्ड में संस्थान के खुल जाने से गरीब बच्चों को कम्प्यूटर की शिक्षा प्राप्त करने का सुनहरा मौका मिलेगा। वहीं एसआर कम्प्यूटर शिक्षण संस्थान के संचालक राहुल कुमार ने बताया कि इस क्षेत्र में बच्चे पढ़ाई के मामले में काफी उत्सुक हैं। जो की 12 किमी दुर से पढ़ाई करने के लिए विद्यालय आते जाते हैं। इसी को देखते हुये इस क्षेत्र में कम्प्यूटर शिक्षण संस्थान का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि इस संस्थान के द्वारा हर संभव कोशिश की जायेगी कि बच्चों को अच्छी से अच्छी कम्प्यूटर की शिक्षा दी जाये। इस संस्थान में एक कम्प्यूटर सेट पर एक छात्र के बैठने की व्यवस्था किया गया है। साथ ही बताया कि ऐसे बच्चें जो बढ़ने के इच्छुक है परंतु आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण कम्प्यूटर की पढ़ाई नहीं कर पा रहे है, उनके लिए संस्थान के द्वारा विशेष व्यवस्था दिया जायेगा।

## नव नियुक्त उपायुक्त से मिल कर दिया बधाई



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नव नियुक्त उपायुक्त हिमांशु मोहन से भाजपा एससी मर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार एवम भाजपा बालूमाथ मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ओबीसी पूर्व जिला महामंत्री देवनन्दन प्रसाद ने उपायुक्त कार्यालय में मुलाकात कर बुके देते हुए बधाई दिया और अपने अपने क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।जिस पर उपायुक्त ने कहा कि जितना हो सके उतना समस्या का समाधान किया जाएगा।

## महुआडांड़ में विशेष मध्यस्था शिविर की दी जानकारी

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव स्वाति विजय उपाध्याय के निर्देश पर पीएलभी इंद्रजीत प्रसाद ने महुआडांड प्रखंड स्थित संत तेरेसा प्लस टू उच्च विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं को निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में विस्तृत जानकारी दी।इस दौरान बाल श्रम, बाल विवाह, दहेज प्रथा, ह्यूमन ट्रैफिगं, घरेलू हिंसा, डायन प्रथा और बैंकिंग फ्रॉड आदि के बारे में जानकारी दी। बताया कि डालसा 1 जुलाई से 30 सितंबर तक विशेष मध्यस्था शिविर का आयोजन किया है। जिसका लाभ लोगो को उठाना चाहिए। इस मौके पर प्राचार्य सिस्टर निर्मला, उपप्राचार्य सिस्टर प्रभा सहित स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

## सुशासन और प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से जीवनयापन में आसानी को बढ़ावा देना हेतु किया गया कार्यशाला का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित होने वाले मुख्य सचिव के थर्ड कॉन्फ्रेंस हेतु जिला स्तरीय समिति कार्यशाला थीम (सुशासन और प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से जीवनयापन में आसानी को बढ़ावा देना) का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से सरकारी विद्यालयों द्वारा स्थानांतरण प्रमाण-पत्र, अंकपत्र, माइग्रेशन प्रमाण-पत्र निर्गत करने, पुनः निर्गत, संशोधन असान तरीके से किए जाने, प्रमाण पत्र, अंकपत्र सुलभ तरीके से किए जाने, परिचय, पूर्नमूल्यांकन परीक्षा में सुधार के संबंध में, विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा हेतु विद्यालयों से तालमेल स्थापित करना, छात्रों के लिए आधार निबंधन हेतु सुविधा के संबंध में सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के लिए डीजीलॉकर का सार्वभौमिकरण, विद्यालयों में बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता, सिखने के परिणामों में सुधार हेतु विचार विमर्श कर बेहतर प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सरकारी, गैर सरकारी विद्यालयों के सभी प्रधानाध्यापक, सभी कर्मी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार निर्देशानुसार सदर अस्पताल के सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के सफल क्रियान्वयन के लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलाया जायेगा। आज के प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं को मलेरिया सलाहकार सुनील सिंह, मलेरिया स्पेशलिस्ट डॉ नीरज कुमार, पीसीआई विक्रम कुमार ने कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्रों में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर 10 अगस्त को बूथों में दवा खिलाया जायेगा। इसके बाद घर-घर जाकर फाइलेरिया की दवा प्रशासकों द्वारा खिलाया जायेगा , जो भी दवा खा चुके होगें वैसे व्यक्तियों के नाखून पर मार्किंग की जायेगी। साथ ही आंगनबाड़ी सेविकाओं को कई निर्देश दी गयी है




वैसे व्यक्ति जो गंभीर रोगों से ग्रस्त है एवं गर्भवती महिलाओं को फाइलेरिया की गोली नहीं खिलाने का निर्देश दिया गया। साथ ही साथ जिन घरों में आंगनबाड़ी सेविका भ्रमण करेगें उन्हें घर पर दीवार लेखन करने का कार्य किया जायेगा। दवा किसी भी कंडीशन में लोगों को हाथ में देकर के नहीं आने का निर्देश दी गई है , दवा प्रशिक्षक अपने सामने ही दवा खिलायेंगे यदि किन्हीं व्यक्ति को दवा खिलाने के बाद पश्चात किसी तरह की समस्या आती है तो तुरंत ही मेडिकल टीम को इसकी सूचना देने को कहा गया है। इस मौके पर जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. शंभू नाथ चौधरी, डब्ल्यू एचओ जेवियर हेमंत कूजूर, अमरेन्द्र कुमार, विकास कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## मोटरसाइकिल की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के आरागुंडी पंचायत के अंतर्गत लूटी ग्राम में बीते शाम तकरीबन 8:30 बजे अज्ञात मोटरसाइकिल की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान लूटी ग्राम निवासी बालेश्वर उरांव (65) वर्ष के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि मृतक अपने घर से सब्जी लेने के लिए सप्ताहिक बाजार बबनहेरवा गया हुआ था ।खा पी कर आराम से अपने घर आ रहा था कि इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात मोटरसाइकिल ने वृद्ध व्यक्ति को अपने चपेट में ले लिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए घायल अवस्था में देख राहगीरों के द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल जहां डॉक्टरों के द्वारा अमृत घोषित कर दिया गया है। जिसके बाद इसकी सूचना सदर थाना को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस अवर निरीक्षक रोहित कुमार मौके पर पहुंचे स्व का पंचनामा कर स्व को परिजनों को सौंप दिया गया वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## विद्यालय के लैब से बैटरी की हुई चोरी

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र स्तिथ उत्क्रमित उच्च विद्यालय गणेशपुर से गुरुवार देर रात अज्ञात चोरों ने आईसीटी लैब से बैटरी की चोरी कर लिया। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार सिंह ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर बताया है की नित्य दिनों की तरह वह विद्यालय बंद कर गुरुवार को घर चले गए थे। शुक्रवार को जब वह विद्यालय पहुंचे तो पाया कि आईसीटी लैब का दरवाजा खुला हुआ था और आईसीटी लैब में लगा हुआ 6 पीस एक्साइड कम्पनी का बैटरी गायब था। वही लैब में बैटरी के अलावे अन्य सामान सुरक्षित था। घटना के बाद प्रधानाचार्य ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। वहीं बालूमाथ पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन कर रही है।

## आराध्या महिला समिति के द्वारा कस्तूरबा विद्यालय में कई स्कीमों का किया गया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** आराध्या महिला समिति आम्रपाली-चन्द्रगुप्त क्षेत्र सीसीएल की अध्यक्षया प्रियंका सिंह नें शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में सीसीएल सीएसआर के तहत 02 आर ओ वॉटर पूरिफायर सह वॉटर कूलर आइरन रिमुवल फ़िल्टर के साथ का उदघाटन किया। प्रत्येक आर ओ प्यूरिफायर की क्षमता 120 लिटर प्रति घंटा है, साथ में 03 साल ऑन साइट वारंटी भी है। इस के अलावा समिति द्वारा एक पेंटिंग तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता करा लड़कियों के बीच उपहार का वितरण किया गया। यह सामाजिक कार्यक्रम बिमला प्रसाद जी के मार्गदर्शन में लगातार किया जाता है। इस मौके शारदा प्रसाद तथा समिति के अन्य सदस्य मौजूद रही।

## डीएम एफटी मद का सोलर से संचालित पम्प सेट वितरण में अनियमितता : मुखिया संघ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के सभागार कक्ष में मुखियाओं की एक बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता मुखिया संघ के अध्यक्ष बिनोद महतो ने किया। बैठक में जिला से संचालित डीएम एफटी मद से किसानों को दिया जाने वाला सोलर पम्प सेट में वगैर मुखियाओं की जानकारी के रूपये लेकर चिन्हित लाभुकों को सेट दिया गया है। जबकि सिमरिया प्रखण्ड में कुल 40 सोलर पम्प सेट दिया गया था। किंतु मनमांनी तरीके से पम्प सेट का वितरण किया गया। और तो और मंत्री सत्यानन्द भोगता और विधायक किसुन दास के अनुशंसा पर वितरण करने की जानकारी प्राप्त हो रही है। जो बिलकुल गलत है इसका पुरजोर विरोध मुखिया संघ ने किया है। आगे कहा है कि इसकी सूचि ग्राम सभा कर वैसे चयनित किसानों को दिया जाना है जिनके पास अधिक से अधिक सिचाई करने लायक जमीन हो। किन्तु डाड़ी गाँव में हीं अकेले 15 लाभुकों को 25 हजार रुपया लेकर भूमिहीन लोगों तक वितरित



की गयी है। मामले को लेकर हम सभी मुखिया उपायुक्त चतरा से जांच कराने की मांग करेंगे। साथ हीं वैसे लाभुकों को देने की मांग करेंगे जो किसान हो जिनके पास अत्यधिक खेती लायक भूमि हो। आगे कहा कि हम पंचायत प्रतिनिधियों को कोई भी योजना की प्रखण्ड से जानकारी दी नहीं जाती है। जिसका नतीजा है कि हम सभी को वगैर जानकारी के इस तरह चुपगुप तरीके से अवैध कार्य कर लिया जाता है। गाँव विकास के लिए सभी ग्रामीण योजना को मुखिया हीं चिन्हित कर देते हैं परंतु उद्घाटन में पंचायत मुखिया या जन प्रतिनिधि को कोई जानकारी नहीं देकर बाहर के लोग उद्घाटन कर देते हैं। मौके पर संघ उपाध्यक्ष पुरन राम, सचिव नरेश साहू, मुखिया अनिता देवी, मुखिया कविता देवी, मुखिया प्रिया देवी, मुखिया बिणा देवी, मुखिया पार्वती देवी, मुखिया मोरंजन सिंह, मुखिया उमेश राम, मुखिया वीणा देवी, मुखिया प्रतिनिधि गोपाल महतो, सुरेश महतो, कृष्णा साहू, करम साहू, संजय भोगता के अलावे अन्य शामिल थे।

## पुलिस के बिछाए जाल में फंसा ब्राउन शुगर तस्कर, जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** पुलिस अधीक्षक चतरा के आदेश पर बीते दिन गुरुवार को थाना क्षेत्र के तेतरिया मोड में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान ढोढ़ी की तरफ से तेतरिया मोड की तरफ जा रहे विनय दांगी पिता स्व.रामसेवक दांगी पुलिस को देखकर भागने लगा। लेकिन पुलिस की तत्परता से ब्राउन शुगर तस्कर भाग नहीं सका और पुलिस के हत्थे चढ़ गया। इस ब्राउन तस्कर के निशानदेही पर पुलिस ने प्रभात कुमार दांगी पिता श्यामलाल दांगी को धर दबोचा।यहां से पुलिस को 74 ग्राम ब्राउन शुगर नकद राशि के तौर पर 53000 रुपए, अलग-अलग बैंकों के चार एटीएम कार्ड एक्सिस बैंक 1000000 की प्राप्ति प्रभात कुमार दांगी के नाम पर निर्गत रसीद,ब्राउन



शुगर को माप तोल करनेवाला इलेक्ट्रॉनिक मशीन एक मोबाइल सेट और एक हीरो होंडा मोटरसाइकिल जेएच 2 बी 0860 पुलिस के हाथ लगी।गौरतलब हो कि मयूरहंड पुलिस ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि चतरा पुलिस अधीक्षक श्री राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिला की ढोढ़ी से एक व्यक्ति ब्राउन शुगर तस्कर निकलने वाला है जैसे ही पुलिस कप्तान को इस सनसनीखेज खबर की सूचना मिली त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम की गठित की गई और पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान का जाल बिछाया और इस जाल में ब्राउन तस्कर आखिरकार फंस ही गया और सारा राज पुलिस के सामने उगल दिया। ब्राउन शुगर तस्करों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी टीम में मुख्य रूप से चतरा पुलिस उपाधीक्षक श्री केदारनाथ राम, थाना प्रभारी संजय सिंह पुलिस अवर निरीक्षक मुकेश कुमार और पुलिस के सशस्त्र जवान शामिल थे।

## राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक कांग्रेसियों में हर्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** मनिका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड बरवाडीह में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। जहां वायनाड (केरल) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से सांसद रहे राहुल गांधी की मानहानि मामले में गुजरात की निचली अदालत ने सदस्यता रद्द करते हुए दो साल की सजा सुनाई थी और गुजरात हाईकोर्ट ने सजा को बरकरार रखा था। उसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा जहां शुक्रवार को मामले की सुनवाई करते तत्काल सजा पर रोक लगा दी है जिसे लेकर बरवाडीह कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल रहा। मौके पर प्रखंड बीस सुत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह और दर्जनों कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां जाहिर की।इस बीच नसीम अंसारी ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं अंततः सच की जीत होना ही था। वहीं विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह ने कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिलती तो माननीय राहुल गांधी 2031 तक चुनाव नहीं लड पाते, सुप्रीम कोर्ट ने सत्य को दिखाया है और यह गुजरात की अदालत और केन्द्र सरकार के मुंह पर करारा तमाचा है।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**(CIN No. – U40108JH2013SGC001704)**
**Office of the General Manager,**
**Transmission Zone-V, Hazaribag,**
**Office At - Sringari Complex, 1st Floor, Canary Hill Road, Near Mont Fort School, Hazaribag, Pin – 825301, JH/ eMail iD:- gmtzone5hzb@gmail.com**

**TENDER NOTICE**

Sealed tender in two parts Technical part- I and Price Part – II are invited from reputed, financially sound & experienced contractors for the work mentioned below:-

| Sl. No. | N.I.T. No. | Description of Work | Cost of Tender Document | E/M to be deposited |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 203/PR/JUSNL/2023-24 | For Safe dismantling and re-erection of one no. Of LM Tower including Civil Work in 33KV Switchyard area of 220/132/33KV, Itkhori (Chatra). | Rs.1250+18%GST = Rs.1475/- | Rs. 11,100/- |

1) Start Date and Time for sale of Tender Documents - 10/08/2023 from 1:00PM
2) Last Date and Time for sale of Tender Documents - 01/09/2023 upto 2:00PM
3) Last Date and Time for receipt of Tender Document - 02/09/2023 upto 2:00PM
4) BID Opening date for Technical part - I - 02/09/2023 at 3:00PM
5) BID Opening date for Price Part – II - Will be communicated Later on.

Tender document with detailed terms and condition may be obtained from office of the General Manager, Transmission Zone-V, Sringari Complex, Canary Hill Road, Hazaribag – 825301.
For any clarification please contact Phone No.: 06546-270375.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/- General Manager
Trans Zone-V, (Hazaribag)

PR.NO.304012 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(23-24):D



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, चतरा**

**''पशुपालकों के लिए आम सूचना''**

चतरा जिला के ग्रामीण क्षेत्रों के गव्य विकास की योजनाओं से लाभान्वित/चयनित लाभुकों/दुग्ध उत्पादकों/पशुपालकों/स्वयं सहायता समूह के सदस्यों/सखी मंडल के सदस्यों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार के राज्यादेश 14रा0 (वि0) दिनांक 21.07.2023 एवं प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान (गव्य विकास) राँची के पत्रांक 326 दिनांक 25.07.2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 अन्तर्गत चतरा जिला के लिए राज्य के अंदर दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन निम्नलिखित तिथियों के अनुसार प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, सेक्टर–2, धूर्वा, राँची में किया जाना है। इच्छुक पशुपालक प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय, चतरा से निःशुल्क आवेदन–पत्र प्राप्त कर एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा पहचान–पत्र (आधार कार्ड का छायाप्रति), दो पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, अपने नाम का सुस्पष्ट बैंक खाता पासबुक की छाया प्रति एवं IFSC कोड के साथ आवेदन कार्यालय में जमा करना चाहेंगें। प्रशिक्षण संस्थान धूर्वा, राँची तक आने–जाने का मार्ग व्यय स्वयं वहन करना है। प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थियों द्वारा किये गये मार्ग व्यय की राशि को सीधे उनके बैंक खाता में DBT के माध्यम से प्रतिपूर्ति की जायेगी।

वित्तीय वर्ष 2023–24 का प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत है।

प्रशिक्षण का नाम :– दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण (छः दिवसीय)।

| क्र0 | दिनांक | समान्य जाति (OSP) | | | अनुसूचित जाति (SCSP) | | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रशिक्षण अवधि | पुरूष | महिला | कुल | पुरूष | महिला | कुल | |
| 1 | 14.08.2023 से 20.08.2023 | 20 | 10 | 30 | 02 | 02 | 04 | 34 |
| 2 | 29.08.2023 से 04.09.2023 | 20 | 10 | 30 | 02 | 02 | 04 | 34 |
| 3 | 19.09.2023 से 25.09.2023 | 20 | 10 | 30 | 02 | 01 | 03 | 33 |
| 4 | 26.09.2023 से 02.10.2023 | 20 | 10 | 30 | 02 | 02 | 04 | 34 |
| 5 | 07.11.2023 से 13.11.2023 | 20 | 15 | 35 | 02 | 01 | 03 | 38 |
| 6 | 28.11.2023 से 04.12.2023 | 20 | 10 | 30 | 02 | 02 | 04 | 34 |
| 7 | 12.12.2023 से 18.12.2023 | 20 | 10 | 30 | 02 | 01 | 03 | 33 |
| 8 | 09.01.2024 से 15.01.2024 | 20 | 10 | 30 | 02 | 02 | 04 | 34 |
| 9 | 16.01.2024 से 22.01.2024 | 20 | 10 | 30 | 02 | 02 | 04 | 34 |
| 10 | 06.02.2024 से 12.02.2024 | 20 | 10 | 30 | 02 | 01 | 03 | 33 |
| 11 | 20.02.2024 से 26.02.2024 | 20 | 10 | 30 | 02 | 02 | 04 | 34 |
| कुल | | 220 | 115 | 380 | 22 | 18 | 40 | 375 |

नोट :–
1. योजनाओं से लाभान्वित/चयनित लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण में भेजा जाएगा।
2. प्रशिक्षण अवधि छः दिवसीय निर्धारित है।
3. उम्र न्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम 55 वर्ष के अन्दर हो।
4. महिलाओं को अपने साथ बच्चा ले जाने की अनुमति नहीं होगी।
5. प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण में अपने साथ आधार कार्ड एवं बैंक खाता की मूल प्रति लाना अतिआवश्यक है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
चतरा

PR 304050 Animal Husbandry (23-24)_D

## संक्षिप्त खबरें

### सीओ ऑफिस के समक्ष झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा ने धरना दिया

**रामगढ़ :** रामगढ़ अंचल अधिकारी को शुक्रवार को एक सूचना एक आवेदन के रूप में दी गई है यह आवेदन झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा के द्वारा दी गई। जिसमें उपायुक्त -सह-जिला दंडाधिकारी का न्यायालय रामगढ़ भू-वापसी वाद संख्या -33/2018 प्रवीण जैन वैगा0 बनाम दिनेश बेदिया वैगा0 एवं राज्य द्वारा दिनांक -13.06.2023 को पारित आदेश के आलोक में मौजा मरार के खाता नं0-36,प्लाट नं0 -1009, कुल रकवा -1.49 एकड़ भूमि पर दिनांक -11.07.2023 को शैलेंद्र बेदिया एवं अजित बेदिया के द्वारा दखल देहानी के लिए आवेदन दिया गया था । लेकिन टाल मटोल व गुमराह कर द्वितीय पक्ष को अपील करने का मौका दिया गया है। इसलिए झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा की ओर से तत्काल दखल देहानी कराने के लिए दिनांक 10.08.2023 को रामगढ़ अंचल कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय संकेतिक धरना प्रदर्शन दिया जाएगा।

### सीएचपी बंद रेलवे साइडिंग सिरका खंबे से आरई काउंटर की हुई चोरी

**सिरका :** थाना रामगढ़ क्षेत्र के सीसीएल सिरका बंद पड़े सीएचपी साइडिंग रेलवे पोल संख्या एस-3/20 के करीब से पूरा सेट आर ई काउंटर वेट नोग गायब होने का मामला रेलवे सुरक्षा विभाग के दौरे के बाद सामने आ रहा हैं। इस संबंध में रेलवे सुरक्षा विभाग और सिरका सुरक्षा सिरका विभाग आगे की कार्रवाई में लगे हुए हैं। बताया गया कि रेलवे आरपीएफ गस्ती के बाद पोल से आर ई काउंटर गायब होने का पता स्थानीय सिरका कोलयरी प्रबंधन को चला। चोरी गए रेलवे कलपुर्जे की कीमत करीब 30 हजार रुपये आंकी जा रही हैं।

### पतरातू के सौंदा बस्ती पंचायत भवन में हुआ विश्व स्तनपान सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ़ :** शुक्रवार को रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड अंतर्गत सौंदा बस्ती पंचायत भवन में विश्व स्तनपान सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सेविकाओं द्वारा नवजात शिशुओं की माताओं को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना, योजना, संस्थागत प्रसव, स्तनपान टीकाकरण तथा अन्य योजनाओं के लाभ से अवगत कराया गया। साथ ही आंगनबाड़ी सेविकाओं ने सभी लाभार्थियों को संस्थागत प्रसव के लाभों से अवगत कराते हुए कहा कि संस्थागत प्रसव में अस्पताल में नवजात शिशु की देखभाल के लिए तत्काल चिकित्सा सुविधा मौजूद रहती है एवं बाल रोग विशेषज्ञ द्वारा नियमित रूप से बच्चे की जांच भी की जाती है। साथ ही बच्चे को जन्म के 1 घंटे के भीतर मां का दूध भी मिल जाता है जब की घर पर प्रसव के दौरान बच्चे को 1 घंटे के भीतर मां का दूध उपलब्ध नहीं हो पाता है जिसके कारण बच्चा आगे चलकर चलकर कुपोषण सहित कई अन्य बीमारियों का शिकार होता है। संस्थागत प्रसव होने पर बच्चे एवं मां को अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ भी बड़ी सुगमता से मिल पाता है।

### जिले में चल रहे विकास कार्यों की उप विकास आयुक्त ने की समीक्षा

**रामगढ़ :** शुक्रवार को समाहरणालय रामगढ़ के ब्लॉक बी स्थित सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो ने जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियो, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियो के साथ जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की।? समीक्षा के दौरान सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर आवास योजना अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप स्वीकृति, प्रथम क़िस्त का भुगतान, आवास पूर्णता, अंतिम क़िस्त का भुगतान एवं लंबित आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी पूर्ण एवं संचालित योजनाओं से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया।

# क्षेत्र के ज्वलंत समस्याओं को लेकर उपायुक्त से मिली जिप सदस्य



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** बरकट्ठा क्षेत्र की कई समस्याओं को लेकर जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया जिले के उपायुक्त नैंसी सहाय से मिली.जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने उपायुक्त से क्षेत्र के समस्या को जल्द समाधान करने का अनुरोध की मांगों में मुख्य रूप से जिला परिषद क्षेत्र के सभी ग्रामों के जर्जर सड़कों को जल्द निर्माण करवाने.बरकट्ठा में जीटी रोड सडक् चौडीकरण में तोड़े गए दुकानों एवं घरों का मुआवजा राशि देने की मांग.सूर्यकुण्ड धाम में ठंडे पेयजल की मांग।बरकट्ठा प्रखण्ड मुख्यालय में बने करोड़ो की जलमीनार को सुचारू रूप से जल्द पेयजल आपूर्ति करने की मांग.जिला परिषद क्षेत्र के सभी पंचायतों में खेल मैदान निर्माण की मांग.शिलाडीह नीचे टोला एवं मॉडल स्कूल नदी के पार टोला में बिजली पहुँचाने की मांग.सभी जर्जर हाइटेंशन 11 हजार तारों एवं छतिग्रस्त पोल को जल्द बदलने की मांग.जिला परिषद क्षेत्र में कृषि बढ़ावा हेतु किसान भाइयों के खेत तक बिजली पहुँचाने की मांग.जिला परिषद क्षेत्र के सभी पंचायतों में 100-100 सोलर लाइट लगवाने की मांग.हाथी प्रभावित क्षेत्रों में विशेष सोलर लाइट एवं सुरक्षा हेतु कार्य करने की मांग.उपर्युक्त मामले को लेकर हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने जरूरत के अनुसार जल्द समाधान करने का आदेश सबंधित विभाग को दिए।

## बीस सूत्री बैठक में नही आये कई विभाग के अधिकारी, बैठक रद्द



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय सभागार भवन में आयोजित बीस सूत्री बैठक का उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा सहित तमाम सदस्यों, साँसद प्रतिनिधि समेत विधायक प्रतिनधियों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। इस संबंध में उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा ने बताया कि बीस सूत्री की पिछली बैठक में संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने को लेकर लिखित रूप में इसकी जानकारी दी जा चुकी थी,परन्तु फिर आज की बैठक में वन विभाग,बिजली विभाग,डीवीसी एवं प्रशानिक विभाग से कोई प्रतिनिधि भी बैठक में नही आये,इस कारण आज की बैठक का हमसबों ने मिलकर बहिष्कार किया। बीस सूत्री राज्य सरकार का एक महत्वपूर्ण अंग है,और ये अधिकारी जब नही होंगे तो जनसमस्याओं को किसके बीच रखा जायेगा,सरकार इस बात पर गौर करे और संबंधित विभाग से जवाब मांगें। अधिकारियों के इस रवैये से सरकार की छवि धूमिल हो रही है,जिसे हमारे मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को तत्काल संज्ञान मे लेना चाहिए।इस बाबत बैठक में उपस्थित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी ने कहा कि उपायुक्त महोदया के द्वारा जारी चिट्ठी में स्पष्ट निर्देश है।

## सावन में सूखे ने बढ़ा दी है किसानों की चिंता, धान के बिछड़े पर खतरा, अधिकांश तलाब है सूखे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड अंतर्गत सावन के महीने में पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण सूखे ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीर खींच दिया हैद्य लगभग 1 सप्ताह तक जमकर बारिश नहीं हुई तो खरीफ फसल संकट में पड़ जाएगा द्य यही हाल मत्स्य पालन और बागवानी क्षेत्र में भी है मानसून आगमन के अब तक जितनी बारिश हुई उसे प्यासी धरती सुख लिया अब खेत सूखे पड़े हैं । प्रखंड के आसपास क्षेत्रों में खरीफ फसल की खेती के लिए अलग-अलग प्रकार की भूमि है। यहां समतल इलाकों में सामर्थवान किसान पटवन कर विचारों को तैयार करने की कोशिश कर रहे हैंद्य किसान प्रवीण महतो ने बताया कि धान का बीज बोया है अब उन्हें लगातार पिछड़ों में पानी नहीं पड़ रहा है इसमें उन्हें 1000 से पंद्रह 1500 का अतिरिक्त खर्च आ रहा है।

## विष्णुगढ़ प्रखंड में स्कूली बच्चे हो रहे आई फ्लू से संक्रमित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड में आई फ्लू के मामले बढ़ते जा रहे हैं। यह समस्या काफी बढ़ जाने के कारण गंभीर चिंता का विषय बन गया है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने जागरूकता फैलाने और सभी को सतर्क रहने की अपील की है।आई फ्लू के प्रकोप के कारण, विष्णुगढ़ प्रखंड में अस्पतालों में लोगों की भीड़ देखी जा रही है। स्थानीय अस्पतालों में आई फ्लू से संबंधित मामलों में वृद्धि देखी जा रही है, जिससे स्वास्थ्य प्रशासन को चिंता हो रही है। इस बढ़ती हुई स्थिति को देखते हुए, स्वास्थ्य अधिकारियों ने सही समय पर इलाज प्राप्त करने की अपील की है।प्राथमिक जानकारी के अनुसार, विष्णुगढ़ प्रखंड में आई फ्लू के प्रकोप के मामले अचानक से बढ़ने लगे हैं। विशेषज्ञों ने इसे गर्मियों के सीजन के साथ जुड़े बढ़ते तापमान का प्रभाव माना है। मामले के भीषण बढ़ जाने के कारण, जिले के अस्पतालों में भी काफी ज्यादा मरीजों की संख्या देखने को मिल रही है।

## मणिपुर के पीड़ितों के न्याय के लिए बुद्धिजीवी मंच ने निकाला कैंडल मार्च

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** मणिपुर में उग्र भीड़ द्वारा आदिवासी महिला को नंगा करके सरेआम सड़कों पर घुमाने, सामूहिक बलात्कार करने और हत्या करने के विरोध, मणिपुर के तमाम पीड़ितों के न्याय के लिए और वहां जल्द से जल्द शांति बहाल की मांग को लेकर बुद्धिजीवी मंच , बरकाकाना क्षेत्र द्वारा घुटुवा शुक्रवार बाजार टांड़ से दो नंबर गेट नया नगर बरकाकाना तक कैंडल मार्च निकाला गया। मार्च में शामिल लोग मनीपुर में शांति बहाल करो, मणिपुर के पीड़ितों को न्याय दो, महिलाओं पर अत्याचार करना बंद करो, आदिवासियों का उत्पीड़न बंद करो, धार्मिक स्थलों पर हमला बंद करो, बलात्कारियों को फांसी दो, धर्म जाती के नाम पर लड़ना बंद करो, मनीपुर सरकार को बर्खास्त करो आदि नारा लगा रहे थे। जुलूस में शामिल कुछ लोग इन्हीं नारों वाली तख्तियां हाथों में लिए लिए हुवे थे। मार्च का नेतृत्व मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमाली और सचिव प्रो शाहनवाज खान कर रहे थे। प्रदीप करमाली ने कहा



कि जिस तरह का यौन शोषण और जो प्रताड़ना दो कुकी आदिवासी महिलाओं ने झेली, जो हॉरर उन्होंने देखा, जिस तरह से वो अपनी इज़्ज़त के लिए गिड़गिड़ाई, दुनिया की कोई न्याय व्यवस्था उसकी भरपाई नहीं कर सकती। लेकिन जो भी कड़ी से कड़ी सज़ा हो उनके दोषियों को ज़रूर मिलनी चाहिए। सचिव प्रो शाहनवाज खान ने कहा कि केंद्र व मनीपुर सरकार फेल हो चुकी है या यूं कहें कि सरकार की शह पर ही सब कुछ हो रहा है तो कुछ गलत नहीं होगा।

## औषधि जड़ी- बूटी दिवस के रूप में पौधारोपण अभियान जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** पौधरोपण को लक्ष्य बनाकर एवं वर्षा ऋतु को देखते हुए चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) अजीत जयसवाल के पूरे टीम ने पौधारोपण का कार्यक्रम शुरू किया है जो पर्यावरण के लिए वरदान की तरह है। रामगढ़ का प्रदूषण मापाजाय तो वातावरण प्रदूषण के मामले में अव्वल होगा। जिसके लिए सरकार को औषधीय गुणों वाली पौधारोपण अभियान पर विशेष कार्यक्रम चलाना अनिवार्य करना चाहिए। सिद्धू कानू मैदान जिला परिसर में 4 अगस्त पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। अजीत जयसवाल ने कहा पौधरोपण को जागरूकता अभियान कि तरह लेना चाहिए क्योंकि विशुद्ध ऑक्सीजन किसी को नहीं मिल रहा है और आने वाले समय में संकट पैदा होगा एवम लगातार अभियान को पूरे एक माह पौधारोपण कार्यक्रम का लक्ष्य पूरा किया जाएगा। कई अन्य जगह पर भी पूरी टीम ने पौधारोपण का कार्यक्रम जारी रखा है। रामगढ जिला में भारी प्रदूषण को देखते हुए हर वर्ष की तरह इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जाएगा ।

# एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र व जेवर दुकान की चोरी का मामला उजागर

### बरही पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार कर भेजा जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही पुलिस ने बरही के गया रोड स्थित एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र व जेवर दुकान में हुई चोरी के मामले में एक युवक को पकड़ कर जेल भेज दिया। युवक के पास से सोने जैसा गले का नेकलेस चार पीस व नगर छः हजार रुपए बरामद किया गया। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि पिछले 29 जुलाई के रात्रि में गया रोड बरही स्थित एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र व जेवर दुकान में चोरी हुई थी, इस संबंध में बरही थाना कांड संख्या 356/ 23 व 357/23 दर्ज किया गया था। जिसके बाद से लगातार छापेमारी चल रही थी। जिसके अनुसंधान के क्रम में आप्राथमिक अभियुक्त बरही के मल्हाटोली निवासी सुरेश निषाद का 25 वर्षीय पुत्र पवन निषाद को विधिवत गिरफ्तार किया गया। वहीं उसके पास से चोरी का नगद छः हजार रुपए तथा उसके निशानदेही पर अन्य अभियुक्त के घर से चोरी के गले का नेकलेस चार पीस बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त पवन निषाद के सहयोगी जो गिरफ्तारी के डर से फरार है एवं चोरी किए गए शेष राशि व जेवर की बरामदगी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## पूर्व विधायक प्रतिनिधि कमलेश महतो ने रामगढ़ के सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी से किया मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ सिविल सर्जन कार्यालय में नवनियुक्त सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद से रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रतिनिधि कमलेश कुमार महतो ने मुलाकात कर आम का पेड़ देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दिए पूर्व विधायक प्रतिनिधि कमलेश महतो ने कहा कि रामगढ़ जिले को स्वास्थ्य के क्षेत्र मे आपके कार्यकाल में जिला लगातार स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य हो पूरा विश्वास हैं कि रामगढ़ जिला को आपके नेतृत्व में शीर्ष पर ले जाने का काम करेंगे साथ ही पुर्व में माननीय पूर्व विधायक ममता देवी के द्वारा अनुसंसा से जल्द ही बच्चो के देखभाल के लिए क्रेच बनेगा मरीजो के परिजन के लिए रैन बसेरा का निर्माण होगा साथ ही एक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण होगा जिसका कार्य टेंडर प्रक्रिया में है जल्द ही उस पर कार्य किया जाएगा । जिसको आवागत कराए और सदर अस्पताल को और सुंदरीकरण किया जाए ।

## अंबा प्रसाद के नेतृत्व में झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन के प्रतिनिधि मंडल विधानसभा मे राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान प्राइवेट स्कूल संगठन ने ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि निजी विद्यालयों के संचालन में आरटीई एक्ट 2009 के नियम 12 में संशोधन करके कुछ नए नियमों को जोड़कर आरटीई एक्ट 2019 नियमावली झारखंड सरकार के द्वारा बनाई गई है जिसके कारण प्राइवेट विद्यालय के संचालक एवं शिक्षकों को काफी परेशानी हो रही है। इस संदर्भ में विधायक ने माननीय मुख्यमंत्री से प्राइवेट स्कूल संगठन की माँग पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का अनुरोध किया।मौके पर मुख्य रूप से बालेश्वर साव, विनोद भगत, प्रभु दयाल, मकसीर आलम, आमिल अल्ताफ, सोहेल नूर मौजूद थे।

## बड़कागांव टंडवा मुख्य पथ पर त्रिवेणी सैनिक के बोलेरो से दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल, इलाज के लिए हजारीबाग रेफर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव - टंडवा मुख्य पथ पर राजाबागी में शुक्रवार को लगभग 11ः00 बजे त्रिवेणी सैनिक के बोलेरो जिसका नंबर जे एच 02 बी जे 9263 के द्वारा उसी रास्ते पर साइकिल से आ रहे सिकरी निवासी इसराइल मियां पिता सहीम मियां उम्र 60 वर्ष धक्का लगने से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए एंबुलेंस के माध्यम से बड़कागांव उप स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। वहां से बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फिलहाल घायल व्यक्ति का आरोग्यं हॉस्पिटल हजारीबाग में इलाज चल रहा है। दुर्घटना के बाद ग्रामीणों द्वारा कंपनी की गाड़ी को घटनास्थल पर रोक दिया गया। इसके बाद त्रिवेणी सैनिक के एक अधिकारी उत्तम झा के द्वारा ग्रामीणों तथा घायल व्यक्ति के पुत्र मोहम्मद हकीम के बीच एक समझौता हुई जिसके तहत घायल व्यक्ति का इलाज हजारीबाग के आरोग्यं अस्पताल में कंपनी के द्वारा कराया जाएगा। साथ ही जब तक घायल व्यक्ति स्वस्थ नहीं हो जाता है तब तक उसके उचित देखभाल के लिए उचित भत्ते की व्यवस्था कंपनी के द्वारा की जाएगी। दुर्घटना में छतीग्रस्त साईकिल के बदले उसे नया साइकिल दिया जाएगा। बताते चलें कि बड़कागांव टंडवा मुख्य एक्सीडेंट का जॉन बन गया है ।

## कोलियरी सिरका का सात सदस्य सेफ्टी टीम ने किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** सीसीएल सिरका परियोजना का शुक्रवार को सात सदस्य सेफ्टी कुजू की टीम ने निरीक्षण किया। इसकी अगुवाई मुख्य सेफ्टी अधिकारी अरविंद कुमार ने की। इस दौरान स्थानीय सिरका प्रबंधन के अधिकारियों ने खुली खदान सिरका में बरते जाने वाली सेफ्टी संबंधी जानकारी दिया। बताया कि प्रतिवर्ष डाटा के अनुसार सेफ्टी को लेकर वरीय विभाग को सूचित किया जाता हैं। इसे लेकर कोलयरी क्षेत्र के अगल-बगल के टीम सेफ्टी दौरा कर आवश्यक जानकारी लेन-देन करने का कार्य करते हैं। साथ ही इसकी सूचना कोल इंडिया को भेजी



जाती हैं। जिससे आवश्यक सुरक्षा सुधार, व्यवस्था को दुरुस्त करने में मदद मिल सकें। मौके पर कोलयरी सिरका मैनेजर राकेश कुमार, सेफ्टी ऑफिसर कामेश्वर महतो, ईएंडएम इंजीनियर, सर्वेयर, पर्सनल, इलेक्ट्रिक, माइनिंग अधिकारी, कामगार विनोद सिंह, शंकर समेत कई विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## आरएनवाईएम कॉलेज में मूल प्रमाण पत्र की जांच 4 से 6 अगस्त तक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही(हजारीबाग):** राम नारायण यादव मेमोरियल कॉलेज बरही में स्नातक कला वाणिज्य सत्र 2023-27 सेमेस्टर वन में नामांकन के लिए 4 अगस्त से 6 अगस्त तक अपना मूल प्रमाण पत्र कॉलेज कार्यालय में जांच करवाना है। जानकारी देते हुए कॉलेज के प्राचार्य विमल किशोर ने बताया कि सेमेस्टर वन में 7 अगस्त से 10 अगस्त तक अपना नामांकन करवाकर स्थान सुरक्षित कर लेना है।

# पतरातु आजसू का हल्ला बोल कार्यक्रम हजारों लोग हुए शामिल




प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातु :** आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड कमिटी के द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में हल्ला बोल कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम को अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो एवम संचालन प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी =कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की राज्य में अराजकता का माहौल है कांग्रेस एवम जेएमएम में जरा भी राजनीतिक सुचिता बची है तो अपने चुनावी एजेंडे की ओर एक बार देख ले इनमें अपने खुद के किए वादे को लागू करना तो दूर उसपर चर्चा करने की हिम्मत हीं नहीं है कितने लोक लुभावन वादे किए।

## टीबी मरीजों को उपलब्ध कराया गया पोषण आहार




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत रामगढ़ जिला अन्तर्गत रामगढ़ प्रखण्ड के ईलाजरत टी. बी. मरीजों को अतिरिक्त पोषण आहार प्रदान करने से संबंधित पोषण आहार वितरण कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को सिविल सर्जन, रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद की अध्यक्षता में सदर अस्तपताल, रामगढ़ में किया गया, जिसमें रामगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत 36 ईलाजरत टी.बी. मरीजो के बीच पोषण आहार का वितरण किया गया। सिविल सर्जन, रामगढ़ के द्वारा यह बताया गया कि यह भारत सरकार की एक बहुत ही महत्वकांक्षी योजना है। इस पोषण आहार से टी.बी. मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी साथ ही साथ उनके रोग का उपचार भी होगा।

### राहुल गांधी के मोदी सरनेम के ब्यान पर, सुप्रीम कोर्ट ने सजा पर लगाई रोक

# बरही चौक पर में कांग्रेसियों ने की आतिशबाजी, मनाई खुशियां

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग):** मोदी सरनेम केस में सुप्रीम कोर्ट ने सांसद राहुल गांधी को बड़ी राहत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने गांधी को सुनाई गई सजा और दोष सिद्धि पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई को सम्मान करते हुए कांग्रेसियों ने जश्न मनाते हुए बरही चौक पर अतिशबाजियां किया। वही एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। अपने इस खुशी के मौके पर जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन ने कहा कि ने कहा कि जब तक न्यायपालिका हमारे देश में जिंदा है, देश के कानून के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता। वहीं प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा की भाजपा की सरकार एक षड्यंत्र के तहत राहुल गांधी को मोदी सरनेम के ब्यान पर जिस तरह परेशान करने का काम किया और उनकी संसद सदस्यता समाप्त करने की



कोशिश की गई, आज सुप्रीम कोर्ट ने इनके षड्यंत्र को बेनकाब किया है। वहीं विस विधायक प्रतिनिधि छठु गोप ने कहा की राहुल गांधी की सदस्यता ना सिर्फ बाहर की है बल्कि सजा पर रोक लगा कर एक बार पुनः भारत को संविधान को और फ्रीडम आफ स्पीच को भी, जो संविधान ने दिया है उसे जिंदा किया है। वहीं विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू ने कहा की आज लोकतंत्र की जीत हुई है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## प्रतियोगी परीक्षा विधेयक के विरोध में आजसू छात्र संघ ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा के मानसून सत्र में पारित हुए प्रतियोगी परीक्षा विधेयक -2023 का विरोध करते हुए आजसू छात्र संघ ने रामगढ़ के सुभाष चौक में जिला अध्यक्ष देवा महतो के नेतृत्व में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पूतला फूंका।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष देवा महतो ने कहा कि झारखंड सरकार छात्र विरोधी विधेयक लाकर छात्रों के मौलिक अधिकारों का हनन कर रही है।कदाचार मुक्त परीक्षा का विधेयक बता सरकार छात्रों के द्वारा परीक्षा नियामक में गड़बड़ी के विरोध को दबाना चाहती है। पूर्व मे प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी होने पर आजसू छात्र संघ मुखर होकर सरकार और संबंधित आयोग का विरोध करती रही है और विरोध का सकारात्मक परिणाम भी छात्र को मिला है। प्रतियोगी परीक्षा विधेयक काला कानून है। विधेयक के लागू होने से सरकार और परीक्षा पर्षद निरंकुश हो जाएगी,और छात्रों के स्वर और मांग को कूचल दिया जाएगा। पूतला दहन में मुख्य रूप से रामगढ़ कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष रोहित सोनी नगर परिषद अध्यक्ष मनोज कुमार महतो अजय आस्था रवि कुमार सोनु कुमार, डब्लू महतो, गोल्डेन कुमार,विजय कुमार, शंकर कुमार, अरविन्द कुमार, हर्ष कुमार, राजकुमार महतो, मनीष कुमार महतो, बिंटू कुमार, अनिल मुर्मू, सिकंदर कुमार, कुणाल कुमार, रवि कुमार, निखिल कुमार, बबलू कुमार, सूरज यादव, विशाल साहू, नेवार्षिकान्त चंदन, आदि छात्र लोग उपस्थित थे।

## डायसन ने हेयर केयर टेक्नोलॉजीज के लिए दीपिका पादुकोण को अपना ब्रांड एंबेसडर घोषित किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्लोबल टेक्नोलॉजी कंपनी डायसन ने दीपिका पादुकोण को हेयर केयर टेक्नोलॉजीज ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है । इस साझेदारी से, डायसन का मकसद बालों की हेल्थ के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, साथ ही डायसन के टेक्निकल रूप से एडवांस्ड स्टाइलिंग टूल की लोकप्रियता को बनाए रखना है। डायसन इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर अंकित जैन ने कहा, हम दीपिका पादुकोण के साथ साझेदारी करके बहुत खुश हैं। एडवांस्ड इंजीनियरिंग और लेटेस्ट डिज़ाइन को मिला कर , डायसन हेयर केयर तकनीकें हमारे बालों की देखभाल और स्टाइल के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला रही हैं और लाती रहेंगी। दीपिका से हमारी पार्टनरशिप के बाद, हम भारतीय बालों को अनेक तरीकों से स्टाइल करने और स्वस्थ रखने के बारे में बातचीत को और ज़्यादा प्रभावशाली तरीके से जारी रख सकेंगे । डायसन हेयर केयर ब्रांड एंबेसडर दीपिका पादुकोण ने अपने इस मौके पर कहा, इनोवेशन के प्रति डायसन की प्रतिबद्धता और स्वस्थ हेयर स्टाइलिंग के लिए एडवांस्ड तकनीक प्रदान करने पर फोकस करना मेरे अनुरूप है। मुझे उम्मीद है कि यह साझेदारी लोगों को बालों की बेहतर स्टाइलिंग और स्वास्थ्य के साथ साथ बालों के रखरखाव के महत्व के बारे में ज़्यादा जागरूक होने के लिए प्रेरित करेगी। डायसन ने लगातार पायोनियर टेक्नोलॉजी में निवेश किया है।




## तीन दिवस नमो कैरम टूर्नामेंट-2023 का हुआ भव्य आगाज

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को नमो कैरम प्रतियोगिता-2023 का भव्य आगाज़ शहर के विशेश्वर दयाल पथ स्थित सदर विधायक सेवा केंद्र सभागार में किया गया। इस तीन दिवसीय फ्ननमो कैरम टूर्नामेंटफ्र के उद्घाटन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में रांची कैरम एसोसिएशन के सचिव अशोक कुमार डे और विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची कैरम एसोसिएशन के उपसचिव राकेश कुमार और सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़ सहित हजारीबाग कैरम एसोसिएशन के पदाधिकारी गण शामिल हुए और कैरम मैच बोर्ड पर गोटी पिलाकर इस टूर्नामेंट का शानदार आगाज किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि रांची कैरम एसोसिएशन के सचिव अशोक कुमार डे ने कहा की झारखंड में पहली बार किसी विधायक के द्वारा कैरम खेल को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के नमो कैरम टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है निश्चित रूप से विधायक मनीष जायसवाल का या प्रयास अतिव सराहनीय है। उन्होंने कहा कि कैरम में घरेलू खेल है और इससे खिलाड़ियों में एकाग्रता के साथ मानसिक प्रबलता की वृद्धि होती है। उन्होंने विधायक मनीष जायसवाल से आग्रह भी किया कि आने वाले समय में संपूर्ण झारखंड स्तर का टूर्नामेंट का मेजबानी हजारीबाग में कराएं ताकि नए युवा खिलाड़ी इस खेल को समझ पाएंगे और कैरम खेल को बढ़ावा मिलेगा।

## सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी के सजा पर रोक संविधान की जीत : डॉ. आरसी प्रसाद मेहता

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी के सजा पर रोक से अभिव्यक्ति की आजादी है सजा पर रोक राहुल गांधी की जीत नहीं है यह लोकतंत्र एवं संविधान की जीत है यह बातें कांग्रेस के उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय स्वास्थ्य अध्यक्ष डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने अपने कार्यालय में कहां। डॉ मेहता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालतों से प्रश्न किए है की मानहानि के अधिकतम सजा राहुल गांधी को क्यों दी गई है इसका स्पष्ट वर्णन नहीं किया गया है। डॉ मेहता ने पूरशण- कहा की राहुल गांधी के सजा से हिंदुस्तानी जनता कुछ बोलने से परहेज कर रहे थे सजा से अभिव्यक्ति की आजादी लोकतंत्र न्यायपालिका एवं लोकतंत्र पर शंका की दृष्टि से प्रजा देख रहे थे राहुल गांधी के सजा पर रोक से संपूर्ण भारत के कांग्रेश एवं इंडिया गठबंधन के जिला कार्यालय में जश्न का माहौल है अब राहुल गांधी पुन- लोकसभा मैं अपनी अभिव्यक्ति को व्यक्त करेंगे। माननीय राहुल गांधी का आवास खाली कराया गया था आवाज खाली करते समय श्री गांधी राम मय हो गए थे श्री राम वनवास के समय सभी दरबारियों से आशीर्वाद लेकर के वनवास जा रहे थे उसी तरह राहुल गांधी आवास कर्मियों से आशीर्वाद लेकर अपनी मां के निवास स्थान में आज तक रह रहे हैं उन्हें पुनः आवास मिलेगा। पीसीसी डेलिकेट एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ निजाम अंसारी ने कहा सुप्रीम कोर्ट के फैसला से लोगों में अभिव्यक्ति की आजादी मिलने से जनता में उत्साह है।

## आज छात्र मोर्चा की बंदी स्थगित : चंदन सिंह

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधि महाविद्यालय में आज होने वाली बंदी को स्थगित कर दी गई है।हज़ारीबाग़ ज़िला के संयोजक मंडली के अध्यक्ष संजीव बेदिया और डॉ.कमल नयन सिंह के साथ छात्र मोर्चा की हुई बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया है कि पाँच अगस्त को विधि महाविद्यालय में होने वाली बंदी को पदाधिकारीयों के आदेश के बाद टाल दिया गया है।इस बाबत पदाधिकारीयों ने आयुक्त सह कुलपति से भी मुलाक़ात करने की कोशिश की पर नहीं हो पाई।मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के दिलीप वर्मा,इज़हार अंसारी,अख़्तर हाशमी,चंदन सिंह,इफ़्तिकार अहमद के साथ दर्जनों मौजूद थे।

## सरयू राय पर भ्रष्टाचार के लगे आरोप की सुनवाई के बाद प्रार्थी ने प्राथमिकि दर्ज करने का दिया आवेदन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खाद्य आपूर्ति मंत्री रहते सरयू राय और उनके कुछ निकटस्थ लोगों ने आहार पत्रिका के प्रकाशन के नाम पर बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता की है। झारखंड हाईकोर्ट में पिछले दिनों विधायक सरयू राय के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई हुई। मामला खाद्य आपूर्ति मंत्री पद पर रहते हुए सरयू राय पर भ्रष्टाचार के लगे आरोप का है। जिसको लेकर प्रार्थी विनय कुमार सिंह की ओर से झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले को निष्पादित कर दिया। कोर्ट ने इसे भ्रष्टाचार से जुड़ा मामला बताया। साथ ही प्रार्थी को यह छूट दी कि वह संबंधित जगह पर इस मामले में प्राथमिकी (स्नङ्घक्र) दर्ज करा सकते हैं। स्नङ्घक्रनहीं होने की स्थिति में कोर्ट में फिर से अपील करने की भी छूट दी गई है। इसी संदर्भ में आज दिनांक 03.08.2023 को प्रार्थी विनय कुमार सिंह ने धुर्वा थाना, रांची में स्वयं एवं अपने अधिवक्ता के साथ जाकर प्राथमिकी हेतु आवेदन दिया।मंत्री पद पर रहते सरयू राय ने अपने विभागीय पत्रिका आहार के प्रकाशन के लिए। मनोनयन के आधार पर झारखंड प्रिंटर्स का चयन करवाया। झारखंड सरकार की वित्तीय एवं कार्यपालिका नियमावली कहती हैं कि 15 लाख से अधिक की राशि से होनेवाले कार्य के लिए निविदा जरूरी है। इसके बाजवूद पूर्व मंत्री सरयू राय ने मंत्री रहते मनोनयन पर झारखंड प्रिंटर्स को काम दिलवाया । सरयू राय ने न तो वित्त विभाग से सहमति ली न कैबिनेट से अपने स्तर से ही झारखंड प्रिंटर्स को काम देने का निर्णय ले लिया जनसंपर्क विभाग राज्य सरकार के हर विभाग के प्रचार प्रसार का काम करता है लेकिन श्री सरयू राय ने मंत्री रहते अपने विभाग के लिए अलग से पत्रिका का प्रकाशन कराया इस पत्रिका के प्रकाशन से न तो सरकार को लाभ हुआ न जनता को । बिना टेंडर के आहार पत्रिका का प्रकाशन कराया गया। अनियमितता और शिकायत की सूचना मिलने के बावजूद झारखंड प्रिंटर्स के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गयी बल्कि उसे अवधि विस्तार दे दिया गया।

# पवन यादव के हत्यारों को फास्ट ट्रैक के तहत फांसी की सजा मिले : विधायक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** विधायक सुनिता चौधरी विधानसभा सत्र खत्म होते ही रामगढ़ वार्ड नंबर 6, मिर्तक पवन यादव के घर पहुंची और उनके माता मुटरी देवी , बहन रिंकी कुमारी ,पिता शरद यादव,भाई पंकज यादव, प्रिंस यादव और अन्य परिवार वालों से मिलकर हिम्मत देते हुए कहा की इस दुख की घड़ी में आजसू पार्टी आपके पूरे परिवार के साथ खड़ी है और हर संभव मदद करेगी द्य और साथ ही कहा की रामगढ़ में लगातार बढ़ते अपराध की घटना पर कड़ी निंदा करते हुए झारखंड सरकार संरक्षक में अपराधियों का मनोबल किस कदर बड़ा है कि लोग रात हो या दिन में भी आराम से नहीं रह सकते है द्य विशेषकर झारखंड सरकार में हिंदुओं की हत्या सुनियोजित तरीके से लगातार की जा रही है ऐसा प्रतीत होता है कि झारखंड सरकार खुली छूट दे रखी है और अपराधियों मैं कानून का डर नहीं है । जिस तरह से वार्ड नं 6, राज होटल समीप निवासी पवन यादव की निर्मम हत्या कर दी गई ऐसे अपराधियों को राज्य सरकार फास्ट ट्रैक के तहत फांसी की सजा दे द्य ताकि भविष्य में ऐसी घटना रामगढ़ विधानसभा में फिर ना हो सके, रामगढ़ विधानसभा एक शांति और अमन चैन का शहर है द्य सुनिता चौधरी ने कहा कि आए दिन रामगढ़ में हत्या की घटना लगातार देखने को मिल रही है कभी व्यापारियों को सरेआम गोली मार दी जाती है तो कहीं दिन में ही भीषण डकैती की घटना को अंजाम अपराधियों के द्वारा किया जा रहा है वही एक ओर झारखंड सरकार तमाशबीन बन केवल पोस्टर बाजी एवं जुमलेबाजी में व्यस्त है द्य झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन अपराधियों को नकेल कसने में नाकामयाब दिखाई पड़ रही है जिससे आम जनता काफी डरे और सहमे हुए हैं द्य जनता की सुरक्षा प्रदान करना झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन जवाबदेही बनती है और साथ ही झारखंड सरकार से मांग किया कि ।



## राहुल गांधी के सजा पर रोक लगाए जाने पर रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के ने सुभाष चौक में आतिशबाजी और मिठाई बाट कर खुशी का इजहार किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा राहुल गांधी के मानहानि केस के सुनवाई के पश्चात उनकी सजा पर रोक लगाए जाने पर रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा के जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान के नेतृत्व में सुभाष चौक में आतिशबाजी और मिठाई बाट कर खुशी का इजहार किया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने कहा की सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से इस देश के प्रजातंत्र को मजबूत किया है यह निर्णय देश की जनभावना के अनुरूप है नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा षड्यंत्र कर अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर हमारे नेता को झूठे मुकदमे में फसाकर लोकसभा के सदस्य का खत्म की थी यह फैसला हिंदुस्तान की जनता के बीच में इस बात को एक बार फिर से स्थापित करता है कि देश की न्यायपालिका देश के जनतंत्र की रक्षा के लिए खड़ी है इस कार्यक्रम मुख्य रूप से शांतनु मिश्रा, दिनेश मुंडा, मुकेश यादव, मंजू जोशी,रीना देवी, अंजू देवी, संजय साहू, समशुद खान, आसिफ इकबाल, मन्ना मंसूरी, टिंकू खान, समीर हुसैन, साजिद हुसैन, गगन करमाली,राजन करमाली,मोहम्मद सलीम खान,निसार अहमद, मोहम्मद अब्बास, अनिल नायक,रुपेंद्र महतो, गोपाल मुंडा, धर्मवीर दास,गोपाल रविदास, दीपक राकेश, आजाद सिंह, संजू गुप्ता, बजरंग साह इत्यादि उपस्थित थे।

# सांसद के प्रयासों से बन रहा विशाल रसोईघर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** हज़ारीबाग सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा हज़ारीबाग लोकसभा के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर कार्यरत हैं। उनके प्रयासों से हज़ारीबाग में अक्षयपात्रा रसोईघर की परियोजना आकार ले रही है, जिसे बहुत जल्द पूरा कर लिया जाएगा। ?27 करोड़ की लागत से डेमोटाण्ड में बन रहा यह रसोईघर ज़िले के 565 सरकारी विद्यालयों के लगभग 1 लाख बच्चों को रोज़ाना पौष्टिक मध्याह्न भोजन उपलब्ध करवाएगा। यह अक्षयपात्रा के विश्व के 5 सबसे बड़े रसोईघरों में से एक होगा।जयंत सिन्हा ने बीते दिनों इस परियोजना का निरीक्षण कर अधिकारीयों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यह रसोईघर अपने आप में विशिष्ट व अनूठा है, क्योंकि यह भोजन की उपलब्धता की क्षमता व गुणवत्ता में वृद्धि करेगा। साथ ही यह विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त होगा। इसके निर्माण के लिये दुनिया भर से उपकरण मंगाए गए हैं और यहाँ बहुत सी चीजें गैस की जगह भाप से बनाई जाएंगी। यह रसोईघर बड़ी संख्या में रोज़गार का भी सृजन करेगा। इससे स्थानीय किसानों व व्यापारियों को भी सीधा लाभ मिलेगा।

## आदिवासी मुख्यमंत्री के राज में आदिवासी समाज का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा आजसू : रोशनलाल चौधरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड कमिटी के द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में मौजूदा वादाखिलाफी की सरकार से आमजनता के संघर्ष की लड़ाई को मजबूती प्रदान करते हुए हल्ला बोल कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम को अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो एवम संचालन प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी उपस्थित थे। विशिष्ट रूप से केंद्रीय सचिव विजय साहू, केंदीय सचिव गुड्डू यादव, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी, जीप उपाध्यक्ष रीता देवी, नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो, जीप सदस्य धनेश्वर महतो, जीप सदस्य भोला तुरी, जीप सदस्य तापेश्वर महतो, हजारीबाग जिला प्रधान सचिव कौलेश्वर गनझू, रामगढ़ जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, हजारीबाग जिलाध्यक्ष विकास राणा, रामगढ़ जिला सचिव लालचंद महतो, नरेश महतो, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष हरिरत्नम साहू उपस्थित थे।कार्यक्रम में आजसू को हजारों की संख्या में आमजनता का भी समर्थन मिला। कार्यक्रम के दौरान मौजूद आम जनता को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रोशनलाल चौधरी ने कहा की राज्य में अराजकता का माहौल है। कांग्रेस एवम जेएमएम में जरा भी राजनीतिक सुचिता बची है तो अपने चुनावी एजेंडे की ओर एक बार देख ले, इनमें अपने खुद के किए वादे को लागू करना तो दूर उसपर चर्चा करने की हिम्मत हीं नहीं है कितने लोक लुभावन वादे किए सब धाराशायी हो गए। राज्य में जनता अराजकता और भ्रष्टाचार से त्राहि त्राहि कर रही। आदिवासी मुख्यमंत्री के राज में आदिवासियों का हीं अपमान किया जा रहा। विधायक इरफान अंसारी ने आदिवासी समाज का अपमान किया है। इरफान अंसारी पर एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अविलंब गिरफ्तार करना चाहिए।


**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना सं. एस .जी. 664–04–संकेत–2023–24,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं०: 1. कार्य का नाम:** PUVNL की जमा शर्तों के तहत PTRU में यूटिलिटी शिफ्टिंग और यार्ड रीमॉडलिंग का काम हेतु। (RDPMS से सम्बंधित कार्य)। **2. कार्य का आकलित मूल्य:** ₹3,02,87,106.17 (लगभग), **3. कार्य का अग्रधन राशि:** ₹3,01,400.00, **4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 21.08.2023 (12:30 बजे) | **5.** ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रुप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायगो । उपरोक्त ई–निविदा के ई–निविदा दस्तावजे सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगे । **द्रष्टव्य :–** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट : **http//www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

**वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता**
**पूर्व मध्य रेल धनबाद**

पीआर/00883/डीएचएन/एस&टी/टी/23–24/36



**AFFIDAVIT**

I, ABDULLAH KHAN, S/O Late Sadi khan, Aged about : 81 years, by faith : Islam, by Occupation : Retired person, Resident of Iqra Road, Near Noori Masjid, Wasseypur, Dhanbad, P.O - Wasseypur, P.S - Bank More, Dist - Dhanbad, State - Jharkhand, Aadhar No. - 5233 5031 8339 do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows : -

1 - That, my correct and actual spelling name as ABDULLAH KHAN, S/O - Late Sadi khan, which is mentioned in my Aadhar Card, Vide Card No.5233 5031 8339.

2 - That, in my Educational certificate my name has been written/mentioned as ABDULLAH KHAN.

3 - That, in my all documents like educational documents, Passport, Voter I.D Card, Aadhar Card, Bank Account and Gas Connection name has written/mentioned as ABDULLAH KHAN.

4 - That, I do hereby declare and undertake that ABDULLAH KHAN and MOHAMMAD ABDULLAH both are the Common names of Same and One Identical Person i.e. myself only.

5 - That, I have affixed my recent Passport Size Photograph on the face of this affidavit for Proper Identification.

6 - That, all the above Said Contents of this affidavit are true, and correct and nothing has been concealed in it.

7 - That, I am Swearing this affidavit to Produce it before the authority Concerned for needful.


# एनटीपीसी ने आरएनआर कॉलोनी में पुनर्वास परिवारों के बीच किया फ्रीज व पंखे का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइन्स द्वारा सामुदायिक विकास के तहत ढेंगा स्थित आरएनआर कॉलोनी में 25 पुनर्वास परिवारों के बीच फ्रिज, पंखा, गैस चूल्हा एवं चाय सेट का वितरण किया गया। इसके लिए पुनर्वास कॉलोनी के प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में वरीय प्रबंधक कमला राम रजक के संचालन में वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरएनआर के महाप्रबंधक पंकज ध्यानी ने कहा कि एनटीपीसी कोई निजी कंपनी नहीं है। यह भारत सरकार का उपक्रम है। इसलिए भारत सरकार के अधीन जो भी विस्थापितों के लिए लाभ सुनिश्चित किया गया है उसके अतिरिक्त सामुदायिक विकास के तहत एनटीपीसी विस्थापितों को अधिक से अधिक लाभ देने का काम करती है। इसी कार्यक्रम के तहत विस्थापित के बाद पुनर्वास परिवारों यह लाभ दिया जा रहा है। पुनर्वास परिवारों को 1-1 सेट फ्रीज, गैस चूल्हा, चाय सेट एवं 2-2 सेट पंखा का वितरण किया गया। मौके पर महाप्रबंधक इंफ्रा नवीन कुमार गुप्ता, उप महाप्रबंधक अजीत कुमार, संजीत कुमार सेनापति, राजकिशोर महतो, वरिष्ठ प्रबंधक संतोष कुमार महतो, कमला राम रजक, अभियंता ऋचा नंदा, रजनीश कुमार, सतीश कुमार, लाभुक परिवार में सुनील कुमार सिंह, जनार्दन सिंह, कुमारी सुमन सिंह, मनीषा सिंह, सतनारायण सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, मदन कुमार सिंह, अंशु कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, सचिन कुमार सिंह, सत्यजीत कुमार सिंह, प्रकाश कुमार, अनिल कुमार सिंह संजय कुमार, सोहन साव, राजू भुइयां, चौहन साव, सुरेंद्र कुमार, रामा सिंह, प्रमोद कुमार, प्रदीप महतो, कालेश्वर महतो, चैता महतो इत्यादि लोग शामिल थे।



## जनता दरबार में एक दर्जन से अधिक मामले आए, उपायुक्त ने निष्पादन करने का दिया निर्देश

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग एक दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में,जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में,पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में,खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में,भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार,मनरेगा,भूमि, म्यूटेशन,पेंशन,भूमिअधिग्रहण,आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।




**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
**एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–निविदा संख्या:- 24/2023-24** **दिनांक :- 02.08.2023**

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-GAR-01/2023-24 | रंका | 1 | बुढ़ापरास से बान्दु तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 7.900 कि०मी०) | 1122.130 | ग्यारह करोड़ बाईस लाख तेरह हजार रू० मात्र | 09 महीना |
| | | चिनियाँ | 2 | कठौतिया से हेतारकला तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 1.770 कि०मी०) | | | |
| 2 | JH-M-GAR-02/2023-24 | रंका | 1 | रंका थाना मोड़ से टिमन बाजार रमकण्डा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 15.600 कि०मी०) | 1043.749 | दस करोड़ तैतालीस लाख चौहत्तर हजार नौ सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| 3. | JH-M-GAR-03/2023-24 | भण्डरिया | 1 | भण्डरिया सिकरियामेन रोड़ से जोनीखॉड होते हुए सिजो मोड़ रमकण्डा मुख्य पथ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 10.050 कि०मी०) | 1096.362 | दस करोड़ छियानवे लाख छत्तीस हजार दो सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | रंका | 2 | रंका चिनियाँ पी०डब्ल्यू०डी० पथ रबदा से रबदा राजकीय मध्य विद्यालय होते हुए कंचनपुर शिव मंदिर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.000 कि०मी०) | | | |
| 4 | JH-M-GAR-04/2023-24 | गढ़वा | 1 | L048 से गरनाहा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.240 कि०मी०) | 1134.386 | ग्यारह करोड़ चौतीस लाख अड़तीस हजार छः सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | गढ़वा | 2 | REO रोड़ दमदुआ मोड़ से विन्द टोला होते हुए समाहरनालय गेट तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.730 कि०मी०) | | | |
| | | मेराल | 3 | एन०एच०–75 मेराल बस स्टैण्ड से मेराल रेलवे स्टेशन भाया अकड़ी टोला तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.425 कि०मी०) | | | |
| | | मेराल | 4 | एन०एच०–75 बाना महुआ से बाना मध्य विद्यालय तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 1.825 कि०मी०) | | | |
| | | मेराल | 5 | मेराल रेलवे लाईन से मकुना पी०एम०जी०एस०वाई० रोड़ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 1.700 कि०मी०) | | | |
| 5 | JH-M-GAR-05/2023-24 | मेराल | 1 | देवगाना मोड़ से देवगाना पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 1.300 कि०मी०) | 1106.268 | ग्यारह करोड़ छः लाख छब्बीस हजार आठ सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | मेराल | 2 | मेराल से मकुना तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 0.500 कि०मी०) | | | |
| | | मेराल | 3 | T03 से कुम्भी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.920 कि०मी०) | | | |
| | | मेराल | 4 | L047 से केवार टोला तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.400 कि०मी०) | | | |
| | | मेराल | 5 | चट्टान टोला से साव टोला तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 1.200 कि०मी०) | | | |
| | | मेराल | 6 | T02 से कमरमा टोला तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.590 कि०मी०) | | | |
| 6. | JH-M-GAR-06/2023-24 | गढ़वा | 1 | गढ़वा चिनियाँ पी०डब्ल्यू० रोड़ कल्याणपुर से पेस्का आर०ई०ओ० रोड़ होते हुए जाटा पुल तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 1.770 कि०मी०) | 1122.165 | ग्यारह करोड़ बाईस लाख सोलह हजार पाँच सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | मेराल | 2 | T03 से चोरपनियाँ टोला तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 0.550 कि०मी०) | | | |
| | | मेराल | 3 | अंरगी से दलेली तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.630 कि०मी०) | | | |
| | | मेराल | 4 | गढ़वा मझियॉव पी०डब्ल्यू० पथ से खोलरा होते हुए मुरली बाँध तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 1.320 कि०मी०) | | | |
| | | मेराल | 5 | पी०डब्ल्यू०डी० रोड़ छपरवार खुर्द से छपरवार कला नहर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.820 कि०मी०) | | | |
| | | डण्डा | 6 | PMGSY रोड़ गोबरदाहा से चक छपरदगा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.100 कि०मी०) | | | |
| 7 | JH-M-GAR-07/2023-24 | रंका | 1 | गोदरमाना ईमली हाटदोहर से जनेवा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 6.600 कि०मी०) | 1159.893 | ग्यारह करोड़ उनसठ लाख नवासी हजार तीन सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | चिनियाँ | 2 | रंका चिनियाँ मुख्य पथ हेतारकला पंचायत भवन से हाट बझवा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.620 कि०मी०) | | | |
| | | रंका | 3 | विश्रामपुर You tube चौक से आवासीय विद्यालय ढेंगुरा (कुदरूम) तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.850 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथिः–**12.08.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **22.08.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **गढ़वा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– **23.08.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीडपोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (**23.08.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–**24.08.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ............................
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेटबैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंकड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **गढ़वा** के पक्ष में एवं **गढ़वा** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

**मुख्य अभियंता**
**जे०एस०आर०आर०डी०ए०,राँची**

**PR 303998 Rural Work Department(23-24).D**

## बेंगाबाद प्रखंड के नए प्रखंड विकास पदाधिकारी बनी निशा कुमारी ने लिया प्रभार



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के नए प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप मे निशा कुमारी ने शुक्रवार को पदभार लिया। ग्रामीण क्षेत्रे के विकास मे तरह मनरेगा योजना के तहत लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने मे इस विभाग की अहम भूमिका होती है। इससे पूर्व के प्रखंड विकास पदाधिकारी कयूंम अंसारी का भी बेहतर योगदान रहा वही निशा कुमारी से लोगों मे एक उम्मीद है। कहा जाता है कि महिला पदाधिकारी लोगों के समस्याओं पर ज्यादा ध्यान देते हुए भ्रष्टाचार से निजात दिलाने का काम करेगी। आज लगभग सभी विभाग मे भ्रष्टाचार चरम पर है।

## डुमरी के नए अनुमंडल पदाधिकारी ने किया पदभार ग्रहण



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह जिले स्थित अनुमंडल कार्यालय डुमरी में पूर्वाह्न 11.30 बजे राज्य सरकार के कार्मिक विभाग के अधिसूचना संख्या 4316 दिनांक 26/07/23 के आलोक में नवपदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरी (गिरिडीह) मो0 सहजाद परवेज, झा0 प्र0 से0 के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी डुमरी (गिरिडीह) का पदभार निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी, मति प्रेमलता मुर्मू, झा0प्र0से0 से ग्रहण किया।

## मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो उपायुक्त से मिले



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मार्क्सवादी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन महतो ने पुष्पगुच्छ भेंट कर धनबाद उपायुक्त को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने जिले की ज्वलंत समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष संदीप कौशल, राहुल रंजन मौजूद थे।

## बोकारो स्टील सिटी स्टेशन का होगा कायाकल्प प्रधानमंत्री करेंगे शिलान्यास



**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रेलवे नए भारत के सपने को साकार करने तथा आधुनिकीकरण के मार्ग में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। 1309 रेलवे स्टेशन विकसित किए जा रहे हैं जिनमें आधुनिक सुविधाएं होंगी। भारतीय विविधता की महिमा प्रदर्शित करते हुए, इन विकसित स्टेशनों में नई आधुनिक यात्री सुविधाएं और मौजूदा सुविधाओं का उन्नतीकरण और बदलाव होगा।अमृत ??भारत योजना के कार्यान्वयन के साथ, दक्षिण पूर्व रेलवे के बोकारो सिटी रेलवे स्टेशन एक विश्व स्तरीय स्टेशन के रूप में उभरने, यात्रा के अनुभवों को फिर से परिभाषित करने और यात्री सुविधाओं में नए मानक स्थापित करने की ओर अग्रसर है, जिसका शिलान्यास दिनांक 06.08.23 को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा किया जाएगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत दक्षिण पूर्व रेलवे के बोकारो रेलवे स्टेशन की लिए योजनाएं इस प्रकार हैंविशेष सुविधाओं का उन्नतीकरण, जिसमें विस्तीर्ण वेटिंग लांज, स्वच्छ और स्वच्छंद स्नानघर, अलग रूप से सक्षम यात्रियों के लिए स्टेशन में पहुंचने की सुविधा, विशेष रूप से बुजुर्ग यात्रियों के लिए लिफ्ट और एस्केलेटर ,आदि कार्य शामिल है रूप से बोकारो स्टेशन को प्रकाशित किया जाएगा।

## बैंक मैनेजर के बंद घर में ताला तोड़कर घुसे अपराधी, गया में पदस्थापित

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले में बंद घरों को अपराधी निशाना बना रहे हैं। ताला बंद घरों में अपराधी बड़े इत्मीनान से घुसकर चोरी की घटना को लगातार अंजाम दे रहे हैं। ऐसी ही एक घटना सदर थाना क्षेत्र के धैया विनय विहार कॉलोनी में शुक्रवार को घटी। जहां घर मालिक एके चौधरी अपने घर में ताला लगा कर बिहार के गया शहर गए हुए थे। एके चौधरी गया के ग्रामीण बैंक में ब्रांच मैनेजर के पद पर कार्यरत है। चोरों ने बंद घर में लगे हुए 3 ताले को तोड़कर घर में घुसे। जहां उन्होंने सभी कमरों को पूरी तरह खंगाल डाला और हजारों की संपत्ति ले उड़े। वही गृहस्वामी के पड़ोसी और रिश्तेदार ने बताया कि वह सुबह घर का ताला टूटा देखें, तो मकान मालिक को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद घर मालिक गया से धनबाद के लिए रवाना हो गए हैं। घटना की सूचना पुलिस को भी दी गई है। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। फिलहाल पुलिस घर मालिक के आने का इंतजार कर रही है। जिससे पता चल सके कि अपराधियों ने घर से कितने की संपत्ति चोरी की है। घटना से कॉलोनी में भय व दहशत व्याप्त है।

# धनबाद गया पुल के अंडरपास का प्रोजेक्ट फिर लटका, नए सिरे से होगा टेंडर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** वर्षो से जाम की समस्या से निज़ात पाने के लिए गया पुल में प्रस्तावित अंडरपास के लिए अभी और लंबा इंतज़ार करना पड़ेगा। कैबिनेट ने फाइनेंसियल बिड में टेंडर राशि से 30 प्रतिशत राशि अधिक राशि कोट करने पर संवेदक शीला कंस्ट्रक्शन का टेंडर रद्द कर दिया है। जिसके कारण विभागीय प्रक्रिया दोहराने के बाद फिर से टेंडर निकाला जाएगा। लिहाज़ा अंडरपास के लिए इंतज़ार और लंबा हो जाएगा।

**क्यों बढ़ा इंतज़ार :-** बता दें कि डीएमएफटी फंड के तहत 23 करोड़ 84 लाख 81 हजार 900 रुपये से गया पुल के नया अंडरपास का निर्माण किया जाना था। इससे पहले इसकी राशि 23 करोड़ 72 लाख रुपये थी। राशि बढ़ाने के बाद केबिनेट ने नए सिरे से टेंडर निकालने का निर्देश पथ निर्माण विभाग को दिया। जिसके बाद पथ निर्माण विभाग ने नए सिरे से टेंडर की प्रक्रिया शुरू की। नए टेंडर प्रक्रिया में दो संवेदक ने टेंडर डाला था। पहली रायपुर की शीला कंस्ट्रक्शन व दूसरी नासिक की एबीएल इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड। विभाग ने तकनीकी बिड में इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड को अयोग्य घोषित कर दिया। जिसके बाद शीला कंस्ट्रक्शन को काम मिलना तय हो गया। लेकिन फाइनेंसियल बिड में शीला कंस्ट्रक्शन के टेंडर राशि से 30 प्रतिशत अधिक राशि कोट करने पर कैबिनेट ने इसे भी निरस्त कर दिया।

**रेलवे से भी मिल चुकी है हरी झंडी :-** वही नए अंडर पास के लिए रेलवे ने भी राज्य सरकार से 6 करोड़ की राशि की मांग की थी। राज्य सरकार ने रेलवे को राशि का भुगतान भी कर दिया। जिसके बाद धनबाद डीआरएम ने पथ निर्माण विभाग को मोबिलाइजेशन का काम शुरू करने पर सहमति दे दी। इसमें धनबाद सांसद पीएन सिंह का भी अहम योगदान रहा। सांसद के पहल पर ही धनबाद डीआरएम ने पथ निर्माण विभाग को मोबिलाइजेशन का काम शुरू करने के लिये हरी झंडी दी। बावजूद इसके अंडर पास का निर्माण कार्य शुरू नही हो सका।

**रिवाइज्ड टेक्निकल सैंक्शन के लिए भेजी गई है फ़ाइल :-** पूरे मामले में पथ निर्माण विभाग धनबाद के कार्यपालक अभियंता दिनेश प्रसाद ने कहा कि विभाग को धनबाद की जनता का ख्याल है। अंडरपास के जल्द निर्माण के लिए फाइल को पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति यानी रिवाइज्ड टेक्निकल सैंक्शन के लिए रांची भेजी गयी है। रिवाइज्ड टेक्निकल सैंक्शन से फाइल आते ही गया पुल के नए अंडरपास की टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

## ओबी डंप में झुलसी बच्ची की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** बीसीसीएल के लोदना क्षेत्र में चल रहे सुशी आउटसोर्सिंग परियोजना से हो रहे गर्म ओबी के चपेट में शौच के लिए गयी एक महिला व बच्ची आ गयी। आनन फानन में स्थानीय लोगों ने दोनों को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच अस्पताल ले जाया गया। जहां बनियहीर 2 नंबर मैदान के समीप ओबी डंप के गर्म छाई से झुलसी 11 वर्षीय कक्षा पांच की छात्रा जिया कुमारी की मौत गुरुवार की देर रात हो गयी। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिया का इलाज एसएनएमएमसीएच में चल रहा था। परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए पटना ले जा रहे थे। परंतु बच्ची जलन व दर्द सहन नहीं कर सकी व रास्ते में उसकी मौत हो गयी। पटना में ही उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## कपिलो पंचायत के ग्राम पंदनाकला में हाथी ने कई घरों में मचाया उत्पात



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के कपिलो पंचायत के ग्राम पंदनाकला में शुक्रवार को यमुनी मसोमात, गायत्री देवी, भखवा देवी के घर का जंगली हाथी ने दरवाजा तोड़कर रखे सामग्री को क्षतिग्रस्त कर दिया साथ ही आस पास के खेतों में लगे फसलों को बर्बाद कर दिया, वहीं नीरज कुमार का दो पहिया वाहन (मोटरसाइकिल) को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया तथा भखवा देवी को सूंढ से गिरा दिया जिससे उनका दायां कंधा में काफी दर्द हो गया है जिसका ईलाज के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया सुचना पाकर कपिलो मुखिया मुकेश यादव ने जंगल सिपाही योगेंद्र कुमार को सूचित कर घटना स्थल पर निरीक्षण कर एवं पीड़ितों से मिलकर हाथी द्वारा किए नुकसान का मुआवजा राशि भूगतान करने के लिए आवदेन करने को कहा और जल्द से जल्द मुआवजा राशि भूगतान करने का आश्वाशन दिया।

## विलुप्त हो गए धनरोपनी के समय गाये जाने वाले मधुर लोक गीत

सुनील कुमार@प्रभात मंत्र

**बिरनी :** रिमझिम बरसले रे बदरा, बेटी तोहरे खातिर बुनली कुसुम कियरिया, लागी गैलय बोनवा में अगिया जरी गेलय सोनवा पहरीया जैसे धनरोपनी के समय खेतों में गाए जाने वाले मधुर लोकगीत अब धीरे-धीरे विलुप्त से हो गए। कुछ वर्ष पूर्व रोपा शुरू होते ही खेतों में चारों ओर धनरोपनियों के गीत गूंजने लगते थे। भारतीय संगीत के चार राग चैती, कजरी, फाग और मल्हार में से मल्हार राग में गाए जाने वाले इन गीतों से चारों ओर का वातावरण संगीतमय हो जाता था। ग्रामीणों का मानना था कि धनरोपनी के समय गीत गाने से लोगों में उत्साह तो जगता है हीं इसके आलावे भगवान इंद्र भी खुश हो जाते हैं, वर्षा ज्यादा होती है, जिससे खेती-किसानी का वातावरण तैयार करने में मदद मिलती है। इस बीच बुजुर्ग ग्रामीण किसान वर्तमान के बदलते परिवेश में धनरोपनी के समय गीतों को नहीं गाये जाने को लेकर काफी चिंता व्यक्त कर पुरानी आदों में खो जाते हैं। इस प्रकार के गीतों के विलुप्त होने के कई कारण है जैसे बढ़ती जनसंख्या के कारण खेतों के बंटवारे से किसानों का जोत छोटे हो गए, जिसके कारण अब महिलाएं समूहों में नहीं बल्कि अकेले धान रोपती नजर आती है, वहीं नये दौर की महिलाएं अब खेतों में इस तरह के गीतों को गाने में संकोच करतीं हैं। इन गीतों का इतिहास चाहे जो भी रहा हो परंतु कर्णप्रिय इन लोक गीतों का उद्देश्य अपने क्षेत्र की सलामती के लिए प्रार्थना के साथ साथ भगवान इंद्र



को खुश करने की भावना होती थी, जिसमें अपने गांवों की सभ्यता एवं संस्कृति का समावेश कूट-कूट कर भरा होता था। इन लोक गीतों के मधुर आवाज से खेतों में काम करने वाले किसानों, मजदूरों के अंदर एक नई ऊर्जा एवं जोश भर देती थी। लेकिन आधुनिकता के इस बदलाव में धनरोपनी गीतों का विलुप्त होना चिंता का विषय है। आधुनिक तरीके से कृषि कार्य ने भी इन गीतों के विलुप्त में अहम भूमिका निभाई है, खेतों में जहां कीचड़ से सने कतारबद्ध हल बैल चलते थे, अब उसकी जगह ट्रैक्टरों ने ले लिया है जो दिन भर का काम मिनटों में कर चला जाता है। समयाभाव के कारण भी लोग अब खेतों में ज्यादा समय देना नही चाहते हैं।

## यह नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत है सत्यमेव जयते : सतपाल सिंह ब्रोका



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मोदी सरनेम से संबंधित टिप्पणी के मामले में राहुल गांधी की दोष सिद्धि पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने का स्वागत करते हुए धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता सतपाल सिंह ब्रोका ने कहा कि यह सच्चाई एवं न्याय की जीत है और कोई भी ताकत जनता कि आवाज को दबा नहीं सकती है जिसके बाद उनकी संसद सदस्यता का रास्ता साफ हो गया सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम आदेश में मोदी सरनेम टिप्पणी पर आपराधिक मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सजा पर रोक लगा दी हैराहुल जी के सत्य और न्याय की जीत का प्रमाण है बीजेपी की मशीनरी के अथक प्रयासों जो घिनौंनी साजिशें रची गई थी वह नाकाम हो गई बावजूद राहुल गांधी ने न्यायिक प्रक्रिया में अपना विश्वास बनाए रखा उन्होंने झुकने टूटने या माफी मांगने से इनकार कर दिया था ।इस फैसले से लोकतंत्र की आवाज को बल मिलेगा इंडिया की आवाज फिर से संसद में गूंजेगी जनता के अधिकारों की आवाज को मजबूत करने के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय का आभार व्यक्त करता हूं।

## भाजपाइयों ने सड़क पर की धान रोपनी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बरसात सक्रिय होने के साथ ही धनबाद में निगम की मानसून पूर्व तैयारियों की पोल खुलने लगी है। जर्जर सड़को पर जलजमाव देखने को मिल रही है। शुक्रवार को भाजपाईयों का विरोध सड़क पर दिखा और विरोधस्वरूप भाजपा से जुड़े कार्यकर्ताओं ने बीच सड़क पर धान रोपनी करना शुरू कर दिया, साथ मे मछलियां भी पकड़ कर विरोध जताया। वहीं भाजपा नेता अमरजीत कुमार एवं मंडल अध्यक्ष राजकुमार मंडल ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि धनबाद में बीचों बीच रोड पर जल जमाव हो जाने के कारण गुजरने वाले लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर मानसून से पहले ही रानीबांध तालाब के समीप रोड पर भारी जल जमाव हो गया है। निगम और जिला प्रशासन जल्द इस पर संज्ञान ले वरना विरोध को और गति दी जाएगी।

## छत के ऊपर से गुजरती नंगी बिजली का तार दुर्घटना को कर रही आमंत्रित



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के खुरचुट्टा अंतर्गत खद्यरा गांव मे एक व्यक्ति के छत से बिजली का नंगी तार गुजर रहा है जो कि किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रही है। घर के मालिक विजय कुमार ने कहा कि इस खतरे को देख विभाग को सूचना दी लेकिन अभी तक तार को हटाया नहीं गया जबकि बच्चे से लेकर बड़े सभी का छत पर आना जाना लगा रहता है जिससे हमेशा भय रहता है। उन्होंने बताया कि हमने इस तार को अपने हिसाब से हटाने का प्रयास भी किया लेकिन गांव लोग जबरन हटाने नहीं दिया । एक तरफ विभाग इस पर गंभीर नहीं है वही ग्रामीण भी तार नहीं हटाने देने के पक्ष में है लेकिन इस बीच अगर कुछ घटना होती है तो उसका कीमत मुझे चुकाना पड़ेगा। फ़िलहाल बांस के सहारे से थोड़ा ऊपर कर दिया गया है लेकिन कभी भी इसके चपेट में आ सकता है। विजय प्रवासी मजदूर है इनके अनुपस्थिति मे इनकी पत्नी और बच्चे ही घर में रहते हैं । अगर जल्द ही विभाग इस पर गंभीर नहीं होती है तो कभी भी घटना हो सकती है जिसका जिम्मेवार विभाग और ग्रामीण होगा।

## 89 वर्षीय सत्तो दा के देहांत से गमगीन हुआ लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोहार बरवा टुंडी रोड, आसन डाबर स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में 15 साल से आश्रय ले रहे सबसे पुराने 89 वर्षीय वृद्ध सत्तो दा के देहांत से आश्रम में मातम छा गया। आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने कहा 15 साल पूर्व उनको आश्रम में वे लाये थे और तब से यहां नियमित रूप बहुत ही इत्मीनान से रह रहे थे। वह काफी शांत स्वभाव के थे और आश्रम के किसी भी महत्वपूर्ण निर्णय पर अपनी राय दिया करते थे। सभी वृद्धजनों के लिए उनके दिल में खास प्यार, लगाव एवं सभी को थोड़ी खुशी प्रत्येक दिन कैसे मिले, इसके लिए चिंतित रहते थे। आश्रम में आने वाले आगंतुकों को पिता जैसा प्यार देकर दिल में बस जाते थे और अपना हार्दिक आत्मिक आशीर्वाद देते थे। गुरुवार की रात्रि अचानक उनकी सांस रुक जाने की खबर से सारे वृद्धजनों की आंखें नम हो गई और आश्रम में सन्नाटा पसर गया। सत्तो दा का अंतिम क्रिया कर्म हिंदू रीति के विधि विधान से किया गया। अंतिम संस्कार मे आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी, समाजसेवी ओमकार मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रशांत वर्मा, सीताराम चौबे, ए.के. चक्रवर्ती, एम.एम. सरकार, बलदेव प्रजापति समेत आश्रम के अन्य वृद्धजन एवं सेवाकर्ता सक्रिय थे।

## लिखोनी मंझियान को उसकी जमीन वापस दिलाई जाएगी : लोलिन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी के संग्रामडीह निवासी लिखोनी मंझियान उम्र करीब 68 वर्ष अपनी ही जमीन को अपने नाम करने में 15 सालों से है परेशान जब इसकी खबर टुंडी झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष लोलिन बास्की को लगा तो वहां के मुखिया की उपस्थिति में एक बैठक का आयोजन किया गया। प्राप्त समाचार के अनुसार संग्रामडीह निवासी लिखोनी मंझियान आज अपने जमीन पर कब्जा करने में काफी असमर्थ हैं दबंगों द्वारा बराबर इन्हें धमकाने चमकाने का काम किया जा रहा है अपने ही



जमीन में खेती नहीं कर पा रही हैं इसी को लेकर लिखोनी मंझियान आज शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय टुंडी पहुंच कर गुहार लगाई और लिखित आवेदन दिया तभी प्रखंड अध्यक्ष लोलिन बास्की ने त्वरित संज्ञान लेते हुए सभी जनप्रतिनिधियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया उसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया आगया कि पंचायत से लेकर प्रशासन तक की मदद अगर लेनी पड़े तो ली जाएगी और जमीन वापस दिलाने में झारखंड मुक्ति मोर्चा अहम भूमिका निभाएगा।

आज के इस बैठक की अध्यक्षता लुकैया मुखिया मनोज मुर्मू जबकि संचालन टुंडी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लोलिन बास्की ने किया मौके पर नित्यानंद पांडे, शहजाद आलम, गांव के प्रधान धनेश्वर मंडल, वार्ड सदस्य मोहम्मद फारूक, कालू शाह, हुसैन अली साह, सोहराब अली , इम्तियाज साह समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## राज्यस्तरीय ताईक्कांडो प्रतियोगिता : गिरिडीह के 28 सदस्यीय टीम धनबाद के लिए रवाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** शुक्रवार को गिरिडीह ज़िले से धनबाद के अपर्णा पब्लिक स्कूल में दिनांक 4 से 6 अगस्त तक होने वाले 23 वे राज्य स्तरीय सब-जूनियर एवं जूनियर ताइक्कांडो प्रतियोगिता के लिए गिरिडीह से 28 सदस्यीय टीम धनबाद के लिए रवाना। गिरीडीह जिला ताइक्कांडो संघ के महासचिव अमित स्वर्णकार ने बताया कि आगामी 4 से 6 अगस्त तक धनबाद के अपर्णा पब्लिक स्कूल में होने वाले 23 वे राज्यस्तरीय सब जूनियर और जूनियर ताइक्कांडो प्रतियोगिता के लिए आज 'के टाइगर ताइक्कांडो एकेडमी' ब्रांच श्री गुरुनानक विद्यालय से 28 सदस्यीय टीम को गिरिडीह जिला ताइक्कांडो संघ के सभी सदस्यों ने अपनी शुभकामना देते हुए धनबाद के लिए रवाना किया। इस टीम 9 बालिका तथा 17 बालक कुल 26 खिलाड़ी तथा 2 कोच आकाश कुमार स्वर्णकार और रोहित राय सम्मिलित है। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता 3 दिनों तक चलेगी जो 2 आयु वर्ग सब-जूनियर और जूनियर वर्ग में खेला जायेगा।

## अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देश भर के 508 स्टेशनों के पुनर्विकास का किया जायेगा शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिनांक 06.08.2023 को अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पूरे देश के 508 स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास किया जाएगा । विदित हो कि भारतीय रेल आधुनिकीकरण की दिशा में और भारत सरकार के न्यू इंडिया के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। देशभर में रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय प्रतिष्ठानों के रूप में विकसित करने का काम तेजी से किया जा रहा है।

इस योजना के अंतर्गत देश के तीन स्टेशनों पर काम पूरा हो गया है। इनमें मध्य प्रदेश का रानी कमलापति स्टेशन, कर्नाटक के बेंगलुरु का सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल स्टेशन और गुजरात का गांधीनगर कैपिटल स्टेशन शामिल हैं। ये स्टेशन आधुनिक भारत की भव्य




तस्वीर पेश करते हैं। इन स्टेशनों पर यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। सुचारू आवाजाही के लिए लिफ्ट और एस्केलेटर के अलावा आधुनिक सुविधाओं से युक्त कॉनकोर्स, वेटिंग रूम और रिटेल क्षेत्र विकसित किए गए हैं। साथ ही यात्रियों के आगमन-प्रस्थान एवं वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई है।

## परिवर्तित मार्ग से चलेगी पटना-रांची -पटना वंदे भारत एक्सप्रेस

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ट्रेन संख्या 22349/22350 पटना-रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन दिनांक 04.08.2023 से अगले आदेश तक अपने निर्धारित मार्ग बरकाकाना-टाटीसिलवे-रांची के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बरकाकाना-मुरी-रांची के रास्ते चलायी जाएगी। विदित हो कि 22349/22350 पटना-रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस जिस मार्ग से होकर परिचालित की जाती है उस मार्ग के हेहल-सांकी स्टेशनों के मध्य पिछले दिनों भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ था तथा वहां पर पहाड़ के पत्थर एवं मिट्टी के लूज हो जाने के कारण भूस्खलन की संभावना के मद्देनजर संरक्षा की दृष्टिकोण से इस रेलखंड पर पैसेंजर ट्रेनों के मुवमेंट को अगले आदेश तक बंद किया गया है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# विधायक कोलेबिरा ने सिमडेगा और गुमला खड़िया समुदाय के शिक्षितों के उत्थान के लिए सदन में रखी मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने सिमडेगा वो गुमला जिले में बृहद रूप से निवास करने वाले खड़िया समुदाय के शिक्षितों के उत्थान हेतु एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय की मांग सदन के माध्यम से सरकार से की है। विधायक ने सदन में बातों को रखते हुए कहा कि मान्यवर सिमडेगा वो गुमला जिला में खड़िया समुदाय की बहुलता है फिर भी खड़िया जनजाति के लिए खड़िया भाषा में शिक्षा देने के लिए शिक्षक का पद सृजित नहीं किया गया है वहीं नहीं विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम से खड़िया के इतिहास को हटा दिया गया है।जो बहुत दुखद और पीड़ादायक है। मैं इस सदन के जरिए सरकार से मांग करता हूं कि खड़िया भाषा में युवाओं को शिक्षित करने के लिए, उनके भाषा संस्कृति परम्परा को संरक्षित करने के लिए शिक्षक नियुक्ति में पद सृजित कर शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू किया जाए एवं विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में खड़िया जनजाति के इतिहास को शामिल किया जाए। बताते चलें कि कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने खड़िया समुदाय के लिए पूर्व में भी आवाज उठाते रहे हैं। विधायक जनजाति समुदाय के साथ साथ सभी वर्गों समुदायों के लिए उनकी आस्था भाषा संस्कृति परम्परा आदि के लिए सदैव आवाज उठाते रहे हैं। विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने एक बहुत ही ज्वलंत मुद्दे को तारांकित प्रश्न सदन में उठाते हुए झारखण्ड सरकार एवं स्वास्थ्य मंत्री से जानकारी मांगी है कि मान्यवर इस सदन के माध्यम से सरकार के स्वास्थ्य मंत्री से जानकारी चाहेंगे कि क्या यह सही है कि सिमडेगा जिला में मेडिकल कॉलेज अस्पताल वित्तीय वर्ष 2020-2021 में खोलने का प्रस्ताव था । क्या यह सही है कि उक्त मेडिकल कॉलेज अस्पताल खुल जाने से झारखण्ड के साथ ही साथ उड़ीसा, छत्तीसगढ़ एवं आस पास के मरीजों को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होगा।

## बीडीओ के निर्देश पर प्रखंड सभागार में बागवानी उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखण्ड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो के निर्देश पर गुरुवार 03 अगस्त को एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बागवानी उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हरित ग्राम बागवानी योजना के उन्मुखीकरण कार्यक्रम के माध्यम से बीपीओ रघुनाथ मुंडा के द्वारा बागवानी कार्य मे किस प्रकार गढ़ा खोदाई, गहराई, लम्बाई, चौड़ाई, गढ़ा भराई, खाध की मात्रा, ट्रेंच, घेरान आदि पर प्रोजेक्टर द्वारा विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर सढाबे मुखिया सुमित्रा उरांव ,गजनी मुखिया सुमन उरांव, कैरो मुखिया बीरेंद्र महली, नरौली मुखिया अरबिंद उरांव, गुड़ि मुखिया चन्द्रमणि उरांव, रोजगार सेवक नन्दा भगत, हिबजुल रहमान, प्रवेज अख्तर, पंचम एतवा पहान, राजमणी मिंज, मंसूर आलम, मेठ फलीन्दर रविदास, बिपिन उरांव, बागवानी सखी आदि उपस्थित थे।

## राहुल गांधी की सजा पर रोक नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत : नेसार अहमद



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुप्रीम कोर्ट ने मोदी उपनाम से जुड़ी टिप्पणी को लेकर 2019 में दायर आपराधिक मानहानि मामले में राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगा दी। दोषसिद्धि पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने का स्वागत करते हुए शुक्रवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस के डेलीगेट नेसार अहमद ने कहा कि राहुल गांधी की सजा पर रोक नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत और यह न्याय की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि कोई भी ताकत जनता की आवाज कह्यह्यो नहीं दबा सकती। उन्होंने कहा कि हम राहुल गांधी जी की दोषसिद्धि पर रोक लगाने वाले माननीय सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हैं। यह राहुल गांधी जी का दृढ़ विश्वास का प्रतिफल है और यह न्याय की जीत हुई है। सुप्रीम कोर्ट का फ़ैसला सत्य और न्याय की पुष्टि करने वाला है। भाजपा की पूरी मशीनरी के निरंतर प्रयासों के बावजूद राहुल गाधी ने हार मानने,झुकने या दबने से इनकार करते हुए न्यायिक प्रक्रिया में अपना विश्वास जताया। यह भाजपा के लिए एक सबक है। आप भले ही सबसे घटिया हरकत कर सकते हैं, लेकिन हम पीछे नहीं हटेंगे। हम एक सरकार एवं एक पार्टी के रूप में आपकी विफ़लताओं को सामने लाना और उन्हें उजागर करना जारी रखेंगे। हम अपने संवैधानिक आदर्शों को कायम रखेंगे और अपनी संस्थाओं में विश्वास बनाए रखेंगे,जिन्हें आप पूरी तरह से नष्ट करना चाहते हैं।

## आजसू पार्टी कार्यकर्ता निर्माण करती है : विलियम कुजूर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्रखंड अंतर्गत हिरही पंचायत के भदुआ पारा गांव में सेतरा उरांव की अध्यक्षता में आजसू पार्टी के द्वारा जन-पंचायत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोहरदगा जिला महासचिव विलियम कुजूर, जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी और जिला उपाध्यक्ष शमीम अंसारी सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिला महासचिव विलियम कुजूर ने कहा कि अगर आप अपने गांव का विकास करना चाहते हैं तो गांव के नवयुवक आगे आएं और आजसू पार्टी के साथ जुड़कर विकास के कार्यों में हाथ बटाएं। आजसू पार्टी कार्यकर्ता निर्माण करने का काम करती है और ग्रामीणों को जगाना तथा गांव का विकास करना ही आजसू पार्टी का लक्ष्य है। विलियम कुजूर ने कहा कि आजसू पार्टी आंदोलन की उपज है और स्वर्गीय कमल किशोर भगत जैसा नेता का सपना ही गांव का विकास करना था । हम सभी आजसू पार्टी के कार्यकर्ता स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी के सपनों को पूरा करने के लिए निकले हैं और इस पवित्र कार्य में आपका हमें सहयोग चाहिए । जिला प्रवक्ता रामचंद्र गिरि ने कहा कि कमल किशोर भगत अपने आप में विकास के प्रतिमूर्ति थे। सोते जागते केवल विकास के सपने देखा करते थे और हम सबों का यह कर्तव्य बनता है कि उनके सपनों को पूरा करने के लिए जी जान से जुट जाएं। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष शाहिद अंसारी ने कहा कि कमल किशोर भगत हम लोगों के प्रेरणास्रोत रहे हैं और हमेशा रहेंगे। उन्हीं की प्रेरणा को लेकर हम सुंदर समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभा रहे हैं और इस कार्य के लिए आपसे सहयोग मांगने आए हैं। शाहिद अंसारी ने कहा कि आज झारखंड की राजद,कांग्रेस समर्थित सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है जिसे झारखंड के हित में खात्मा करना आवश्यक है। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शमीम अंसारी ने कहा कि 2024 का विधानसभा चुनाव हम सबों के लिए एक बड़ा चुनौती है और आप सभी के सहयोग से चुनौती को पूर्ण करने में हम निश्चित सफल रहेंगे और लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में आजसू का विजय झंडा लहराएगा।

## संरक्षित फूलों की खेती ने बदली जयवंती की तकदीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जयवंती कुमारी लोहरदगा जिला के कुडू प्रखण्ड स्थित हेंजला ग्राम निवासी हैं। इन्होंने उद्यान विभाग, लोहरदगा से वर्ष 2021 में संरक्षित फूलों की खेती अंतर्गत 40 डिसमिल जमीन पर जरबेरा फूलों की खेती के लिए यह योजना ली। फूल बेचकर अब तक लगभग एक लाख रूपये की आय जयवंती को हो चुकी है। एक वर्ष में यह मुनाफा एक से डेढ़ा लाख रूपये प्रतिवर्ष होने की उम्मीद है। शुरूआत में उद्यान विभाग की ओर से जरबेरा के पांच हजार पौधे जयवंती को दिये गये और सभी फूलों को इन्होंने अपनी 40 डिसमिल पर लगाया। तकनीकी सहयोग कृषि विज्ञान केंद्र, किस्को से मिला। शुरूआत में कुछ पौधे मरे लेकिन अब जो बचे उनमें स्वस्थ फूल लगे हुए हैं। एक पौधे से प्रत्येक चार माह में फूल की तोड़ाई की जा रही है। कृषि विभाग से सूक्ष्म टपक सिंचाई का भी इन्हें मिला हुआ है जिससे काफी कम पानी की खपत खेती में होती है। जुलाई-अगस्त का समय पौधरोपण के लिए अनुकूल जरबेरा फूलों की खेती के लिए उसके पौधों का रोपण जुलाई-अगस्त माह में किया जाना चाहिए। इस समय पौधे तेजी से बढ़ते हैं और कुछ माह में उनमें फूल आने लगते हैं। जिला उद्यान कार्यालय से पौधे निःशुल्क दिये जाते हैं। इस बार भी पौधों में फूल लगे हुए हैं। उम्मीद है कि फूलों की बिक्री से अच्छी आमदनी होगी। जयवंती ने बताया कि गेंदा फूल की खेती के लिए वे प्रयासरत हैं। उनकी इच्छा है कि जरबेरा की तरह ही गेंदा का फूल लगाया जाय और आमदनी प्राप्त की जाय।

## कांग्रेसियों ने राहुल गांधी को न्याय मिलने पर की आतिशबाजी बांटे मिठाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में जिला अध्यक्ष सुखेर भगत की अध्यक्षता में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा श्री राहुल गांधी को न्याय मिलने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा आतिशबाजी कर एवं मिठाई बांटकर खुशी जाहिर किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष सुखेर भगत ने कहा की यह लोकतंत्र की जीत है सत्य कभी पराजित नहीं होता है इससे यही साबित होता है कि श्री राहुल गांधी जी को झूठा मुकदमा में फंसा कर गलत तरीके से सजा दिलवाई गई थी और उनकी सदस्यता रद्द करवाई गई थी क्योंकि राहुल जी सदन में केंद्र की मोदी सरकार की भ्रष्टाचारी नीति को लगातार उजागर कर रहे थे और नरेंद्र मोदी और आडानी के व्यावसायिक संबंध को उजागर कर रहे थे। इससे केंद्र सरकार विचलित हो गई थी। आज माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बरी किए जाने पर यह राहुल गांधी की नहीं पूरे देश की जीत है।


## कार्यालयः जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा।

### आवेदन आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सिमडेगा जिला में वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्यादेश सं0– 12 रा0(वि0), दिनांक–06.07.2023 के आलोक में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अंतर्गत निम्नलिखित योजनाओं का लक्ष्य प्राप्त है एवं जिसके आलोक में सिमडेगा जिला के मत्स्य बीज उत्पादकों / मत्स्य उत्पादकों / केज में मत्स्य पालन / आर0एफ0एफ0 में मत्स्य पालन करने वाले योग्य आवेदकों से आवेदन आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | इकाई | लघु शीर्ष | भौतिक लक्ष्य | इकाई अनुमान्य अनुदान | लाभुक का अंशदान | चयन हेतु अर्हताएँ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केज हाउस का अधिष्ठापन तकनीकी स्वीकृति प्राप्त योजना प्राक्कलन के अनुरूप | सं0 | 796 | 3 | इकाई लागत का अधिकतम 90 प्रतिशत अनुदान | इकाई लागत का का 10 प्रतिशत | पूर्व में निर्मित केजों के ऐसे लाभुक जिन्हें केज हाउस का लाभ नहीं मिला है। वे इस का लाभ लेने हेतु सामुहिक रूप से/ समिति के माध्यम से आवेदन कर सकते है। |
| 2 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के मोटरचालित नाव 4 से 6 सीटर क्षमता वाले FRP Boat Size 14’-0” x 5’-4” x 2’-0” के साथ 9.9 HP OBM HIDEA Manual Rope Start 2 Stroke Petrol operated तथा Accessories-Oars (2 Nos) एवं PP Rope – 50Ft. | सं0 | 796 | 3 | इकाई लागत का रू0 अधिकतम 90 प्रतिशत अनुदान | 10 प्रतिशत (इकाई लागत का) | 1. जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समिति आवेदन कर सकते हैं।<br>2. लाभुक समिति द्वारा अपना अंशदान स्वयं वहन करना होगा। |
| 3 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/ सदस्यों के लिए चप्पू नाव | सं0 | 796 | 5 | अधिकतम 30000/– रू0 अनुदान | न्यूनतम 3000/– रू0 | 1. मत्स्यजीवी सहयोग समिति/ सदस्य आवेदन कर सकते है।<br>2. लाभुक द्वारा अपना अंशदान लगाने हेतु लिखित सहमति देना होगा। |
| 4 | गिल नेट | सं0 | 796 | 10 | अधिकतम 2871/– रू0 | 10 प्रतिशत (इकाई लागत का) | 1. जलाशयों में शिकारमाही करने वाले जलाशय स्तरीय म0जी0स0 समितियों/ सदस्यों/ विस्थापितों तथा कोविड–19 के प्रवासी मजदूरों के लिए मछली शिकारमाही हेतु यह योजना है।<br>2. लाभुक द्वारा अपना अंशदान लगाने हेतु लिखित सहमति देना होगा।<br>3. विगत दो वर्षों का मछली शिकारमाही का आंकड़ा लिखित रूप में आवेदन के साथ संलग्न करना होगा। |
| 5 | केज रिपेयरिंग | सं0 | 796 | 10 केज बैटरी | केज रिपेयरिंग में प्रयुक्त सामग्रियों/ मजदूरी का भुगतान केज अधिष्ठापन के वर्त्तमान प्राक्क्लन/ अधिसूचित दर के आधार पर वास्तविक अथवा अधिकतम मो0– 25000/– रू0 प्रति केज बैटरी जो भी कम हो। | अधिकतम 10000/– प्रति केज बैटरी | 1. केज रिपेयरिंग हेतु वैसे केज लाभुकों/धारक समितियों द्वारा आवेदन किया जाएगा जिन्हें मत्स्य विभाग द्वारा योजना में केज प्राप्त हुआ है।<br>2. जिन केजों की स्थिति अत्यंत दयनीय है एवं मत्स्य पालने की स्थिति में केज नहीं है वैसे लाभुक ही आवेदन करें। |
| 6 | पुराने रिवराईन फिष फार्मिंग/ ओपेन एरिया फार्मिंग में इनपुटस (मत्स्य बीज एवं आहार) | सं0 | 796 | 14 | पुराने आर0एफ0एफ0 में इनपुटस हेतु प्रति यूनिट अधिकतम 25000/– रू0 अथवा वास्तविक व्यय, जो भी कम हो। | – | आर0एफ0एफ0 लाभुक समिति/ स्वयं सहायता समूह इनपुट (मत्स्य बीज एवं आहार) प्राप्त करने हेतु आवेदन दे सकते हैं |
| 7 | नया आर0एफ0एफ0 अधिष्ठापन | सं0 | 796 | 5 | – | – | इच्छुक म0जी0स0स0/ स्वयं सहायता समूह नया आर0एफ0एफ0 लगाने हेतु स्थल की विवरणी के साथ आवेदन कर सकते हैं। |
| 8 | जलाशयों में छाड़न में मत्स्य स्पॉन का संचयन | सं0 करोड़ में | 796<br>789 | 14<br>2 | – | – | इच्छुक म0जी0स0स0/ स्वयं सहायता समूह/ लाभुक समिति छाड़न हेतु स्थल की विवरणी के साथ आवेदन कर सकते हैं। |
| 9 | नदियों में छाड़न में मत्स्य स्पॉन का संचयन | सं0 करोड़ में | 796 | 1.00 | – | – | इच्छुक म0जी0स0स0/ स्वयं सहायता समूह/ लाभुक समिति स्थल की विवरणी के साथ आवेदन कर सकते हैं। |
| 10 | वर्ष 2018–19 के पूर्व निर्मित केज के लिए ग्रो–आउट नेट | सं0 | 796 | 6 | ग्रो–आउट नेट हेतु निर्धारित न्यूनतम दर का 75 प्रतिशत अनुदान | 25 प्रतिशत (इकाई लागत का) | 1. वैसे लाभुक जिनके पास वर्ष 2018–19 के पूर्व निर्मित केज हों तथा केजों में वर्त्तमान में मछली पालन किया जा रहा है।<br>2. साथ ही लाभुक द्वारा अपना अंशदान लगाने की लिखित सहमति एवं विगत वर्षों का केज में मछली उत्पादन का आँकड़ा लिखित रूप में आवेदन के साथ संलग्न किया गया हो।<br>3. केज मत्स्य पालकों द्वारा उपरोक्त निर्धारित मूल्य के नये ग्रो–आउट नेट के क्रय का अभिश्रव प्रस्तुत करने पर अनुदान की राशि उनके बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी। |
| 11 | जलाशयों में मत्स्य अंगुलिकाओं का संचयन (IMC एवं ग्रास कार्प) | सं0 लाख में | 796 | 18 | – | – | इच्छुक म0जी0स0स0/ स्वयं सहायता समूह/ लाभुक समिति जलाशय की विवरणी के साथ आवेदन कर सकते हैं। |

नोटः– क्रमांक संख्या– 01, 02, 05, 06 एवं 07 में अंकित Components हेतु चयनित लाभुकों का Escrow Account जिला मत्स्य पदाधिकारी के द्वारा खोला जाएगा जिसमें अनुदान की राशि डी0बी0टी0 के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी तथा लाभुकों के द्वारा अपना अंशदान Escrow Account में एक माह के अंदर जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही लाभुकों को योजना का लाभ प्राप्त करने की अहर्ता प्राप्त होगी। एतद् द्वारा उक्त तालिका में दिए गए विवरणों के आलोक में सिमडेगा जिला के ऐसे मत्स्य पालकों से जो आवेदन करने की अहर्ता रखते हैं एंव आवेदित कार्यक्रम के क्रियान्वयन में अंशदान लगाने में सक्षम है, उनसे आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :– 14.08.2023
आवेदन जमा करने का स्थान :– जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा।
आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा में निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।
संबंधित जानकारी एवं आवेदन प्रपत्र जिला के वेबसाईट www.simdega.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 304021 (Fish) 23-24 (D)


## मकान पर गिरा पेड़, महिला घायल, सहायता की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** बुटी ग्राम में गरीब के किसान का घर पर आम का पेड़ गिरने से मकान हुआ क्षतिग्रस्त महिला को आई हल्की चोटे घरेलू सामान हुआ नष्ट अंचल व प्रखंड से लगाया निदान की गुहार। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत ग्राम निवासी मनुक राज यादव की पत्नी मानती देवी के कच्चा मकान पर तेज हवा व बारिश के कारण आम पेड़ टूट कर गिर गया जिससे मकान क्षतिग्रस्त हो गया। वही मकान छतिग्रस्त होने से परिवार के बीच रहने की समस्या बना हुआ है। घटना में महिला मानती देवी को अंदरूनी चोटें आई है। बताया जाता है कि मनुक राज यादव के घर में आम पेड़ गिरने से परिवार के बीच रहने की समस्या उतपन्न हो गई है। घटना को लेकर पीड़ित परिवार द्वारा अंचलाधिकारी विजय कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा को अवगत कराते हुए परिवार के बीच बनी समस्या को निदान का गुहार लगाया गया है? इस संदर्भ में अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि मकान पर पेड़ गिरने की सूचना प्राप्त हुआ है। जिसका जांच किया जा रहा है और जांचोपरांत पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता प्रदान किया जाएगा।

## कांग्रेस आदिवासी समाज को कभी भी नेतृत्व करने का मौका नहीं देती है : मनीर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष मनीर उरांव झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस के विधायक इरफान अंसारी के द्वारा बाबूलाल मरांडी को एक आदिवासी इतना तेज कैसे हो गया। कहने पर कहा कि यह कांग्रेस की विचारधारा है आज तक जो कांग्रेस पार्टी के अंतमन में आदिवासी, जनजातियों के लिए था वह अब जुबान पर आ रहे हैं। यह बार बार कांग्रेस के नेताओं द्वारा हो रहा है हमें याद है देश की प्रथम आदिवासी समाज से बनी भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए भी झारखंड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कुछ ऐसे शब्द का इस्तेमाल किया था जिसका अर्थ जानने के बाद आमतौर पर एक अशिक्षित व्यक्ति भी नहीं करता। उसी क्रम में यह भी एक उदाहरण है जो कांग्रेस जनजाति समाज को लेकर कितनी बड़ी घटिया सोंच रखता है वह उभर कर सामने आई है। कांग्रस आदिवासी समाज को कभी एक जनप्रतिनिधि और नेतृत्वकर्ता के लायक नहीं समझते। कॉन्ग्रेस शुरू से परिवार से बाहर नहीं निकल सकी वह दूसरे के उत्थान के बारे में सोच ही नहीं सकती है। यहां तक कि गठबंधन में साथ दे रहे राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समझ रहे होंगे कि यह एक आदिवासी समाज के ऊपर बहुत बड़ा प्रहार आदिवासी के क्षमता पर किया गया है आदिवासी समाज के साथ साथ झारखंड को भी शर्मसार किया है। आजकल आधुनिक दौर में लोग झारखंड और झारखंड राज्य के बाहर भी सदन कार्यवाही को देखते हैं। सभी जानते हैं कि बाबूलाल मरांडी आदिवासी समाज के बड़े नेता हैं जिन्होंने राजनीति में अपने साकारात्मक विचार को लेकर चुनौतियों से समझौते नहीं किए यहाँ तक कि जिसके कारण परिवार के सदस्यों को भी खो पड़ा। वैसे व्यक्तित्व का आज कॉन्ग्रेस बेवकूफ नासमझ समझती है और विधानसभा सदन के इतने बड़े मंच से कांग्रेस के विधायक बोल देते हैं रोकने वाला कोई कांग्रेस जेएमएम वाले आगे नहीं आए यहां तक अपने आप को आदिवासी का हितैषी बताने वाले राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित मौन रह जाते हैं यह बताता है कि वर्तमान गठबंधन की सरकार आदिवासी समाज को केवल बंधुआ मजदूर समझती है इसे नेतृत्व करने लायक भी नहीं।

## विधायक भूषण बाड़ा ने जिले में पर्याप्त मात्रा में वरीय अधिकारियों का पदस्थापना कराने की रखी मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा ने जिले में चिकित्सकों व वरीय अधिकारियों की कमी को दूर करने की मांग मानसून सत्र के माध्यम से सरकार से की है। विधायक ने सरकार को बताया कि सिमडेगा जिला अधिकारी विहीन होने के कगार पर है। जिले में डीआरडीए निदेशक, आइटीडीए निदेश, जेल अधीक्षक, सदर अस्पताल उपाधीक्षक, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, जिला मलेरिया पदाधिकारी समेत कई वरीय पदाधिकारी का पद प्रभार के भरोसे चल रहा है। इसके अलावे जिले के कई वरीय पदाधिकारियों को अन्य जिले का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। अधिकारियों की कमी के कारण इसका सीधा असर योजनाओं के कार्यान्वयन एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। विधायक ने जल्द से जल्द जिले में पर्याप्त मात्रा में अधिकारियों का पदस्थापना कराने की मांग की है।

**विधायक के सवाल को सरकार के संयुक्त सचिव ने लिया संज्ञान :** इधर विधायक के सवाल पर सरकार के संयुक्त सचिव अखलेश कुमार सिन्हा ने गंभीरता से लिया है। साथ ही उन्होंने सम्बंधित विभाग से सचिव को पत्र के माध्यम से जिले में रिक्त एवं अतिरिक्त प्रभार से आच्छादित जिला स्तरीय पदों पर पदाधिकारियों का यथाशीघ्र पदस्थापित करने की दिशा में समुचित कारवाई करने का अनुरोध किया है।

## सुप्रीम कोर्ट का निर्णय, सत्य एवं न्याय की जीत है : आलोक साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने सुप्रीम कोर्ट के उस निर्णय का स्वागत किया है जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरनेम केस में राहुल गांधी के 2 वर्ष की सजा पर रोक लगा दी है। श्री साहू ने कहा कि यह सच्चाई एवं न्याय की जीत है। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से पूरे देश के कांग्रेसजन उत्साहित है ।श्री साहू ने कहा कि एक षडयंत्र के तहत राहुल गांधी को 2 वर्ष की अधिकतम सजा दी गई थी अब राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल कर दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि 2 वर्ष की सजा देना न्यायोचित नहीं था। इस निर्णय से एक संसदीय क्षेत्र की जनता प्रभावित हुआ है। इस निर्णय से अब इंडिया गठबंधन को फायदा होगा।

## सर्पदंश से 8 वीं वर्ग की छात्रा की मौत, संदेश एक्का की पहल पर शव का हुआ पोस्टमार्टम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** बांसडौर ओपी क्षेत्र के रामजड़ी गांव निवासी गंगा प्रधान की पुत्री शिल्पी कुमारी की सर्पदंश से मौत हो गई। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेजा भारी बारिश की वजह से परिजन काफी परेशान थे मामले की जानकारी मिलने के बाद झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का सदर अस्पताल पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे एवं मृतिका के परिजनों का ढाढस बढ़ाते हुए हर संभव मदद देने की बात कही। जिसके बाद उन्होंने सदर अस्पताल प्रबंधन से बात करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवा कर उन्हें भेजा साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी आपके साथ हैं आपके सभी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगी उन्होंने लोगों से भी अपील करते हुए कहा है सर्पदंश मामले में लगातार मौत हो रही है जिसे ध्यान में रखते हुए सभी लोग जमीन पर ना सोएं। कभी भी ऐसी शिकायत आती है तो तत्काल नजदीकी अस्पताल जाएं वहां पर एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध है ताकि मरीज की मौत ना हो उन्होंने मृतिका के पिता गंगा प्रधान से सरकार द्वारा मिलने वाली चार लाख की मौजा समय पर दिलाने की बात कही।

## चलते चलते एक नजर

### फायरिंग के खिलाफ राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**मुरादाबाद :** अन्तर-राष्ट्रीय हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल ने हिंदू समाज के धार्मिक आयोजनों पर पथराव की घटनाओं पर रोष जताया और इसके विरोध में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने कहा देश भर में हिन्दू समाज की धार्मिक यात्राओं आदि पर आए दिन पथराव, फायरिंग आदि की घटनाओं से हिन्दू समाज दहशत में है। दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के अभाव में अब हिन्दू समाज खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद से हिन्दू विरोधी ताकतों के पंख लग गए हैं। हरियाणा के मेवात की घटना इसका उदाहरण हैं। राष्ट्रीय बजरंग दल के महानगर महामंत्री रोहित भटनागर ने अपनी मांगों के साथ ज्ञापन महामहीम राष्ट्रपति को भेजा हैं। जिसमें हरियाणा की घटना के दोषियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही की मांग की गई।ज्ञापन देने वालों में महानगर मंत्री जय किशन, रोहित भटनागर, अमित अग्रवाल, गौरव सैनी, दीप खुराना, अनुज आर्य, अमन सैनी, संदीप, राहुल, नानू अग्रवाल, संजीव गुप्ता, ललिता प्रसाद, सेवाराम, अमर सिंह आदि मौजूद रहे।

### रांची सहित अन्य सात दूरदर्शन और आकाशवाणी केंद्रों के उन्नयन की योजना




**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने अतारांकित प्रश्न के माध्यम से शुक्रवार को राज्यसभा में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से आकाशवाणी और दूरदर्शन के पुनरुद्धार एवं उन्नयन से सम्बंधित जानकारी मांगी। प्रकाश ने जानना चाहा कि केंद्र सरकार आकाशवाणी और दूरदर्शन के पुनरुद्धार एवं उन्नयन के लिए क्या कदम उठा रही है। इसके जवाब में सूचना और प्रसारण और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि सरकार ने प्रसार भारती (आकाशवाणी और दूरदर्शन) के प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क विकास (बीआईएनडी) के उन्नयन के लिए प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क विकास नामक केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम को वर्ष 2021-26 की अवधि के लिए 2539.61 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ जारी रखने की मंजूरी दी है। ठाकुर ने कहा कि प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क विकास स्कीम के तहत परिव्यय का अनुमान ऐसे विभिन्न कार्यकलापों के लिए किया गया है जो निधियों की उपलब्धता और परस्पर प्राथमिकता के आधार पर किए जाते हैं। बीआईएनडी स्कीम के तहत, झारखंड राज्य में डीडीके (दूरदर्शन) रांची और चाईबासा, डाल्टनगंज, हजारीबाग, रांची, गिरिडीह, पाकुड़, सिमडेगा और कोडरमा में आकाशवाणी स्टेशनों के उन्नयन की परिकल्पना की गई है। यह जानकारी भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता शिवपूजन पाठक ने दी।

# केदारनाथ यात्रा रोकी गई, गौरीकुंड लैंडस्लाइड में 19 लोग लापता

एजेंसी

**देहरादून :** उत्तराखंड के गौरीकुंड में भारी भूस्खलन से 19 लोगों के लापता होने की सूचना है. साथ ही केदारनाथ यात्रा को भी रोका गया है. गुरुवार देर रात 12 बजे के आस-पास केदारनाथ के मुख्य पड़ाव गौरीकुंड डाट पुलिया के पास हुई लैंडस्लाइड के कारण 3 से 4 दुकानें के ऊपर पहाड़ी से आए मलवे के कारण अबतक 19 लोग लापता बताए जा रहे हैं. जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक मौके पर हालत का जायजा लेने पहुंच चुके हैं. वहीं, आपदा प्रबंधन ने नया अपडेट देते हुए बताया है कि लोगों द्वारा जो



जानकारी दी जा रही है, उसमें लापता लोगों की संख्या 13 से बढकर 19 हो गई है. जो दुकानें होटल ध्वस्त हुए हैं. उनका मलवा सीधें नदी में गिरा हुआ दिखाई दे रहा हैं. इससे अनुमान लगाया जा सकता हैं कि ज्यादा लोग या तो दबे हुए हैं या फिर नदी में बह गए हैं.

प्रशासन ने अभी तक यह जानकारी नहीं दी है कि कितने लोगों को रेस्क्यू किया गया है. वहीं, जिलाधिकारी ने रेस्क्यू कर रही टीम को सतर्कता बरतते हुए रेस्क्यू करने को कहा है. जिस स्थान पर ये हादसा हुआ है, वह स्थान केदारनाथ यात्रा का मार्ग भी हैं और केदारनाथ जाने और आने वाले यात्रियों को सुरक्षित निकाला जा रहा है. पहाड़ी से आए मलवे को सड़क से हटाया जा रहा है.

## भारतीय भाषाओं के प्रोत्साहन से सशक्त होगा राष्ट्र : अमित शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली:** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारतीय भाषाओं के प्रोत्साहन से देश सशक्त होगा। मोदी सरकार भारतीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार और बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है।

शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में संसदीय राजभाषा समिति की 38वीं बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव के वर्ष में देश के सामने पांच प्रण रखे हैं। जिनमें से दो प्रण हैं- विरासत का सम्मान और गुलामी के चिन्हों को मिटाना है। इन दोनों प्रण के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन के लिए सभी भारतीय भाषाओं और राजभाषा को अपनी शक्ति दिखानी होगी।

उन्होंने कहा कि विरासत का सम्मान भाषा के सम्मान के बिना अधूरा है और राजभाषा की स्वीकृति तभी आएगी जब हम स्थानीय भाषाओं को सम्मान देंगे। हिन्दी की स्पर्धा स्थानीय भाषाओं से नहीं है, सभी भारतीय भाषाओं को प्रोत्साहन देने से ही राष्ट्र सशक्त होगा। बिना किसी प्रकार के विरोध के राजभाषा की स्वीकृति बनाने की आवश्यकता है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इनीशिएटिव लेकर इंजीनियरिंग और मेडिकल के पाठ्यक्रमों को 10 भाषाओं में शुरू कर दिया है और जल्द ही ये सभी भारतीय भाषाओं में उपलब्ध होंगे और वह क्षण स्थानीय भाषाओं और राजभाषा के उदय की शुरुआत का क्षण होगा।

## विपक्षी पार्टियों के द्वारा गठबंधन का नाम इंडिया रखने के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट में अर्जी




एजेंसी

**नई दिल्ली :** विपक्षी गठबंधन के नाम इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) शुरुआत से विवादों में रहा है. अब विपक्षी पार्टियों के द्वारा गठबंधन का नाम इंडिया रखने के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट में अर्जी दाखिल हो गई है. दिल्ली हाई कोर्ट इस याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है. याचिका में विपक्ष के गठबंधन का नाम इंडिया रखने पर रोक लगाने की मांग की गई है.

दिल्ली हाई कोर्ट ने के केंद्र सरकार, केंद्रीय चुनाव आयोग समेत सभी विपक्ष की पार्टियों को इस मुद्दे पर नोटिस जारी किया है. दिल्ली हाई कोर्ट ये तय करेगा कि विपक्षी पार्टियों के द्वारा गठबंधन का नाम इंडिया रखना नियमों के खिलाफ तो नहीं? एक्टिविस्ट गिरीश भारद्वाज ने वकील वैभव सिंह के जरिए ये याचिका दाखिल की है.दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल याचिका में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के बयानों का जिक्र किया गया है.

याचिका में कहा गया है कि विपक्ष ने अपने गठबंधन का नाम हमारे राष्ट्र का नाम के रूप में रखा है और यह दिखाने की कोशिश की है कि एनडीए भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी हमारे अपने देश के सम्प्रभुता के खिलाफ हैं.हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने भी विपक्षी गठबंधन के नाम पर तंज कसा था. उन्होंने कहा था कि यूपीए बदनाम हो गया था, इसलिए इन्होंने अपने नाम बदलकर इंडिया रख लिया है.

## मणिपुर मुद्दे पर चर्चा से भाग रही है मोदी सरकार : जयराम रमेश

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि सत्ता पक्ष संसद में मणिपुर मुद्दे पर चर्चा से भाग रही है जबकि विपक्ष मामले पर हर हाल में चर्चा चाहता है। इसके लिए साझा प्रयास जारी है।रमेश ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि कल विपक्षी दलों के संगठन (इंडिया) ने सरकार के साथ बैठकर मणिपुर मुद्दे पर चर्चा के लिए बातचीत की और नियम 167 के तहत चर्चा को लेकर सहमति भी बनी। विपक्षी सांसदों का कहना था कि राज्यसभा में मणिपुर मुद्दे पर तुरंत चर्चा शुरू कराई जाए। इसके बावजूद सत्ता पक्ष के रवैये को देखकर लगता है कि वह इस मुद्दे पर



संवाद करना ही नहीं चाहता है।रमेश ने कहा कि एक ओर तो मोदी सरकार नियम 167 के तहत चर्चा को लेकर सहमति दिखाती है और दूसरी और चर्चा तुरंत शुरू कराने की बजाय 11 अगस्त को चर्चा का समय तय करवाना चाहती। रमेश ने कहा कि विपक्ष का मत है कि मामले पर गतिरोध खत्म कर चर्चा हो लेकिन सत्ता पक्ष के इरादे कुछ और ही हैं। उन्होंने कहा कि कल की बातचीत के बाद वास्तव में चर्चा आज होनी चाहिए थी, जिसके लिए इंडिया पक्ष तैयार है। यदि आज नहीं तो जल्द से जल्द सोमवार या मंगलवार को चर्चा होनी ही चाहिए।

# विधानसभा में सरयू और बादल के बीच नोक-झोंक, स्पीकर ने किया बीच-बचाव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को विधायक सरयू राय ने सदन में सरकार के जवाब से असहमति प्रकट की और गैर सरकारी संकल्प के दौरान प्रस्ताव को वापस लेने से इंकार कर दिया। विधायक सरयू राय अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पथ निर्माण विभाग संवेदक द्वारा अन्ना चौक-छोटा गोविंदपुर-पीपला ऊपरी पथ निर्माण कार्य रोके जाने के मामले को उठाया। उन्होंने कहा कि इसका निर्माण जनहित में शीघ्र शुरू किया जाना चाहिए। सरकार बताए कि इसे कब शुरू किया जाएगा और कब पूरा किया जाएगा। इसके जवाब में प्रभारी मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि वन विभाग का एनओसी लेने का प्रयास हो रहा है। एनओसी नहीं मिलने के कारण राज्य की कई



परियोजनाएं लंबित रहती हैं। फॉरेस्ट डिपार्टमेंट का एनओसी मिलने पर काम शुरू किया जाएगा। मंत्री के जवाब से विधायक सरयू राय संतुष्ट नहीं हुए और कहा कि जब वन विभाग का एनओसी प्राप्त नहीं था तो 2019 में इसका काम कैसे शुरू हुआ और फिर इकरारनामा को रद्द क्यों किया गया। इस मामले पर मंत्री और विधायक के बीच काफी देर सवाल-जवाब होते रहे। बाद में स्पीकर की दखल के बाद संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम के जवाब के बाद उन्होंने यह प्रस्ताव वापस ले लिया। मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि 15 दिन के अंदर पूरे मामले को दिखाकर विधायक को अवगत कराया जाएगा और जल्द काम शुरू कराया जाएगा।

### सदन के बाहर लंबोदर और शिवपूजन का धरना

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के छठे और अंतिम दिन शुक्रवार को हुसैनाबाद के पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता विधानसभा के मुख्य द्वार पर अपने कई मांगों को लेकर धरने पर बैठे। कुशवाहा पलामू जिले में अनियमित बिजली आपूर्ति में सुधार करने की मांग कर रहे थे। साथ ही उन्होंने पलामू को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने और बटाने डैम के गेट को दुरुस्त करने की मांग भी उठायी। आजसू विधायक लंबोदर महतो विधानसभा के बाहर धरने पर बैठे। वे तख्ता लेकर कुर्मी और कुड़मी को अनुसूचित जनजाति (एसटी) की सूची में शामिल करने की मांग कर रहे थे।

### कुलगाम मुठभेड़ में तीन जवान घायल, सुरक्षाबलों के घेरे में फंसे दो से तीन आतंकी

**कुलगाम:** कुलगाम जिले के हलाण वन क्षेत्र में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच जारी मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के तीन जवान घायल हो गए है। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के घेरे में दो से तीन आतंकी फंसे हुए हैं, जिन्हें मार गिराने के लिए सुरक्षाबलों की मुठभेड़ जारी है। कुलगाम जिले के हलाण वन क्षेत्र के ऊंचे इलाकों में पुलिस को आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली। इसके बाद सेना, कुलगाम पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों को अपने पास आता देख उन पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। इस मुठभेड़ में तीन जवान घायल हो गए हैं, जिन्हें मुठभेड़ स्थल से निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया है।

## सदर विधायक का प्रयास लाया रंग कटकमदाग वासियों को मिली बड़ी राहत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र में विधायक मनीष जायसवाल गैर- सरकारी संकल्प प्रश्नकाल के दौरान एक मामले को सदन पटल पर लाया जो जनहित में बेहद जरूरी मामला था।मामला कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र से संबधित था।

यहां की जनता को डीएसपी से मिलने के लिए बड़कागांव जाने को मजबूर होना पड़ता था। पहले कटकमदाग के डीएसपी का प्रभार कटकमसांडी डीएसपी को था बाद में इसे बड़कागांव कर दिया गया। जिसके कारण कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र की जनता अपने केस से संबंधित कार्यो के लिए डीएसपी से मिलने के करीब 30 किमी की दूरी तय करके बड़कागांव जाना पड़ता था। लेकिन विधायक मनीष जायसवाल के द्वारा मामले पर संज्ञान लेते हुए सदन पटल पर लाए जाने के बाद सरकार ने इसे गंभीरता



से लिया और फ़िर तत्काल हजारीबाग पुलिस अधीक्षक द्वारा मुख्यालय डीएसपी को कटकमदाग थाना का अस्थाई रूप से अतिरिक्त प्रभार दिया गया। वे अब कटकमदाग थाना क्षेत्र के अनुसंधान, पर्यवेक्षण, निरीक्षण एवं प्रशासनिक नियंत्रण की जिम्मेवारी दी गई है जिससे अब कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र की जनता को बड़ी राहत हुई ।

मानसून सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को जब इस मुद्दे पर सदन में चर्चा हुई तो सरकार की ओर से मंत्री आलमगीर आलम ने जवाब में बताया की विधायक मनीष जायसवाल द्वारा सरकार के संज्ञान में आते हैं इस पर तत्काल कटकमदाग वासियों को राहत पहुंचाने का कार्य किया गया ।

## गांधी उद्यान व मैरीन ड्राइव देख कर अभिभूत हुए डीसी शशिरंजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन गुरुवार की रात्रि 9 बजे के लगभग मेदिनीनगर शहर में स्वक्षता और सुंदरीकरण का जायजा लेने के लिए निकले। इससे एक बात परिलक्षित होता है कि पलामू डीसी शशि रंजन प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की दिशा में कारगर कदम उठाने जा रहे हैं। इस तरह का इरादा उन्होंने निरीक्षण के क्रम में जाहिर भी किया। ऐसा उन्होंने निरीक्षण के उपरांत बताया। मालूम हो कि पलामू के उपायुक्त शशि रंजन को आए 5 दिन ही हुए हैं। उन्होंने गुरुवार को मेदिनीनगर बेलवाटिका में स्थित गांधी उद्यान पार्क और कोयल नदी पर बने मरीन ड्राइव का अवलोकन किया। इसकी सुंदरता का उन्होंने प्रशंसा भी किया। उन्होंने कहा कि शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाना सरकार व जिला प्रशासन का कर्तव्य है। वह इसी दिशा में सक्रिय है। मेदिनीनगर नगर निगम के प्रशासक और महापौर ने अपने ढंग से निगम को सार्थक और बेहतर बनाने का प्रयास किया है। उनका प्रयास होगा कि आने वाले दिनों में जिला प्रशासन सरकार की ओर से इसे बेहतर बनाने की दिशा में अपना भरपूर सहयोग प्रदान करेंगे। बता दें कि नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर के प्रयास से निगम क्षेत्र का कायाकल्प हो गया है। शहर को सुंदर बनाने की दिशा में उन्होंने कई काम किए हैं। शहर का हर चौक चौराहा आज जगमग है। कोयल नदी के किनारे बनाए गए मैरिन ड्राइव चार चांद लगा रहा है। गांधी मैदान के खुबसूरती की चर्चा पलामू से लेकर रांची तक हो रहा है। शहर के बच्चे, महिला और वृद्धों के लिए पार्क की व्यवस्था कर दिया गया है। पांच साल पहले का मेदिनीनगर और आज के मेदिनीनगर में काफी अंतर है। नगर निगम के प्रथम मेयर अरुणा शंकर के प्रयास से शहर पूरी तरह से बदल गया है।

# सीएम से सीपीआई(एम) नेता स्व. सुभाष मुंडा के परिजनों ने की मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड विधान सभा में सीपीआई(एम) नेता स्व0 सुभाष मुंडा के परिजनों ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री ने स्व0 सुभाष मुंडा के माता-पिता एवं पूरे परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। स्व0 सुभाष मुंडा के परिजनों ने मुख्यमंत्री से मिलकर कहा कि स्व0 सुभाष मुंडा मेरे परिवार का भरण-पोषण करने वाला महत्वपूर्ण सदस्य था, उनकी हत्या होने से पूरा परिवार दुःखी एवं बहुत ज्यादा चिंतित है। परिवार के ऊपर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मुख्यमंत्री के समक्ष परिजनों ने कहा कि स्व0 सुभाष मुंडा एक सामाजिक व्यक्ति थे। वे सदैव दूसरों की मदद के लिए तत्पर रहते थे। मौके पर स्व0 सुभाष मुंडा के पिता श्री ललित मुंडा एवं माता श्रीमती छोटन देवी ने मुख्यमंत्री से उनके परिवार के प्रति राज्य सरकार की ओर से मदद किए जाने का अनुरोध भी किया।

**स्व0 सुभाष मुंडा के परिजनों को हर हाल में मिलेगा न्याय**

भेंट-वार्ता के क्रम में मुख्यमंत्री श्री हेमन्त



सोरेन ने स्व0 सुभाष मुंडा के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस हत्याकांड को अति गंभीरता से लिया है। पुलिस-प्रशासन द्वारा तत्परता दिखाते हुए स्व0 सुभाष मुंडा की हत्या में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। मुख्यमंत्री ने स्व0 सुभाष मुंडा के माता-पिता को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार आपके परिवार को हर हाल में न्याय देगी।

**हत्याकांड में शामिल अपराधी बक्शे नहीं जाएंगे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार पुलिस स्व0 सुभाष मुंडा की हत्या से संबंधित प्रत्येक बिंदु पर अनुसंधान कर रही है। किसी भी हाल में इस हत्याकांड में संलिप्त अपराधियों को बक्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने स्वयं इस हत्याकांड को गंभीरता से लिया है। पुलिस द्वारा किए जा रहे अनुसंधान को लेकर मैं लगातार पदाधिकारियों के संपर्क में रहा हूं। मुख्यमंत्री ने परिजनों से कहा कि राज्य सरकार स्व0 सुभाष मुंडा के परिवार के साथ सदैव खड़ी रहेगी। परिजनों को राज्य सरकार द्वारा हर संभव मदद दी जाएगी।

**दलादली चौक में जल्द बनेगा पुलिस आउटपोस्ट**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्व0 सुभाष मुंडा के परिजनों से कहा कि जल्द ही दलादली चौक के समीप पुलिस आउटपोस्ट (ओपी) बनाई जाएगी। साथ ही विद्युत प्रकाश की व्यवस्था भी की जाएगी। हाल के दिनों में रिंग रोड स्थित चौराहों पर कुछ असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होता दिख रहा है, राज्य सरकार की ओर से पुलिस-प्रशासन को इन असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके ऊपर कानूनी-कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया है। मुख्यमंत्री ने स्व0 सुभाष मुंडा के परिजनों से कहा कि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो इस निमित्त राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ अपराध नियंत्रण पर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री से भेंट-वार्ता के क्रम में स्व0 सुभाष मुंडा के परिजनों में श्री सुरेश मंडा, श्री अमित मुंडा, श्री बिशु मुंडा सहित जेएमएम नेता श्री मुश्ताक आलम एवं अन्य उपस्थित थे।